kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-12 ❒ शनिवार, 08 फरवरी 2025 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



मारी ज्ञान परंपरा में एकांगी शिक्षा नहीं दी जाती थी, परंतु आज संपूर्ण विश्व एकांगी शिक्षा व्यवस्था से ग्रसित है। मोटी फ़ीस देना ही मानो आज की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य रह गया है। हमें ऐसी कुरीतियों से दूर हटते हुए समाज में एक बार फिर भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को जागृत करना होगा।

कृष्ण गोपाल

मप्र के महू में बाइक को टक्कर मारकर टैंकर से भिड़ी श्रद्धालुओं की ट्रैवलर, छह की मौत व 16 घायल 11

हिन्दू घटा तो देश की पहचान के लिए भी संकट : डॉ. सुरेन्द्र जैन 12

गरीब महिलाए युवा व किसानों को केन्द्र में रखकर सरकार ने देश में पोषण से लेकर व्यक्तिगत आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रभावी कदम उठाये

# आम बजट : विपक्ष ने खोखला सत्ता पक्ष ने सबसे उत्कृष्ट बताया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । विपक्ष ने आम बजट 2025.26 को कृषि शिक्षा रोज़गार एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से खोखला बजट करार दिया और संघीय भावना के विपरीत बताते हुए कहा कि इससे में राज्यों की चिंताओं का ख्याल नहीं रखा गया है जबकि सत्ता पक्ष ने आम बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट बताते हुए कहा कि गरीब महिलाए युवा और किसानों को केन्द्र में रख कर सरकार ने देश में पोषण से लेकर व्यक्तिगत आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रभावी कदम उठाये हैं।

लोकसभा में प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आम बजट पर चर्चा शुरू करने के लिए कांग्रेस के डॉण धर्मवीर गांधी का नाम पुकारा। इस पर कांग्रेस के केण वेणुगोपाल ने आपत्ति जतायी कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सदन में नहीं है। इसलिए चर्चा शुरू नहीं हो सकती है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने कहा कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद हैं और ऐसा कोई नियम नहीं है कि वित्त मंत्री के मौजूद नहीं होने पर चर्चा नहीं हो सकती। इस मुद्दे पर विवाद के बीच में अध्यक्ष ओम बिरला भी सदन में पहुंच गये। इसबीच वित्त मंत्री सदन में पहुंच गयीं और चर्चा शुरू हो गयी।

डॉ. गांधी ने कहा कि भारत कोई एक राष्ट्र नहीं है जिसमें राज्यों को बांटा गया था बल्कि यह राज्यों ने अपने अधिकारों को त्याग कर एक राष्ट्र के रूप में स्वीकार किया था। यह बजट भी एकदिशिक है और संघीय व्यवस्था के खिलाफ है क्योंकि इसमें राज्यों की चिंताओं को कोई जगह नहीं दी गयी है और यह कमरों में बैठ कर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सकल घरेलू उत्पाद जीडीपी राज्यों में बढ़ता है लेकिन बजट में राज्यों का ध्यान नहीं रखा जाता है। उन्होंने बजटीय प्रावधानों का उल्लेख ● शेष पेज 11 पर




**आम बजट**

- ❒ रिजीजू ने कहा कि वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मौजूद हैं और ऐसा कोई नियम नहीं है कि वित्त मंत्री के मौजूद नहीं होने पर चर्चा नहीं हो सकती।
- ❒ लोकसभा में प्रश्नकाल समाप्त होने के बाद पीठासीन अधिकारी दिलीप सैकिया ने आम बजट पर चर्चा शुरू करने के लिए कांग्रेस के डॉ. धर्मवीर गांधी का नाम पुकारा।
- ❒ बजट का इशारा शक्तिशाली भारत कल्याणकारी भारत जहां सबका विकास हो और विकास में सबकी भागीदारी हो।

### राज्यसभा में कुल 77 निजी विधेयक पेश, संसद की कार्यवाही साल में 120 दिन चलाने वाला बिल भी पेश

नई दिल्ली। राज्यसभा में आज कुल 77 निजी विधेयक पेश किए गए। इनमें एक निजी बिल ऐसा भी है, जिसमें जिसमें संसद की कार्यवाही साल में 120 दिन करने की मांग रखी गई है। सदन में गैर सरकारी सदस्यों के विधायी कार्यों के दौरान राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा और आल इंडिया तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ' ब्रायन ने इसे लेकर अलग-अलग निजी विधेयक पेश किए। मनोज झा ने संसद की कार्यवाही साल में 120 दिन चलाए जाने की मांग वाला निजी विधेयक पेश किया। हालांकि, डेरेक ओ' ब्रायन ने जो निजी विधेयक पेश किया, उसमें उन्होंने साल में 100 दिन संसद की कार्यवाही चलाने प्रस्ताव रखा। राजद के मनोज झा ने संसद (उत्पादकता वृद्धि) विधेयक 2024 पेश किया। उन्होंने कहा कि संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही एक साल में 120 दिन चलाई जानी चाहिए। उस दौरान होने ● शेष पेज 11 पर

# नीतिगत दरों में पांच वर्ष बाद कमी ऋण के सस्ते होने की उम्मीद

एजेंसी

मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक ने चुनौतिपूर्ण वैश्विक आर्थिक परिदृश्य के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के मजबूत और लचीली बने रहने और आगे महंगाई में नरमी आने की उम्मीद जताते हुये करीब पांच वर्ष बाद नीतिगत दरों में 0.25 प्रतिशत की कटौती तथा मौद्रिक रूख को तटस्थ रखने का निर्णय लिया जिससे आवास ऋणए वाहन ऋण और व्यक्तिगत ऋणों के सस्ते होने की उम्मीद बनी है। लगातार ग्यारहवीं बैठक में बेंचमार्क रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने के बाद केंद्रीय बैंक ने आर्थिक विकास की गति कम होने और मुद्रास्फीति के अपने 4 प्रतिशत लक्ष्य के करीब पहुँचने के संकेतों के बारे में बढ़ती चिंताओं के बीच दरों में कटौती की। रिजर्व बैंक ने लगभग पाँच वर्षों में पहली बार बेंचमार्क दरों में कटौती की। इससे पहले कोरोना के दौरान मई 2020 में रेपो दर में 40 आधार अंकों की कटौती करके इसे 4 प्रतिशत किया गया था।



रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की चालू वित्त वर्ष की मौद्रिक नीति की छठी और अंतिम तीन दिवसीय द्विमासिक बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये कहा कि मुद्रास्फीति लक्ष्य के अनुरूप है। समिति ने सर्वसम्मति से दरों में कटौती करने और रुख को बनाए रखने का निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के बीच समिति ने सर्वसम्मति से बेंचमार्क नीति ● शेष पेज 11 पर

विधायकों को 15 करोड़ के आफर के आरोप मामले में

## एसीबी ने केजरीवाल को जांच में शामिल होने का दिया नोटिस

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों को रिश्वत की पेशकश के आरोपों के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जांच में शामिल होने के लिए नोटिस दिया है। एसीबी के अधिकारियों की एक टीम शुक्रवार को केजरीवाल के आवास पर पहुंची और उन्हें नोटिस दिया। इस नोटिस में कहा गया है कि दिल्ली सरकार की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा आम आदमी पार्टी के विधायकों को रिश्वत की पेशकश के आरोपों की जांच कर रही है। यह आरोप बेहद गंभीर हैं और इसलिए मामले की सच्चाई जानने के लिए एसीबी की तत्काल जांच और हस्तक्षेप की आवश्यकता है।

एसीबी ने केजरीवाल से आज किसी भी सुविधाजनक समय पर उनके एक्स पर संबंधित पोस्ट को लेकर जानकारी मांगी है। नोटिस में केजरीवाल से पूछा गया है कि क्या आप इस एक्स पोस्ट से सहमत हैं कि आपकी पार्टी के 16 विधायक उम्मीदवारों को रिश्वत की पेशकश की गई है। एसीबी ने उक्त 16 उम्मीदवारों का ब्यौरा मांगा है। आआपा ● शेष पेज 11 पर

### पश्चिम बंगाल: नदिया के कल्याणी में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, कम से कम 4 की मौत

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के नदिया जिले के कल्याणी में शुक्रवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण विस्फोट में कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई। विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पूरी फैक्ट्री तहस-नहस हो गई और जले हुए शव चारों ओर बिखरे मिले। मृतकों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। घटना कल्याणी के रथतला इलाके में घनी आबादी वाले क्षेत्र में हुई। विस्फोट इतना जबर्दस्त था कि फैक्ट्री की दीवारें गिर गईं और इलाके में अफरातफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट के बाद भयंकर आग लग गई, जिसे दमकल विभाग ने काफी मशक्कत के बाद काबू पाया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को संदेह है कि पटाखे बनाने के दौरान शॉर्ट ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### केंद्रीय गृह मंत्री ने मुंबई में ड्रग कार्टेल पकड़ने पर एनसीबी टीम को दी बधाई

नई दिल्ली । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम को मुंबई में 200 करोड़ रुपये के नशीले पदार्थ जब्त करने और चार लोगों की गिरफ्तारी के लिए बधाई दी है। केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए अपनाए गए दृष्टिकोण की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ्रभारत ने जीरो टॉलरेंस के साथ ड्रग कार्टेल को कुचल दिया। मुंबई में बहुत उच्च श्रेणी के कोकीन, गांजा और कैनबिस को जब्त करने और 4 लोगों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता मिली। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए अपनाए गए जांच के दृष्टिकोण की सफलता का प्रमाण है। इस बड़ी सफलता के लिए नार्कोटिक्स ब्यूरो की टीम को बधाई। उल्लेखनीय है कि एनसीबी की टीम ने शुक्रवार तड़के छापा मारकर एक ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश किया है और चार लोगों को गिरफ्तार कर नवी मुंबई से लगभग 200 करोड़ रुपये मूल्य के विभिन्न प्रतिबंधित पदार्थ जब्त किए हैं। नवी मुंबई में यह ड्रग रैकेट अमेरिका से कूरियर के माध्यम से चलाया जा रहा था।

### रेलवे में पिछले दशक में 5 लाख से अधिक रिक्तियां भरी गईं : रेल मंत्रालय

नई दिल्ली। रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि रेलवे ने पिछले दशक में पांच लाख से अधिक कर्मचारियों की भर्ती की है। यह आंकड़ा 2004-2014 के कालखंड की तुलना में काफी अधिक है। भारतीय रेलवे के आकार, स्थानिक वितरण और संचालन की गंभीरता को देखते हुए रिक्तियों का होना और भरना एक सतत प्रक्रिया है। नियमित संचालन, प्रौद्योगिकी में परिवर्तन, मशीनीकरण और नवीन प्रथाओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति प्रदान की जाती है। रिक्तियों को मुख्य रूप से परिचालन और तकनीकी आवश्यकताओं के अनुसार रेलवे द्वारा भर्ती एजेंसियों के साथ मांगपत्र जारी करके भरा जाता है। मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 के कारण लगाए गए प्रतिबंधों में ढील के बाद, 2020 से 2022 के दौरान 2.37 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों वाली दो प्रमुख परीक्षाएं सफलतापूर्वक आयोजित की गईं।

## मोदी राष्ट्रपति ट्रम्प के निमंत्रण पर 12-13 फरवरी को करेंगे अमेरिका की यात्रा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के निमंत्रण पर 12 एवं 13 फरवरी को वाशिंगटन की यात्रा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। भारत ने अमेरिका के साथ हाल की बातचीत में वहां से लौटाये जाने वाले संभावित भारतीयों के बारे में विवरण मांगा है। श्री मोदी 10 एवं 12 फरवरी को फ्रांस में एआई शिखर सम्मेलन में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ सह अध्यक्षता करेंगे और वहीं से वह वाशिंगटन रवाना हो जाएंगे। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा श्अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के निमंत्रण परए प्रधानमंत्री श्री मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका की आधिकारिक कामकाजी यात्रा करेंगे।

उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी। श्री मोदी अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह के बाद अमेरिका की यात्रा करने वाले कुछ गिने चुने विश्व नेताओं में से एक होंगे और यह तथ्य कि प्रधानमंत्री को नए प्रशासन के पद संभालने के बमुश्किल तीन सप्ताह के भीतर अमेरिका की यात्रा करने के लिए आमंत्रित किया गया है यह भारत-अमेरिका साझीदारी के महत्व को दर्शाता है और द्विदलीय समर्थन को भी प्रतिबिंबित ● शेष पेज 11 पर



**यात्रा**

- ❒ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी की यह पहली अमेरिका यात्रा होगी

### महाराष्ट्र में चुनावी अनियमितता के आरोप का चुनाव आयोग तथ्यों के साथ लिखित जवाब देगा

नई दिल्ली। महाराष्ट्र में चुनावी अनियमितताओं के विपक्षी दलों के आरोप पर चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि पूरे तथ्यों के साथ लिखित जवाब दिया जाएगा। आयोग की यह प्रतिक्रिया कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में महाराष्ट्र में फर्जी मतदाता जोड़ने के आरोप के तुरंत बाद आई है। राहुल गांधी का जिक्र किए बिना भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) ने एक्स पर पोस्ट में कहा, ईसीआई राजनीतिक दलों को प्राथमिकता वाले हितधारक मानता है, बेशक, मतदाता सबसे प्रमुख हैं और राजनीतिक दलों से आने वाले विचारों, सुझावों, सवालों को गहराई से महत्व देता है। आयोग पूरे देश में समान रूप से अपनाए गए पूर्ण तथ्यात्मक और प्रक्रियात्मक मैट्रिक्स के साथ लिखित में जवाब देगा। उल्लेखनीय है कि कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत और एनसीपी-एससीपी सांसद सुप्रिया सुले के साथ संयुक्त रूप से शुक्रवार ● शेष पेज 11 पर

# श्रीराम मंदिर के लिए पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल का निधन

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए पहली ईंट रखने वाले राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता कामेश्वर चौपाल का बीती रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वनवासी कल्याण केंद्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जैसे राष्ट्रवादी संगठनों के साथ मिलकर सामाजिक कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले चौपाल ने यहां सर गंगाराम अस्पताल में आखिरी सांस ली।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कामेश्वर चौपाल को एक समर्पित रामभक्त बताया, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दिया।

शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने कामेश्वर चौपाल के साथ अपनी मुलाकात की एक पुरानी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए लिखा, ्रभाजपा के वरिष्ठ नेता और राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपालजी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। वे एक अनन्य रामभक्त थे, जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण में बहुमूल्य योगदान दिया। दलित पृष्ठभूमि से आने वाले कामेश्वरजी समाज के वंचित समुदायों के कल्याण के कार्यों के लिए भी हमेशा ● शेष पेज 11 पर



**प्रधानमंत्री ने जताया शोक**

### मुख्यमंत्री योगी ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर व्यक्त किया शोक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कामेश्वर चौपाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य एवं 9 नवम्बर 1989 को आयोजित ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह में पूज्य संत गण की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की प्रथम शिला रखने वाले परम राम भक्त श्री कामेश्वर चौपाल जी का निधन अत्यंत दु:खद है। उनका पूरा जीवन धार्मिक और सामाजिक कार्यों में समर्पित रहा। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि ! मुख्यमंत्री योगी ने आगे लिखा कि प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल परिजनों को ● शेष पेज 11 पर

# दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना की तैयारी पूरी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नयी दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद मतगणना का काम शनिवार सुबह आठ से शुरू हो जायेगा। राष्ट्रीय राजधानी के 11 जिलों के 19 मतगणना केन्द्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। चुनाव प्रशासन की ओर से मतगणना के लिए पूरी तैयारियां कर ली गयी हैं।

मतगणना कल सुबह आठ बजे शुरू होगी और पहले डाक मतपत्रों की गिनती करायी जायेगी। मतगणना के प्रारंभिक रुझान नौ के बाद आने शुरू हो जायेंगे। नयी विधानसभा में दलीय स्थिति दोपहर तक स्पष्ट होने लगेगी। आम आदमी पार्टीए भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के मुख्यालयों पर मतगणना के नतीजों के स्वागत के लिए विशेष तैयारियां की गयी हैं जहां पार्टियों के वरिष्ठ नेताए मीडियाकर्मियों और कार्यकर्ताओं से संवाद करने को उपस्थित रहने वाले हैं।

निर्वाचन आयोग की ओर से मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। दिल्ली मुख्य चुनाव अधिकारी आरण एलिस वाज के अनुसार दिल्ली विधानसभा ● शेष पेज 11 पर




**चुनाव**

- ❒ चुनाव आयोग के अनुसार नई दिल्ली और उत्तर.पश्चिम जिलों में तीन.तीन स्थलों पर मतों की गिनती होगी

### दिल्ली विधानसभा चुनाव : मतगणना आज सुबह आठ बजे से, 699 उम्मीदवारों की किस्मत होगा फैसला

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनावों की मतगणना शनिवार को सुबह आठ बजे कड़ी सुरक्षा के बीच 19 केंद्रों पर शुरू होगी। सुचारू और निष्पक्ष मतगणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इसके साथ ही दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर लड़ने वाले 699 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हो जाएगा। उधर, आम आदमी पार्टी की ओर से लगाए गए आरोपों को दिल्ली की मुख्य चुनाव अधिकारी ने खारिज कर दिया है। दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी आर. एलिस वाज ने कहा कि मतगणना पर्यवेक्षकों, मतगणना सहायकों, माइक्रो ऑब्जर्वर, सांख्यिकी कर्मचारियों ● शेष पेज 11 पर

### एग्जिट पोल के नतीजों से उत्साहित दिल्ली भाजपा ने मतगणना को लेकर किये व्यापक इंतेजाम

नयी दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर एग्जिट पोल के नजीतों से उत्साहित भारतीय जनता पार्टी भाजपा की दिल्ली प्रदेश इकाई ने मतगणना के दिन शनिवार को कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को लेकर विशेष इंतेजाम किये हैं। पार्टी के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यालय पर कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होने के समय से ही पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश मुख्यालय पर मीडिया से बातचीत के लिए उपलब्ध रहेंगे। मतगणना को लेकर दिल्ली भाजपा के मुख्यालय में शुक्रवार को बैठकों का दौर चलता रहा। यहां पर शाम को पार्टी प्रवक्ताओं की एक अहम बैठक ● शेष पेज 11 पर

## एयरो इंडिया में धूम मचाएगा रूसी सुखोई-57 जेट

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। बेंगलुरु के एयर फोर्स स्टेशन येलहंका में एशिया की सबसे बड़ी हथियारों की प्रदर्शनी 'एयरो इंडिया' में इस बार रूसी सुखोई-57 जेट धूम मचाएगा। यूक्रेन के साथ युद्ध में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किये गए एकमात्र पांचवीं पीढ़ी के दो स्टील्थ रूसी लड़ाकू विमान कर्नाटक की धरती पर उतर चुके हैं और 10 फरवरी को उद्घाटन के बाद बेंगलुरु के आसमान की शोभा बढ़ाएंगे। रूस ने आधिकारिक तौर पर भारत को अपने पांचवीं पीढ़ी के सुखोई-57 लड़ाकू विमानों की पेशकश की है, जिसमें भारत में प्लांट लगाकर संयुक्त उत्पादन करके स्वदेशी संस्करण विकसित करने का भी प्रस्ताव है।

भारत में रूसी दूतावास ने सुखोई-57 जेट के बेंगलुरु में आने और एयरो इंडिया में उड़ान भरकर एयर शो में शामिल होने के लिए पुष्टि की है। यह फाइटर जेट अपनी लुभावनी एयरोबेटिक्स के लिए जाना जाता है, जिसने जनवरी, 2010 में पहली उड़ान भरी थी। सुखोई-57 जेट अब अपनी उड़ान के 15 साल पूरे होने का जश्न मना रहा है। इस बीच विमान में जरूरत के लिहाज से कई तरह के सुधार किये गए हैं और यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान के दौरान लड़ाकू विमानों ने हवाई और जमीनी लक्ष्यों को भेदने में प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, जिसमें लंबी दूरी से सटीक हमले भी शामिल हैं। इनका इस्तेमाल चौबीस घंटे किसी भी ● शेष पेज 11 पर



**राहत**

- ❒ रूस ने लड़ाकू जेट सुखोई-57 का प्लांट भारत में खोलकर संयुक्त उत्पादन की पेशकश रखी

# देश में एक साथ चुनाव होने से दिखेगा बदलाव, होगा विकास : रामनाथ कोविंद

एजेंसी

कानपुर । देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद अपनी कर्मभूमि कानपुर के दौरे पर शुक्रवार को एक कार्यक्रम में वन नेशन वन इलेक्शन पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकार का समय तो पांच साल का होता है लेकिन जनता के लिए असली काम करने का समय साढ़े तीन साल ही निकाल पाती है। यह जनता के हित में न्यायोचित नहीं है। बार–बार चुनाव होने से शिक्षा तो प्रभावित होती ही है, प्रशासनिक अमला भी जनता के हितों को सही तरीके से ख्याल नहीं रख पाता। इसको देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक साथ चुनाव की पहल की और हाई लेवल कमेटी ने भी सहमति दे दी है। देश में एक साथ चुनाव होने से काफी बदलाव देश में देखने को मिलेंगे और विकास की गति भी तेजी से बढ़ेगी।



पूर्व राष्ट्रपति स्वरूप नगर स्थित आरके देवी मेमोरियल ट्रस्ट आई हॉस्पिटल के नये भवन का उद्घाटन करने के लिए बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि देश में मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की कमी है। इसलिए सरकारी और प्राइवेट स्वास्थ्य सेवाओं के बीच पीपीटी मॉडल को बढ़ावा देने की जरूरत है। पूर्व राष्ट्रपति कोविंद ने कहा कि 1967 तक लोकसभा विधानसभा के चुनाव साथ-साथ हुआ करते थे। कंांग्रेस ने अपने हित के लिए राष्ट्रपति शासन लागू किया। इसके बाद 2024 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से इस पर चर्चा की और एक हाई लेवल कमेटी बनाई गई। उस कमेटी ने भी सहमति जताई कि एक देश एक चुनाव होने से काफी बदलाव देश में देखने को मिलेंगे और विकास गति में भी तेजी से बढ़ोतरी होगी। यही नहीं चुनाव आयोग और नीति आयोग ने भी अपनी–अपनी रिपोर्ट सौंपी है। सभी ने एक देश एक चुनाव का पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि अलग–अलग चुनाव होने से देश को आर्थिक नुकसान तो होता ही है, साथ ही पूरी सरकारी मशीनरी का भी नुकसान होता है। इससे जनता के हितों में सरकारी मशीनरी समय से निर्णय नहीं ले पाती जो विकास में बाधा बनती है। उन्होंने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति को रिपोर्ट सौंप दी गई है और देश में एक साथ चुनाव कब होंगे, इस पर अभी कुछ नहीं कहा जा सकता है।

# महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की प्रदर्शनी का किया अवलोकन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुंभ नगर प्रयागराज । आकाशवाणी की महानिदेशक प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने शुक्रवार को महाकुंभ मेले में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा आयोजित मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का अवलोकन किया। 'जनभागीदारी से जनकल्याण' थीम पर आधारित इस प्रदर्शनी में पिछले 10 वर्षों में भारत सरकार की उपलब्धियों, योजनाओं और कार्यक्रमों को डिजिटल माध्यम से प्रस्तुत किया गया है।



महानिदेशक ने इस प्रदर्शनी को पौराणिकता और आधुनिकता का अद्‌भुत संयोजन बताते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं के बारे में रोचक तरीके से जानकारी दी जा रही है। उन्होंने पीएम इंटर्नशिप, प्रकाशन विभाग और एनडीआरएफ के स्टालों का भी निरीक्षण किया।

इससे पूर्व, सेक्टर 4 स्थित आकाशवाणी और दूरदर्शन के अस्थायी केंद्र का दौरा कर उन्होंने महाकुंभ से जुड़े रेडियो और टीवी प्रसारण की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महाकुंभ की कवरेज व्यापक और प्रभावी होनी चाहिए, जिससे देशभर के श्रोता और दर्शक इससे जुड़े रह सकें। उन्होंने आकाशवाणी के विशेष एफएम चैनल 'कुंभवाणी' (103.5 मेगाहर्ट्ज) की सराहना करते हुए कहा कि यह श्रद्धालुओं तक महाकुंभ की हर जानकारी पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बना है।

महानिदेशक ने बताया कि अमृत स्नान के दौरान कुंभवाणी पर विशेष कमेंट्री प्रसारित की गई, जिससे श्रद्धालु महाकुंभ की गतिविधियों से जुड़े रहे। उन्होंने यह भी कहा कि एफएम रेडियो के प्रसारण को महाकुंभ के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से जोड़ा गया है, जिससे मेले में उपस्थित श्रद्धालुओं को तत्काल जानकारी मिल रही है। इसके बाद, उन्होंने महाकुंभ मेला क्षेत्र स्थित मीडिया सेंटर का भी दौरा कर पत्रकारों के लिए उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया।

# सांस्कृतिक संध्या में भक्तिरस की सरिता, कलाग्राम में झूमे श्रद्धालु

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुंभ । कलाग्राम में भक्ति और लोक-संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। प्रख्यात गायिका डॉ. सुष्मिता झा की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुति श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी। उनके भजनों ल्लअच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरं राम...ङ्क, ल्लहे जग पालक हे लक्ष्मी पतिङ्क और ल्लशिव हो उतरब पर कओन विधिङ्क ने आध्यात्मिक वातावरण में भक्ति की बयार बहा दी। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ के दुष्यंत द्विवेदी द्वारा पंडवानी गायन से हुई, जिसमें उन्होंने महाभारत के प्रसंगों को अपनी अनूठी शैली में प्रस्तुत किया। इसके बाद मध्य प्रदेश के अभिलाष चौबे एवं दल ने बधाई नृत्य से समां बांधा। महाराष्ट्र के शेखर निरंजन भाकरे एवं दल ने सोंगी भारुड नृत्य, जम्मू-कश्मीर की रशिका कौल एवं दल ने कश्मीरी पंडित लोकनृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उत्तराखंड के जितेंद्र बलोनी एवं साथी कलाकारों ने भड़िया चोफुला नृत्य के माध्यम से मां पार्वती के शिव को प्रसन्न करने के प्रयास को जीवंत किया। राजस्थान की दुर्गा देवी व दल ने प्रसिद्ध तेराताली नृत्य प्रस्तुत किया। असम के पद्मश्री द्रोणा द्वारा देवधानी नृत्य और आंध्र प्रदेश के पिली मेंटराजू द्वारा गरागालु नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दर्शकों को खूब भायीं।




इसके अलावा, श्रीराम भारतीय कला केंद्र ने रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया, जबकि झूंसी सांस्कृतिक मंच ने लोकनाट्य बहरुपिया का मंचन कर लोकसंस्कृति को जीवंत किया। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी निदेशक आशिष गिरि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं कला ग्राम पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गुजरात सीएम भूपेंद्र पटेल महाकुंभ पहुंच कर त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर, प्रयागराज । महाकुम्भ में उमड़ रहे आस्था के जनसमुद्र के बीच शुक्रवार को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी श्रद्धा की डुबकी लगाने पहुंचे। संगम त्रिवेणी में स्नान करने के बाद उन्होंने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि त्रिवेणी संगम में स्नान मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और फिर सेक्टर 7 स्थित गुजरात पवेलियन का भी अवलोकन किया।

त्रिवेणी संगम में स्नान के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने योगी सरकार द्वारा किए गए प्रबंधों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि कुम्भ क्षेत्र में सुंदर व्यवस्था की गई है और कहीं भी किसी को कोई समस्या नहीं हो रही है। भूपेंद्र पटेल ने कहा, ''प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाएं अद्‌भुत हैं। स्वच्छता से लेकर हर सुविधा तक, सब कुछ बहुत ही अच्छा है।'' गुजरात सीएम ने कहा, ''हमें पवित्र स्नान करने का अवसर मिला, यह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। त्रिवेणी संगम, जो भारत की आस्था का केंद्र है, वहां स्नान करने के बाद हर व्यक्ति स्वयं को भाग्यशाली मानता है।'' मोटरबोट से पूरी सुरक्षा के बीच मुख्यमंत्री त्रिवेणी संगम पहुंचे और यहां उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चारण



## मुख्यमंत्री ने संगम स्नान से पूर्व बड़े हनुमान मंदिर में की पूजा अर्चना किया

और श्लोकों के बीच आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान उन्होंने भगवान सूर्य को अर्घ्य भी दिया। उनके साथ औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने भी पावन डुबकी लगाई। इसके बाद मुख्यमंत्री ने गंगा पूजन और गंगा आरती भी की।

400 बेड की डॉरमेट्री का किया शुभारंभ गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल शुक्रवार सुबह 9 बजे स्टेट एयरक्राफ्ट से प्रयागराज पहुंचे। प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने उनका स्वागत किया। यहां से वह सीधे बड़े हनुमान मंदिर दर्शन किए।

# वाहनों के जाम से परेशान हो रहे हैं तीर्थयात्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चाकघाट। चाकघाट की सीमा से लगे महाकुंभ प्रयागराज मेले में जाने वाले तीर्थ यात्रियों के साथ प्रशासन कर रहा है भेदभाव। जिसके चलते अनेक तीर्थ यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महाकुंभ मेले का व्यापक प्रचार प्रसार करके हर सनातनी आम अवाम को कुंभ स्नान के लिए प्रभावित किया गया था। महाकुंभ की महत्ता को बताते हुए यह भी प्रचारित किया गया कि 144 वर्ष बाद लगने वाल महाकुंभ में लोग आएं पुण्य कमाए। किंतु शासन द्वारा जिस विश्वास के साथ प्रयागराज जिला प्रशासन एवं मेला प्रशासन को प्रयागराज महाकुंभ व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई थी प्रशासन उस व्यवस्था को संभालने में नाकाम दिख रहा है। प्रयागराज में अनेकों बार लगे कुंभ मेला के इतिहास से सीख न लेते हुए वर्तमान व्यवस्था चौपाट ही नजर आ रही है।



व्यापक पैमाने पर शासन की सूचना तंत्र से मिलने वाली जानकारी के बावजूद भी प्रशासन की दूरदर्शिता पूरी तरह समाप्त होती दिख रही है।महाकुंभ मेले में जब संपूर्ण देश से लोगों का आना निश्चित था तब प्रशासन द्वारा ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई गई की सभी तीर्थ यात्री गंगा क्षेत्र में पहुंचकर सुगमता पूर्ण स्नान कर सकें। आरोप है कि तीर्थराज प्रयाग में आने वाले तीर्थ यात्रियों के साथ प्रशासन द्वारा भारी भेदभाव किया जा रहा है। यातायात व्यवस्था के नाम पर जिन वाहनों में यूपी 70 नंबर रहता है उन वाहनों को सुगमता से प्रवेश मिल जाता है किंतु जो अन्य प्रन्त या पड़ोसी जिलों के नंबर वाले वाहन होते हैं उनके साथ प्रशासन की बेरहम देखने को मिलती है।

## व्यवस्था के नाम पर प्रशासन कर रहा है भेदभाव

वाहन पास होने के बावजूद भी अन्य प्रान्तों के नंबर देखकर ही वाहनों को प्रवेश से रोक दिया जाता है। जिला प्रशासन की एवं मेला प्रशासन की अदूरदर्शिता के चलते ही महाकुंभ अव्यवस्थाओं के दौर से गुजर रहा है। प्रयागराज क्षेत्र में जिस ढंग से वाहनों का आगमन हो रहा है उसे ढंग से वाहन पार्किंग की सुविधा पहले से सुनिश्चित नहीं की गई है। बाहरसे आने वाले तीर्थ यात्री अपने वाहन कहां खड़ी करके, कैसे गंगा स्नान करेंगे इसके बारे में पहले से ही कोई सार्थक योजना नहीं बनाई गई जिसके चलते 30 किलोमीटर से ज्यादा दूरी की पैदल यात्रा करने के लिए लोग मजबूर हो रहे हैं। प्रयागराज मेला प्रशासन एवं जिला प्रशासन की पुलिस का केवल एक ही कम दिखाई पड़ता है कि वह तीर्थ यात्रियों को कितना अधिक से अधिक परेशान कर सके। उनको सही मार्ग न बताकर उन्हें केवल अपने तैनाती स्थल से दूर करने का ही काम किया जा रहा है। मेला में रीवा रोड की ओर से जाने वाले मध्य प्रदेश गुजरात तमिलनाडु आंध्र प्रदेश आदि अनेक प्रांतो के वाहनों में सवार तीर्थ यात्रियों के वाहन को मेला क्षेत्र में प्रवेश करने नहीं दिया जा रहा है। जबकि उत्तर प्रदेश यूपी 70 नंबर के वाहनों को बिना पास बिना किसी बाधा के नैनी पुल से शहर के भीतर आ जा सकते हैं। यदि मेला प्रशासन और उत्तर प्रदेश की सरकार को अन्य प्रदेश के वाहनों को मेला क्षेत्र के लिए नैनी चौराहे से ही अंदर नहीं घुसने दिया जा सकता तो उनके लिए न तो पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था की गई और न ही जाम में फंसे यात्रियों के लिए भोजन पानी दवा की कहीं कोई व्यवस्था की जा रही है। चाकघाट से प्रयागराज रोड पर नेशनल हाईवे 30 के 7-8 घंटे तक जाम में फंसे लोगों को किसी भी तरह से राहत देने की प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं बनाई गई है।

# भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को जागृत करना होगा: कृष्ण गोपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महाकुम्भ नगर । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल ने आज की शिक्षा व्यवस्था को नाकाफ़ी बताते हुए कहा कि हमारी ज्ञान परंपरा में एकांगी शिक्षा नहीं दी जाती थी, परंतु आज संपूर्ण विश्व एकांगी शिक्षा व्यवस्था से ग्रसित है। मोटी फ़ीस देना ही मानो आज की शिक्षा का मुख्य उद्देश्य रह गया है। हमें ऐसी कुरीतियों से दूर हटते हुए समाज में एक बार फिर भारतीय ज्ञान परंपरा की चेतना को जागृत करना होगा। डॉ. कृष्ण गोपाल शुक्रवार को महाकुम्भ मेला क्षेत्र के सेक्टर-8 में 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' की ओर से आयोजित तीन दिवसीय 'ज्ञान महाकुंभ' के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। 'न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते' अर्थात इस दुनिया में ज्ञान के समान पवित्र और कुछ नहीं है। इस पंक्ति की सार्थकता को व्यापक रूप देने के लिए महाकुम्भ में 'ज्ञान महाकुंभ' का आयोजन किया गया है। विशिष्ट अतिथि उद्‌बोधन में यूजीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह ने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास की सराहना करते हुए देश के विद्वत समाज को ज्ञान महाकुंभ जैसा बड़ा मंच देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आध्यात्म विद्या सभी विद्याओं में सर्वश्रेष्ठ है। भारतीय ज्ञान परंपरा आध्यात्म और शिक्षा का अद्‌भुत मिश्रण रही है और हमें इस परंपरा को एक बार फिर बल देना होगा। उद्घाटन कार्यक्रम के प्रथम संबोधन में न्यास के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अतुल कोठारी ने ज्ञान महाकुम्भ की महत्ता पर प्रकाश डालते हु, सफल कार्यक्रम के लिए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस अलौकिक महाकुम्भ में ज्ञान महाकुंभ का आयोजन अपने आप में ही अद्‌भुत संयोग है। इस कार्यक्रम से पूरे देश की शिक्षा व्यवस्था को एक नई और भारतीय ज्ञान परंपरा से युक्त दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में आईआईआईटी इलाहाबाद के संचालक मुकुल सुतावणे भी मौजूद रहे। महाकुंभ मेला क्षेत्र के सेक्टर-8 के पीडब्ल्यू.- 801 में चल रहे इस कार्यक्रम में न्यास के अध्यक्ष डॉ. पंकज मित्तल ने स्वागत उद्‌बोधन दिया और संजय स्वामी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



# प्रेम प्रसंग में लापता युवती को किया बरामद युवती ने अपने घर जाने से किया माना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ठाकुरगंज। कोतवाली क्षेत्र के भूहर चौकी प्रभारी शुभम त्यागी को 7 फरवरी को बड़ी सफलता मिली। 12 दिसंबर को शालिनी रावत, पुत्री परमेश्वर दिन, थाना ठाकुरगंज के मधवापुर क्षेत्र से बिना किसी को बताए अपने प्रेमी सर्वेश कुमार, पुत्र विश्वनाथ, ग्राम भरोसा, थाना पारा के साथ चली गई थी।

7 फरवरी को थाना पारा क्षेत्र के ग्राम भरोसा से शालिनी और सर्वेश को सकुशल बरामद किया गया। पूछताछ में यह जानकारी मिली कि दोनों ने प्रेम संबंध के चलते आपसी सहमति से विवाह कर लिया था। और अब वे परिवार के पास लौटने के लिए तैयार नहीं थे।

इस मामले में थाना प्रभारी श्रीकांत राय के नेतृत्व में भूहर चौकी प्रभारी शुभम त्यागी और उप निरीक्षक नीरज सिंह कांस्टेबल जितेंद्र सिंह वह



महिला कांस्टेबल प्रतिभा सैनी की कड़ी मेहनत और समर्पण ने सफलता दिलाई। पुलिस ने शालिनी और सर्वेश को सम्मानपूर्वक विदा किया।

# एलडीए में लोगों को हाथों हाथ मिली एनओसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। एलडीए में शुक्रवार को आयोजित किये गये मानचित्र समाधान दिवस में लोगों का काम हाथों हाथ हुआ। इस दौरान 14 आवेदकों को मौके पर ही एनओसी प्रदान की गयी जबकि 30 मानचित्र, शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये। इस मौके पर एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने कैम्प में उपस्थित रहकर एक-एक प्रकरण की समीक्षा की। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि उपाध्यक्ष ने लोगों की सुविधा के लिए प्रत्येक माह मानचित्र समाधान दिवस आयोजित करने के निर्देश दिये हैं। जिसके चलते शुक्रवार को गोमती नगर के विपिन खण्ड स्थित प्राधिकरण भवन के कमेटी हॉल में सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक विशेष कैम्प लगाया गया था। जिसमें प्राधिकरण के मानचित्र, अभियंत्रण, नियोजन, नजूल, ट्रस्ट अनुभाग के अलावा जिला प्रशासन, नगर निगम व जलकल विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहे। इससे नजूल, अर्जन, सीलिंग, ट्रस्ट व लैंड यूज से सम्बंधित 14 एनओसी मौके पर ही निर्गत की गयी।



वहीं

मुख्य नगर नियोजक केके गौतम ने बताया कि कैम्प में कुल 12 मानचित्र व 18 शमन मानचित्र स्वीकृत किये गये हैं और ऑनलाइन माध्यम से 35 आवेदनों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा 32 लोगों ने कैम्प में आकर मानचित्र/शमन मानचित्र के लिए नया आवेदन किया। उन्होंने बताया कि उपाध्यक्ष ने आगामी 28 फरवरी को पुनः मानचित्र कैम्प लगाने के निर्देश दिये हैं। जिसमें प्रक्रियाधीन प्रकरणों के अलावा नये प्राप्त होने वाले आवेदनों पर भी कार्यवाही की जाएगी। यहाँ पहुंची

ऐशबाग मोती नगर निवासी संगीता सोनी ने आवासीय भवन मानचित्र के लिए आवेदन किया था। जिसमें ट्रस्ट, नगर निगम व तहसील की एनओसी प्राप्त न होने के कारण प्रकरण दो महीने से लंबित था। मानचित्र समाधान दिवस में आये संगीता सोनी के पति सत्य प्रकाश सोनी को मौके पर ही एनओसी प्रदान की गयी। इसके अलावा हरीश चन्द्र ने औरंगाबाद जागीर में आवासीय भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। एलडीए की कानपुर रोड योजना में व्यावसायिक भवन का निर्माण करा रहे मयंक अग्रवाल ने शमन मानचित्र के लिए आवेदन किया था। समाधान दिवस में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराकर भवन का शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। जानकीपुरम के सैदपुर जागीर में आवासीय भवन का निर्माण करा रहे संकल्प सैनी ने शमन मानचित्र स्वीकृति के लिए आवेदन किया था। कैम्प में पहुंचे संकल्प सैनी का शमन मानचित्र स्वीकृत किया गया। अर्शिता डेंटल सर्विसेज द्वारा महानगर में आवासीय भवन का निर्माण कराया जा रहा है इनका भी मानचित्र स्वीकृत किया गया।

# भारतीय जनता पार्टी के कुछ चीजों की पोल खुल गई, बीजेपी के लोग दिनभर प्लानिंग करते रहते हैं: अखिलेश यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखलऊ । पत्रकारों से बातचीत करते हुए अखिलेश यादव ने अपने अंदाज में उनके सवालों का बेबाकी से जवाब दिया। उन्होंने दिल्ली चुनाव, मिल्कीपुर उपचुनाव, इण्डिया गठबन्धन सहित अन्य दूसरे सवालों का जवाब दिया। सपा अध्यक्ष ने दिल्ली चुनाव के परिणाम पर बोलते हुए कहा कि जो एग्जिट पोल अपने सर्वे के माध्यम से जानकारी देते हैं, वह कई मायनों में सही नहीं निकलते हैं। कल रिजल्ट आना ही है तो जो मतदान हुआ है उसकी पूरी सच्चाई मिल जाएगी। दिल्ली चुनाव के रिजल्ट पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि यह तो कल ही पता चल जाएगा कि किसकी सरकार बनेगी और किसकी सरकार जाएगी। मिल्कीपुर उपचुनाव पर अपनी बात रखते हुए सपा अध्यक्ष ने कहा कि मैं चाहता था कि सारे पत्रकार मिल्कीपुर उपचुनाव में आएं और देखें कि वोट कैसे पड़ता है। मिल्कीपुर उपचुनाव पर बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि बीजेपी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि यह भी पता चल जाता कि ख़ासकर बीजेपी की सरकार में लोकतंत्र कैसे मजबूत हो रहा है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आप लोग आए नहीं और शायद यही कारण है कि आप लोगों ने बहुत बड़ा अवसर गंवा दिया। विधेयक के प्रश्न पर पूर्व मुख्यमन्त्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी से क्या उम्मीद करोगे। नोएडा वालों के लिए कोई नई योजना थोड़ी लाएंगे। आपका क्या छीन लें, इसी की योजना लाते हैं बीजेपी के लोग। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग दिनभर प्लानिंग करते हैं कि आपसे क्या छिन लें। अखिलेश यादव ने मजाकिया लहजे में पत्रकारों को कोविड के दिनों की याद दिलाई। इण्डिया गठबन्धन के सवाल पर अखिलेश यादव ने कोई भी स्पष्ट जवाब देने में रूचि नहीं दिखाई। उन्होंने कहा कि यह हमारे इण्डिया गठबन्धन के अंदर का मामला है जिसे हम लोग मिलकर सुलझा लेंगे। उन्होंने कहा कि 27 में पीडीए चलेगा। उन्होंने यहां तक कहा कि पीडीए के लोग देख रहे हैं कि उनका वोट कैसे छिना जा रहा है और वे कैसे अपमानित हो रहे हैं। उन्होंने पोस्टिंग का ज़िक्र करते हुए पीडीए के लोगों की अनदेखी का आरोप लगाया। पत्रकारों द्वारा अमेरिका से भारत भेजे गये नागरिकों के सवाल पर अखिलेश यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कुछ चीजों की तो पोल खुल गई। जो लोग दिन भर यह कहने से नहीं चूकते थे कि हम विश्व गुरु बनने जा रहे हैं, वह आजकल कैसे चुप घूम रहे हैं। क्या भारत इतना कमजोर हो गया है? हम अमेरिका को इतना बड़ा बाजार दे रहे हैं और यह कहीं न कहीं सरकार की नाकामी है, जो उन्हें बेहतर मौके मुहैया नहीं करा पाई। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें यहां बढ़िया अवसर मिला होता तो शायद उन्हें लाखों रुपए खर्च कर वहां नहीं जाना पड़ता।

# सीनियर क्लिनिकल हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन की पहल

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ । शुक्रवार को गोमती नगर स्थित एक निजी होटल में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए रुधिर आरोग्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ ब्लड डिसऑर्डर्स एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट डॉ सुनील दबड़घाव ने कहा कि सीनियर क्लिनिकल हेमेटोलॉजिस्ट और बोन मैरो ट्रांसप्लांट फिजिशियन की एक पहल है जिसको चार मूलभूत सिद्धांतों पर उत्कृष्टता के मॉडल के रूप में अवधारणाबद्ध किया गया है। जिनमें दक्षता, विशेषज्ञता, अर्थव्यवस्था व सहानुभूति शामिल है। रुधिर आरोग्य इंस्टिट्यूट ऑफ़ ब्लड डिसऑर्डर्स एवं बोन मैरो ट्रांसप्लांट क्षेत्र में रोगी के लिए एकमात्र मैत्रीपूर्ण मॉड्यूल है, जो रक्त विकारों वाले रोगियों के लिए सस्ती लागत पर गुणवत्ता पूर्ण उपचार प्रदान करने को कटिबद्ध है एवं उत्तर प्रदेश और आस-पास के क्षेत्रों में 'रक्त विकारों और कैंसर देखभाल' के भविष्य को समय और उपचार की लागत को अनुकूलित करके पुनर्परिभाषित करने के लिए तत्पर है।

रुधीर आरोग्य इंस्टीट्यूट ऑफ ब्लड डिसऑर्डर्स एंड बोन मैरो ट्रांसप्लांट चौथीं मंजिल ओ पी चौधरी अस्पताल रायबरेली रोड में स्थित है, और यह वयस्कों और बच्चों में पाए जाने वाले आईटीपी अप्लास्टिक एनीमिया, ल्यूकेमिया, लिंफोमा, मल्टीपल मायलोमा और कई अन्य सौम्य और घातक रक्त विकारों का गुणवत्तापूर्ण उपचार प्रदान करता है, साथ ही आवश्यकतानुसार बोन मैरो ट्रांसप्लांट भी करता है, जो सस्ती दरों पर उपलब्ध है। यह केंद्र पिछले 2 वर्षों से कार्यरत है और पिछले 4 महीनों में डॉ. सुनील दबड़घाव की विशेषज्ञ निगरानी में 5 बोन मैरो ट्रांसप्लांट किए गए हैं।

## तमंचे के साथ गिरफ्तार




**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सुशान्त गोल्फ सिटी पुलिस ने गुरुवार/शुक्रवार की रात युवती से छेड़छाड़ करने व तमंचा दिखा कर धमकाने के आरोप में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पैराडाइज क्रिस्टल अपार्टमेंट निवासी अंकुर सिंह उर्फ मून मूल रूप से ग्राम सकट पुर थाना सदर जिला हरदोई को उसके अपार्टमेंट से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। आरोपित ने पहले युवतीं से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर धमकाया। युवती ने मुकदमा दर्ज कराया तो आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# बीकेटी पुलिस ने सुलझाई अंकित वर्मा ब्लाइंड मर्डर केस की गुत्थी,चार गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बीकेटी,लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी के थाना बख्शी का तालाब क्षेत्र में देवरी रूखारा क्रासिंग से पहले सीतापुर रोड़ के किनारे मौर्या जनरल स्टोर के बाहर युवक की निर्मम हत्या के ब्लाइण्ड मर्डर केस का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया।पुलिस ने हत्या के आरोपी आकाश रावत पुत्र स्वामी निवासी ग्राम आधारखेड़ा थाना गुडम्बा,जनपद लखनऊ (22)वर्ष, कुनाल गुप्ता पुत्र लखनऊ गुप्ता,निवासी बसहा,थाना गुडम्बा, जनपद लखनऊ(22)वर्ष (व्यवसाय- कुक का काम करता है),उमेश गौतम पुत्र दौलतराम गौतम,निवासी ग्राम बसहा,थाना गुडम्बा, जनपद लखनऊ (18)वर्ष (व्यवसाय- पीओपी का कार्य),राजू नाग पुत्र मनोज चौरसिया निवासी ग्राम मिश्रपुर, थाना गुडम्बा,जनपद लखनऊ (19) वर्ष(ई रिक्शा चालक) को गिरफ़्तार कर ब्लाइंड मर्डर केस का खुलासा कर दिया है। डीसीपी लखनऊ उत्तरी ने ब्लाइंड मर्डर के खुलासे की प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि 10/01/2025 को बीकेटी थानांतर्गत हत्या की घटना की जानकारी प्राप्त हुई थी, जिसके त्वरित अनावरण हेतु मेरे नेतृत्व में पुलिस टीमें की गई थी,बीकेटी पुलिस व क्राइम/सर्विलांस टीम उत्तरी के संयुक्त प्रयास से शुक्रवार को घटना का सफल अनावरण किया गया और चार आरोपियों को बीकेटी थाना अंतर्गत दुर्जनपुर कट किसान पथ के पास से गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि ये सभी आरोपी किराना स्टोर में चोरी करने के उद्देश्य से गए थे,मृतक अंकित वर्मा वही टीनसेड के नीचे सो रहा था,उसके जागने व शोर मचाने पर आरोपी संग्राम व आकाश द्वारा अंकित वर्मा को उसके शॉल से हाथ पैर पीछे की ओर बांध दिया और गला दबाकर हत्या कर फरार हो गए।वही दी गई जानकारी के अनुसार इन आरोपियों का पहले से ही अपराधिक इतिहास रहा है। वही ब्लाइंड मर्डर केस का मास्टरमाइंड संग्राम रावत पुत्र बसंत लाल निवासी ग्राम आधारखेड़ा, थाना गुडंबा, जनपद लखनऊ(अभियुक्त संग्राम रावत जनपद बाराबंकी के मु0अ0सं0 017/2025 धारा 137(2),87बीएनएस थाना मसौली के अभियोग में जिला कारागार बाराबंकी में निरूद्ध है।) पुलिस ने आरोपियों के पास से ई0ई-रिक्शा ठघ्32ठ्ग 7174 को बरामद कर एमवी एक्ट में सीज़ कर आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।गिरफ़्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना बीकेटी संजय कुमार सिंह,निरीक्षक कैलाश चंद्र दुबे व उनकी टीम तथा क्राइम/सर्विलांस टीम लखनऊ उत्तरी प्रभारी उप निरीक्षक विश्वनाथ प्रताप सिंह व उनकी टीम संयुक्त रूप से शामिल रही।

# राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान में होगी वातावरण परिवर्तन पर चर्चा:प्रो.योगेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बीकेटी,लखनऊ । क्लीन ग्रीन एनवायरमेंट सोसाइटी और राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान लखनऊ के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान लखनऊ में दो दिवसीय चौथा राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। 8फरवरी को शुभारंभ होगा और 9 फरवरी को समापन होगा।जिसमें भारत वर्ष के भिन्न भिन्न विश्वविद्यालय और शोध संस्थानों से वैज्ञानिक एवं पर्यावरणविद् अपने अध्ययन और शोध पर व्याख्यान देंगे।मुख्य अतिथि पदम भूषण और पदम श्री डॉ अनिल पी जोशी रहेंगे।जो कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के जाने माने पर्यावरणविद् हैं।मुख्य वक्ता डॉ उमा शंकर सिंह पूर्व मुख्य वन संरक्षक अधिकारी होंगे।अन्य वक्ताओं में पदम श्री प्रो प्रमोद टंडन,पदम श्री डॉ आर सी चौधरी,डॉ डीके उप्रेती, एफएंएससी तथा अन्य उच्च स्तरीय प्रतिभागी पर्यावरण पर आज के जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभाव और सुधार पर चर्चा करेंगे।सम्मेलन की अगुवाई डॉ अजीत सासनी निदेशक एनबीआरआई सोसाइटी के प्रेसिडेंट इंजीनियर सुमेर अग्रवाल,वाइस प्रेसिडेंट डॉ एस सी शर्मा, सेक्रेटरी जनरल प्रोफ़ेसर वाई के शर्मा,संयोजक प्रो गौरी सक्सेना,डॉ प्रियंका अग्निहोत्री करेंगे।क्लीन एंड ग्रीन एनवायरमेंटल सोसायटी के मीडिया प्रभारी कृषि विशेषज्ञ डॉ सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि दो दिन चलने वाले सम्मेलन में बदलती हुई जलवायु से जीव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों पर पढ़ने वाले प्रभाव और निदान पर विस्तृत चर्चा।मौसम शिफ्ट हो रहा है जिससे गेहूं धान सब्जियां दलहनो तिलहनों का उत्पादन प्रभावित हो रहा है उस पर भी विधिवत चर्चा होगी।सम्मेलन में लगभग 200 से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।

## होटल बनवाने के नाम पर लाखों की ठगी पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज

**सरोजनीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी में आय दिन कोई न कोई ठगी का शिकार हो रहा है, ऐसा ही एक मामला सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में बीते दिनों सामने आया यहां एक पत्रकार ठगी का शिकार हो गया और आरोपी ठगी के बाद फरार भी हो गया। पीड़ित पत्रकार ने दिए गए तहरीर में बताया कि वर्ष 2023 राव अजीत कुमार सिंह पुत्र स्व0पारस नाथ राव निवासी 244 चन्द्रशेखर आजादनगर कालोनी दरोगा खेड़ा लखनऊ होटल पारस आर.इन ग्राम मिरानपुर पिनवट कानपुर हाइवे पर बनवा रहे थे। होटल के बनवाने में पार्टनरशिप अजीत कुमार श्रीवास्तव पुत्र एम. एम श्रीवास्तव 638/021 सुग्गा मऊ मानस ग्रीन तिराहा इंद्रानगर लखनऊ का निवासी है जो पारस आर इन होटल पार्टनरशिप में निर्माण कार्य करा रहा था, तभी दिनांक 05/04/2023 को अजीत कुमार श्रीवास्तव इनकी पत्नी कुसुम श्रीवास्तव और उनका पुत्र सौरभ श्रीवास्तव मेरे घर आये और उक्त होटल के निर्माण में हमे भी साझेदार बनाया। जिसमे आधा आधा लाभांस की बात तय हुई व होटल के इन्टेरियर हेतु पैसे की मांग किया तो विभिन्न तिथियो को तीनो लोगो ने मेरे साथ धोखे से अपराधिक साजिस करके रुपये 18 लाख नगद व बैंक अकाउंट द्वारा हमसे ठगा। जब होटल का निर्माण हो गया, तब बिना मुझे बताए आपस में अन्य निर्माण कार्यो का हिसाब हो गया और मेरा हिस्सा रुपये 12 लाख कुल साझे कार्य के ऊपर कुल तीस लाख रुपये ठग लिया। जब भी इनसे अपना पैसा मांगा तो बहाना देकर महीनों टालते रहे और उल्टा मुझे गालियाँ व जान से मारने व झूठे मुकदमे फसाने की धमकी भी देते रहे। सरोजनीनगर थाना प्रभारी राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि दिए गए तहरीर अनुसार तीनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है,फिलहाल जांच पड़ताल की जा रही है और तीनों के खिलाफ उचित कानूनी विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## बीबीडीयू ने किया ट्रूस्कॉलर के साथ एमओयू

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय ने ट्रूस्कॉलर के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करके डिजिटल परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया है। यह सहयोग नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी और एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स के सुरक्षित डिजिटल प्रमाणीकरण और निर्बाध स्वचालन को सक्षम करेगा, जिससे यूजीसी नियमों का अनुपालन सुनिश्चित होगा और सत्यापित शैक्षणिक रिकॉर्ड तक छात्रों की पहुंच बढ़ेगी। यह कार्यक्रम बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन अलका दास गुप्ता एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास के प्रेरणा से हुआ।

## गोसाईगंज ब्लॉक में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन

**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पंचायती राज विभाग द्वारा गोसाईगंज ब्लॉक में दो दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का शुक्रवार को समापन हो गया। पंचायत विकास सूचकांक एवं पंचायत विकास योजना विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान ग्राम प्रधानों व सचिवों को तमाम प्रकार की महत्वपूर्ण जानकारियां दी। इस प्रशिक्षण सत्र का शुभारंभ गोसाईगंज ब्लॉक प्रमुख विनय वर्मा डिंपल ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ला सहित सभी पंचायत सचिव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सीनियर फैसिलेटर रागिनी के साथ ही मास्टर ट्रेनर अजय गुप्ता व अमित ने विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी ग्राम प्रधानों व पंचायत सचिवों को तमाम छोटी से बड़ी जानकारियां प्रदान की और प्रशिक्षित किया। आशादीप फाऊंडेशन के विशाल ने प्रशिक्षण के दौरान अपनी भूमिका निभाई। पंचायत सचिव प्रशांत सक्सैना, अजय कुमार पटेल, मनोज गुप्ता, सत्य प्रकाश निगम, अंकित द्विवेदी, संतोष कुमार गिरी, स्तुति सिंह सहित कई पंचायत सचिव प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित रहे। समापन सत्र पर एडीओ पंचायत कमल किशोर शुक्ल ने विभाग द्वारा चलाई जा रही अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से सभी को जानकारी दी और आये हुए आगंतुकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सत्र का समापन किया।

## चौक डिवीजन में 4 लोग बिजली चोरी में पकड़े गए



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** राजधानी लखनऊ के मध्य क्षेत्र में बिजली विभाग ने एक बात फिर छापेमारी करते हुए 4 उपभोक्ताओं को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा है जिनके ऊपर विभागीय कार्यवाही की जा रही है। आपको बता दें लखनऊ मध्य क्षेत्र के मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के निर्देश पर चौक डिवीज़न के नादान महल उपकेंद्र के क्षेत्र में अधिशाषी अभियंता रमन वासुमित्रा के नेतृत्व में नादान महल उपखंड अधिकारी व अवर अभियंता ने विभागीय टीम के साथ सुबह 5 बजे से लेकर 8 बजे के बीच अशरफाबाद इलाके में मॉर्निंग रेट अभियान चलाया। इस दौरान कुल 15 उपभोक्ताओं के कनेक्शन को चेक किया गया जिसमे से 4 उपभोक्ताओं को लगभग 14 किलोवाट तक की बिजली चोरी करते हुए पाया गया। अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा ने बताया की बिजली चोरी करने वाले इन सभी 4 उपभोक्ताओं के खिलाफ थाना एंटी पावर थेफ में बिजली चोरी की धारा 135 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है और सभी का कनेक्शन बिजली पोल से काट दिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे भी बिजली चोरी रोकने के उद्देश्य से इसी तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान'' राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। श्री जय नारायन मिश्र महाविद्यालय मे आज विधि संकाय एवं उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान मे ''हमारा संविधान--हमारा स्वभिमान'' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि, पद्मश्री, हृदय नारायण दीक्षित, पूर्व अध्यक्ष, विधान सभा, उत्तर प्रदेश, ने दीप प्रज्ज्वलित कर संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय के छात्र- छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा कि, हमारा संविधान एक श्रेष्ठतम संविधान है और हम सभी को अपने संविधान पर गर्व है। किसी भी राष्ट्र का संविधान उसका धारक होता है। इसके निर्माण में अनेक विद्वानों एवं मनीषियो ने अपना योगदान दिया है। आज संविधान के प्रति जन जागरुकता का प्रसार होना आवश्यक हो गया है, क्योकि संविधान के प्रति जैसी जागरुकता होनी चाहिए, वैसी प्रतीत नही होती। हम मे से अधिकांश लोग संविधान को लेकर बड़ी बड़ी बाते तो करते हैं किंतु उसमे लिखी बहुत सारी बातो को या तो भूल जाते है या अनिभिज्ञ होते है। लेकिन यह सच है कि बड़े बड़े जिम्मेदार लोगो से भी संविधान की प्रक्रियागत त्रुटि हो जाती है। उन्होंने एक उदाहरण भी दिया कि कैसे 1999 मे हुए संविधान संशोधन को उच्चतम न्यायालय द्वारा मान्यता नही मिली थी। उन्होंने बाबा साहब अंबेडकर की उस बात को भी दोहराया जिसमे उन्होंने कहा था कि संविधान मे मान्यता के साथ-साथ संवैधानिक नैतिकता भी होनी चाहिए। उन्होंने ने कहा कि समय एवं परिस्थितियों के अनुसार लोग संविधान से सहमत या असहमत हो सकते है, इसीलिए आवश्यकता पड़ने पर इसमें दो तिहाई बहुमत से संशोधन किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि, राजनितिक लाभ के लिए संविधान के प्रति भ्रम फैलाना उचित नहीं है। इसे कोई भी छू नही सकता। हमारा संविधान अजर अमर है। इसे कोई खतरा नही है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रो विनोद चन्द्रा ने संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि, संविधान जन जन का प्रतिनिधित्व करता है तथा सबको समानता का अधिकार देता है। विधि संकाय प्रभारी, प्रो मनोज पांडेय ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि, संविधान से संवंधित विषय पर छात्र छात्राओं को व्यवहारिक जानकारी देने के लिए इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि संविधान को लेकर अभी भी बहुत कुछ होना शेष है, जैसे कि संविधान के लागू होने के 75 वर्ष बीत जाने पर भी जन साधारण की भाषा- हिंदी, उच्चतम न्यायालय के कार्य प्रणाली का हिस्सा नहीं बन पायी है। इस अवसर पर संगोष्ठी का संचालन डॉ अतुल बाजपेयी द्वारा किया गया। संगोष्ठी के सफल समापन पर उप प्राचार्य, प्रो के के शुक्ला ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। विधि संकाय शिक्षक सन्निवेश मिश्रा, प्रो ताज मोहमद, प्रो संतोष सिंह, प्रो एससी हजेला, डा अंशुमाली शर्मा, प्रो पायल गुप्ता, प्रो प्रवीण कुमार, डा दिवाकर यादव, डा दिलीप कुमार, डा सुनीता राठौर, डा महेंद् वैश्य, डा विपिन यादव, डा प्रमोद यादव, डा सना सिद्दीकी, सीजी एन महाविद्यालय गोला, लखीमपुर प्राचार्य, प्रो पंकज सिंह, इस्लामिया महाविद्यालय प्राचार्य डा दिलशाद अहमद, डा गणेश यादव, डा विनय यादव, डा राजेंद्र चौरसिया, समाजवादी चिंतक, दीपक मिश्रा डी ए वी महाविद्यालय लखनऊ छात्र संघ पूर्व अध्यक्ष सुनील मिश्रा एवम मनोज राय सहित बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित रहीं।

## बेघर को नहीं मिला प्रधानमंत्री आवास जिम्मेदारों ने पात्रता को रख दिया ताक पर



**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एक बे घर परिवार इधर उधर भटक रहा है। पात्रता होने के बाद भी उसे आवास का लाभ नहीं मिल सका। विकास खंड गोसाईगंज की ग्राम पंचायत हरदोईया निवासी कल्लू सिंह पुत्र प्रताप सिंह के मुताबिक उनके पास अधिक भूमि नही है।वे मजदूरी करके किसी तरह से पत्नी व बच्चों का भरण पोषण कर रहे हैं। उन्होंने आवास के लिए फार्म भरा था। इस संबंध में अधिकारियों से मिन्नतें भी की लेकिन उनकी मिन्नतों का किसी पर कोई असर नहीं हुआ। कल्लू के अनुसार उन्हें दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पात्र होते हुए भी प्रधानमंत्री आवास का लाभ उन्हें नहीं मिल पा रहा है जबकि यह योजना गांवों के गरीब लोगों के लिए बताई जा रही है। कल्लू के अनुसार उसके पास किसी सरकारी कर्मचारी अन्य को देने के लिए एक भी रुपया नहीं है हो सकता है इसी लिए उसको आवास नहीं मिल पा रहा है।

# रोड निर्माण के दौरान उड़ रहीं मानकों की धज्जियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम के अधिकारियों की लापरवाही से लगातार जनता के पैसों की बर्बादी हो रही है। नगर निगम ज़ोन 5 में रोड निर्माण के दौरान मानकों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और सम्बंधित अधिकारी अपनी ज़िम्मेदारियों से आँख बंद किए हुए हैं। सरोजनी नगर वार्ड के सिद्धार्थ पुरम में लखनऊ महापौर कोटे से रोड निर्माण कार्य हो रहा है जोकि अनिल दुबे के घर से लेकर राम कृपाल के घर तक किया जा रहा है। सड़क निर्माण के दौरान मानको के विपरीत इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाए जा रहे किन्तु ज़ोन 5 के सहायक अभियंता व अवर अभियंता को ठेकेदार द्वारा की जा रही ये अनियमिता नज़र नहीं आ रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहाँ रोड निर्माण में इंटरलॉकिंग बिछाने के लिए नगर निगम व निर्माण कार्य करने वाली फर्म के बीच हुए अनुबंध में दिए गए एस्टीमेट में 4 इंची जेएसबी डालकर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगानी थी किन्तु यहाँ निर्माण के दौरान रोड पर इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाने में अनियमिता करते हुए मानको के विपरीत मात्र एक से डेढ़ इंच ही जेएसबी डाल कर इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाए जा रहे हैं जो की नगर निगम को खुलेआम चूना लगाने जैसा है। यहाँ मनको के विपरीत इंटरलॉकिंग टाइल्स लगाए जाने से ये सड़क समय से पहले ही दम तोड़ देगी जो की जनता के पैसे की सीधी सीधी बर्बादी है। महापौर के कोटे से बनने वाली यह रोड यदि घटिया गुणवत्ता की बनाई जाती है तो इससे महापौर की भी छवि धूमिल होगी इसलिए नगर निगम के उच्च अधिकारियों को चाहिए है की निर्माण कार्य में हो रही इस धांधली की जांच करवाते हुए संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता की भूमिका की भी जाँच करवाएं जिससे की जनता के पैसे की बर्बादी को रोका जा सके और नगर निगम की छवि धूमिल होने से बचाई जाए।

# कुंभ मेला से भटकी वृद्ध महिला को पुलिस ने घर भेजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज लखनऊ। मोहनलालगंज पुलिस ने कुंभ मेला से अपने परिजनों भटक कर मोहनलालगंज में घूम रहीं एक 65 वर्षीय वृद्ध को बड़ी मशक्कत के बाद उसके घर भरतपुर राजस्थान गुरुवार को भिजवाया वही वृद्ध महिला के परिजनों ने एक सेल्फी के साथ लखनऊ मोहनलालगंज कमिश्नरेट पुलिस का आभार प्रकट किया। इंस्पेक्टर मोहनलालगंज ने बताया कि कस्बे में भटक रही पर एक 65 वर्षीए वृद्ध महिला को पिंक बूथ की महिला सिपाही द्वारा बुलाकर जब उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम प्रेमवती और गांव का नाम डाबर बताया इसके अलावा वह कुछ अपने घर का पता नहीं बता सकी वृद्ध महिला द्वारा बताया गया डाबर गांव का नाम पुलिस द्वारा सी प्लान एप पर सर्च करने के बाद पता चला यह गांव आगरा जनपद में स्थित है जहां पर भटकी महिला की रिश्तेदारी थी महिला की फोटो के माध्यम से वहां के संभ्रांत लोगों से हुई बातचीत के क्रम में राजेंद्र सिंह नामक व्यक्ति ने फोन पर बताया बताया कि उक्त फोटो वाली यह महिला राजस्थान के जिला भरतपुर के थाना खेली मोड छोकरवाड़ा गांव के भीम सिंह की पत्नी प्रेमवती है और यह प्रयागराज में कुंभ स्नान करने गई थी जहां से वह अपने परिवार से भटक गई थी जिसके परिजन उसकी खोज कर रहे हैं गजेंद्र सिंह द्वारा दिए गए वृद्ध महिला के पुत्र हरदीप सिंह के मोबाइल नंबर से बातचीत के बाद मोहनलालगंज पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश पर भट्की वृद्ध महिला को राजस्थान की बस में बिठाकर सकुशल उसे घर भेजा गया।

महिला के सकुशल घर पहुंचने के बाद उसके पुत्र हरदीप सिंह ने अपनी खोई वृद्ध मां को पाकर प्रसन्न मुद्रा में एक सेल्फी मोहनलालगंज पुलिस को भेजा जिसमें उसने मोहनलालगंज कमिश्नरेट पुलिस का आभार प्रकट किया है।

# दम तोड़ती जा रही मोहम्मदी जिला बनाओ की मांग

❒ मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी नहीं बन सका मोहम्मदी जिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। तहसील को एक फिर जिला बनाने की मांग लोगो के लिए सपना ही बनकर रह गयी है। वर्ष 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने रामलीला मैदान में अपनी एक जनसभा में मंच से मोहम्मदी की जनता से कहा था कि तुम हमे विधायक दो हम मोहम्मदी को जिला बनाएगे। धीरे-धीरे समय बीतता गया और वर्ष 2022 में मोहम्मदी की जनता मोहम्मदी जिला बनेगी का सपना लेकर पुनः भाजपा के विधायक को जिताकर विधानसभा पहुंचा दिया परन्तु मोहम्मदी जिला बने एक सपना बनकर ही




रह गया। इसके लिये समय-समय पर कई कई सामाजिक संगठनो द्वारा मोहम्मदी को जिला बनाने की मुहिम चलाकर संघर्ष किया गया। तहसील के वकीलों द्वारा प्रत्येक शनिवार को हड़ताल पर रह कर इस मुहिम को काफी गति प्रदान की गयी थी फिर भी सारे प्रयास विफल रहे। जबकि वर्ष 1864 तक मोहम्मदी के जिला रहने से सम्बन्धित कई प्रमाण आज भी मौजूद है। जानकारो की माने तो नगर के जेपी इण्टर कालेज के पास पहले किला हुआ करता था जो वर्तमान में खण्डहर में तबदील हो चुका है। पहले अंग्रेज अधिकारी इस जगह को जिला मुख्यालय के रूप में प्रयोग करते थे। वर्ष 1857 के विद्रोह के दौरान जब क्रान्तिकारियो ने संघर्ष कर शाहजहांपुर जिले के पुवायां तब अंग्रेजो को भगा दिया था तब यहां बचे अंग्रेज अधिकारियो ने अपने को असुरक्षित महसूस किया उसके बाद एक जून 1857 को एक लाख दस रूपये यहां से सीतापुर भेजने की कोशिश की जिसे क्रान्तिकारियो ने रास्ते में ही मितौली कस्बे के पास लूट लिया था। इस घटना से काफी भयभीत होकर अंग्रेज चार जून 1857 को बरबर में रात रूककर अगले दिन आगे बढ़े। उस दौरान पांच जून को बरबर औरंगाबाद मार्ग पर उन सभी 16 अंग्रेज अधिकारियो को क्रान्तिकारियों ने मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद से ही अंग्रेजो ने मोहम्मदी को जिला समाप्त कर खीरी को जिला बनाया था। औरंगाबाद कस्बे के निकट जहां पर अंग्रेज अधिकारी जेम्स वाट थामसन सहित सभी 16 अंग्रेजो को मारा गया था वहां पर ब्रिटिश सरकार ने स्मृति स्तम्भ का निर्माण करवाया। वह स्मारक अब आर्कियोलाजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया द्वारा संरक्षित है। यह स्मृति स्तम्भ 1857 को क्रान्ति का महत्वपूर्ण गवाह है। उन मृतकों के परिजन आज भी यहां आते रहते है। मोहम्मदी ब्लाक में 26 व पसगवां ब्लाक में 34 स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के अलावा सैकड़ो गुमनाम क्रान्तिकारी हुए है। धीरे-धीरे पुनः विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आता जा रहा है परन्तु मोहम्मदी जिला बनेगी सपना बनकर ही रह गया।

## तीन दिवसीय वर्षिकोत्सव का हुआ शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर। एल्पिस ग्लोबल स्कूल में त्रिदिवसीय वार्षिकोत्सव का शुम्भारम्भ हो गया है। बुधवार को वार्षिकोत्सव का पहला दिन भव्यता के साथ मनाया गया । प्रथम दिवसीय वार्षिकोत्सव में पी.जी. से प्रथम कक्षा के नौनिहालों नें अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कार्यक्रम में पधारे समस्त लोगों का मन मोह लिया। पाहले दिन कार्यक्रम में विद्यालय डायरेक्टर निशीथ नारायण गोयल, मुदित सिंघल व अनुज सिंघल नें दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा कक्षा में शत - प्रतिशत उपस्थित रहे आद्या भार्गव,आदर्श भार्गव, देवांश जैन, रुद्राणी मिश्रा, अभय प्रताप सिंह, आयांश कुमार, आर्ना, अनाबिया अंसारी, आयुष राज, ओम मिश्रा, अनैशा कपूर, गौरव वर्मा, राघव वर्मा, अलीशा खान, अनुष्का गौतम, अलीजा खान, इनाया



खान, अर्श वर्मा, अव्यांश कश्यप, क्रीतांश वर्मा, को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शैक्षिक व व्यावहारिक क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु कोआर्डीनेटर शालिनी श्रीवास्तव, जूली पाण्डेय, नीलम श्रीवास्तव, रोली अवस्थी, सोनिया शुक्ला, नीती जैन को सम्मानित किया गया तथा शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु निधी अवस्थी, सपना सोनी, नीती जैन को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत विद्यालय के डायरेक्टर उमंग राजवंशी नें किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपा चंद्रा नें सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# ऐलिया के सचिव ने कहा गौशाला की फ़ोटो खींचना अन्दर जाना सीतापुर जिलाधिकारी के आदेश से मना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

ऐलिया सीतापुर। उत्तरप्रदेश के जिला सीतापुर के विकासखंड ऐलिया की ग्राम पंचायत कुरका में बनी गौशाला से संबंधित संवाददाता द्वारा दो दिन पूर्व एक खबर प्रशासन की गई जिस खबर का शीर्षक था विकासखण्ड ऐलिया के कुरका की गौशाला में गौवंश गन्दगी की वजह से बीमारी की हालत में खबर प्रशासन के बाद में संवाददाता ने कुरका ग्रामपंचायत सचिव जितेन्द्र पाल से पक्ष लिया तो सचिव द्वारा फोन पर वार्ता के दौरान बताया हमारा कुरका ग्रामपंचायत से ट्रांसफर हो चुका, तो संवाददाता द्वारा पूछने पर की तो अब कौन सचिव है तो कहा बात बताईऐ क्या, कुरका में बनी गौशाला से सम्बंधित ये पूछा गया कि अन्दर गौशाला के प्रधानपति के द्वारा क्यों नही जाने दिया जाता फ़ोटो क्यों नही खींचने दी जाती , तो ग्रामपंचायत सचिव जितेन्द्र पाल ने कहा जिलाधिकारी का



विकासखंड ऐलिया के कुरका की गौशाला में गौवंश गन्दगी की वजह से बीमारी की हालत में

ऐलिया सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तरप्रदेश जिले के सीतापुर के विकास खण्ड ऐलिया की ग्राम पंचायत कुरका में बनी गौशाला में प्रधानपति मनमोहन मौर्या के द्वारा करवाऐ गऐ कार्यो में कोई नियमावली का ध्यान नहीं रखा गया है जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री गौशालाओं के लिऐ करोड़ों रुपये ख़र्च करते है और सभी ज़िले के जिलाधिकारीयों को निर्देशित किया कि कोई भी गौवंश कोई भूखा न रहे व किसी तरह की परेशानी में न रहे मगर विकासखण्ड ऐलिया के कुरका ग्रामपंचायत महिला प्रधान के पति मनमोहन मौर्या अपने अनुसार नियम बनाकर गौशाला में अनियमिताओं का भंडार बनाऐ है। गौशाला के बाहर गेट पर दो आदमी खड़े रहते जो किसी भी व्यक्ति को गौशाला के अंदर नही गौवंशो तक जाने देते गेट के बाहर लिख के लगाया फ़ोटो खींचन सख्त मना है संवाददाता द्वारा गौशाला के अंदर कुछ दूर तक पहुँचने के बाद बाहर जबरदस्ती निकलवा दिया गया कहा गया यहाँ किसी को फ़ोटो खींचने के लिऐ छूट नहीं है अन्दर की गौवंशो की बहुत ही दयनीय इस्थित है गन्दगी की वजह से कई गौवंश बीमारी की हालत में भी लग रहे थे। जब कि सीतापुर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द लगातार गौशाला और भ्रष्टाचार का निरीक्षण भी करते है और सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित भी किया मगर कुरका ग्रामपंचायत में बने गौशाला में गौवंश गन्दगी की वजह बीमारी की हालत में रहने को मजबूर है।

आदेश है कोई पत्रकार भी अन्दर नही जा सकता है जाकर जिलाधिकारी और विकास खण्ड अधिकारी से जानकारी कर सकते हैं। संवाददाता यह जानना चाहता है कि क्यों गौशाला के अंदर जाने से किसी को जिलाधिकारी और खंड विकास अधिकारी रोकेंगे संवाददाता मिलकर भी जिलाधिकारी और विकास खण्ड अधिकारी से जानना चाहेगा कि गौशाला के अंदर जब सी.सी.टी.वी भी लगा हुआ है तो गेट के अंदर किसी भी व्यक्ति के जाने से गौवंशों को क्या समस्या हो सकती है क्या क्षेत्रीय लोगों से संवाददाता को मिली सूचना की गौशाला के अन्दर गौवंशो की संख्या कम है और कागज़ों पर ज्यादा लिख के प्रधानपति भ्रस्टाचार में लिप्त होना सत्य है? क्या गौशाला में गौवंश बीमारी की हालत में सच हैं क्या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी द्वारा गौशाला के लिऐ बनाऐ गऐ नियम और भेजे गऐ पैसों का प्रयोग गौवंशो पर ही हो रहा य प्रधानपति के द्वारा बंदरबॉट किया जा रहा है।

# अपर पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने ब्रिटिश कार्यकाल की पुलिस चौकी का किया उद्घाटन

❒ खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने नगर वासियों व पुलिस प्रशासन को चौकी बनने पर दी शुभकामनाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर सीतापुर। के थाना खैराबाद नगर की ब्रिटिश कार्यकाल की हटौरा पुलिस चौकी जो की अपनी दशा और दिशा दोनो तरह से जर्जर हो चुकी थी पुलिस विभाग के मुखिया एसपी सीतापुर और खैराबाद के कोतवाल अनिल सिंह व खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि के विशेष सहयोग से नव निर्मित हटौरा चौकी का उद्घाटन अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ प्रशांत कुमार ने किया।खैराबाद थाने की 2 चौकी का पूर्व में एसपी सीतापुर द्वारा उद्घाटन किया जा चुका है वही इस चौकी के बन जाने पर




खैराबाद की जनता के लिए पुलिसिंग और भी सहज हो गई है कस्बे से बीच चौकी होने के कारण आम जन मानस के लिए पुलिस की सुविधा और सुरक्षा पाने में आसानी हो है। अपर पुलिस पुलिस निदेशक लखनऊ ने इस दौरान पुलिस टीम की सराहना करते हुए उन्हें अपने कर्तव्यों का बेहतर निर्वहन करने की अपील की। नई पुलिस चौकी के शुरू होने से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और मजबूती मिलेगी तथा आम जनता को बेहतर सुरक्षा मिल सकेगी।यह नवनिर्मित चौकी क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। स्थानीय नागरिकों को अब पुलिस सहायता के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

वही इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता द्वारा बताया गया कि खैराबाद थाने की हटौरा चौकी बनने से कस्बे के नागरिक अपने आप को और अधिक सुरक्षित महसूस करेंगे ।खैराबाद थाने के कोतवाल और खैराबाद थाने की समस्त पुलिस खैराबाद के एक एक जन की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है वही पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि द्वारा आए हुए मुख्य अतिथि महोदय का मोमेंटो देकर स्वागत किया और अपनी खैराबाद वासियों को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की कार्यक्रम में एसपी चक्रेश मिश्रा सहित एडिशनल एसपी ,सी ओ सिटी और सी ओ सदर के साथ कई थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज व खैराबाद के बहुत से गडमान्य व्यक्ति शामिल शामिल हुए।

चौकी के शुरू होने से पुलिस की पहुंच आम जनता तक आसान होगी और त्वरित कार्रवाई संभव हो सकेगी।

# संपर्क मार्ग दो माह में ही हुआ खराब



❒ ग्रामीणों ने की गुणवत्ता जांच और मरम्मत की मांग, कई गांवों को जोड़ने वाली सड़क में उखड़ी गिट्टियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पहला सीतापुर। के विकास खंड पहला की ग्राम पंचायत कोरार का संपर्क मार्ग महज दो-तीन महीने में ही जर्जर हो गया है। लालापुर चौराहे से होकर कई गांवों को जोड़ने वाली इस सड़क की हाल ही में मरम्मत कराई गई थी, लेकिन अब इसकी गिट्टियां उखड़ने लगी हैं। स्थानीय निवासी प्रायांशु वर्मा, विपिन सिंह, उत्तम सिंह, विजय अवस्थी समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की खराब स्थिति से आवागमन में गंभीर समस्याएं हो रही हैं। लालापुर चौराहे पर मौजूद अनिल यादव, जेंटिल पटेल, हनीफ, गोडे रावत और अन्य लोगों ने भी इस समस्या की पुष्टि की है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया, जिसके कारण इतनी जल्दी सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराने और सड़क की पुनः मरम्मत कराने की मांग की है। यह सड़क क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह कई गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ती है और इसकी खराब स्थिति से हजारों लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है।

# आई जी रेंज प्रशांत कुमार ने नव निर्मित आगंतुक भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां सीतापुर । आई जी रेंज प्रशांत कुमार ने भोलागंज पुलिस चौकी कोतवाली बिसवां में नव निर्मित आगंतुक भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। आई जी रेंज प्रशांत कुमार ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण हो और फरियादियों को बार बार कोतवाली और थानो के चक्कर न लगाने पड़े इसके लिए शासन स्तर से क्षेत्र में पुलिस चौकियों का निर्माण कराया गया है। जिसके चलते आम जन को त्वरित न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था का अनुपालन करवाना ही विशेष प्राथमिकता है। उन्होने यह भी कहा कि पुलिस को समाज के साथ मिलकर काम करना है। समाज में भय फैलाने वाले अराजकतत्वो को किसी भी कीमत पर बर्दास्त नही किया जायेगा ऐसे लोगो के खिलाफ कठोर कार्यवाही पुलिस करेगी। उक्त बाते आईजी जोन प्रशांत कुमार ने कोतवाली में नव निर्मित आगुन्तक कक्ष का फीता काटकर लोकार्पण करते हुए कही।उन्होंने कहा कि अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा



नही जायेगा। उन्होंने कोतवाली में अपराध रजिस्टर का निरीक्षण भी किया कोतवाली परिसर को दुल्हन की तरह सजाया गया इस मौके पर संस्कृतिक संध्या एवं भोज का आयोजन हुआ जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार, सीओ बिसवां सतीश चंद्र शुक्ला, दिनेश शुक्ला सदर शहर, अमन कुमार सिंह सदर शहर,सुशील कुमार यादव सीओ लहरपुर, कपूर कुमार सीओ सिधौली, दीपक कुमार सीओ मिश्रिख, वेद प्रकाश सीओ महमूदाबाद, आरआई शिव बालक वर्मा, डॉ प्रवीण रंजन, प्रकाश कुमार व बिसवां के नागरिक एजाज अली, मुन्ना सिंह, फैसल सिराज, उमर अंसारी समेत बड़ी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे । प्रभारी निरीक्षक तेज प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज आशुतोष मिश्रा, उपनिरीक्षक महेश गंगवार, उपनिरीक्षक सुधाकर सिंह,उपनिरीक्षक अतुल वर्मा,सहित पुलिस स्टाफ सहित गड़मान्य नागरिक मौजूद रहे।

## मारुति नंदन आश्रम पर श्री रूद्र महायज्ञ में पहुंचे कसमंडा स्टेट कुंवर दिनकर प्रताप सिंह



**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड कसमण्डा क्षेत्र के प्राचीन मारुत नन्दन आश्रम नेवादा बल्दीपुरव मे चल रही सप्त दिवसीय श्री मारूत नन्दन रुद्र महायज्ञ एवं विशाल सन्त सम्मेलन मे पहुंचे कसमण्डा स्टेट के कुवर दिनकर प्रताप सिंह ने हनुमान जी के मंदिर मे दर्शन पूजन किया तथा कथा पान्डाल मे बैठकर श्रीमद्भागवत एवं मानस प्रवक्ता मोहिनी शुक्ला किरन शुक्ला द्वारा सुनाई गई रामकथा का रसपान करके यथा संभव दान देकर प्रसाद ग्रहण किया इस मौकेपर सुरेन्द्र सिंह, अशोक मिश्रा,रामविलास तिवारी,ज्ञानेन्द्र सिंह,युवराज सिंह,रामलखन तिवारी,अमर सिंह, इन्द्रपाल सिंह,ब्रजकिशोर मिश्रा,लाखन सिंह, अमर बाजपेई,सुमित बाजपेई, जितेन्द्र कुमार सिंह,श्याम किशोर मिश्रा,मधुकर पाण्डेय,अम्बुज सिंह,विभू सिंह, सहित बड़ी संख्या मे श्रधालु उपस्थित रहे

## बसंत कालीन गन्ना बुवाई का हुआ शुभारंम्भ



**सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चीनी मिल जवाहरपुर सर्किल कटीली 'सी' के गांव बैटपुर में किसान इंद्रपाल के खेत पर गन्ना प्रजाति को0 0118 व को0लख0 14201 के साथ किया गया । जिसका शुभारम्भ जवाहरपुर चीनी मिल अधिशासी निदेशक टी एन सिंह के द्वारा किया गया। इस शुभ अवसर पर अधिशासी निदेशक टी एन सिंह के साथ सहायक महाप्रबंधक बब्बन सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक संतोष कुमार सिंह,गन्ना अधिकारी प्रमोद सिंह व गन्ना विकास सहायक संतोष वर्मा व अन्य उन्नतशील कृषक उपस्थिति रहे। इस अवसर पर टी एन सिंह ने किसानों से वार्ता करते हुए खेत की तैयारी में गहरी जुताई के साथ ट्राइकोडर्मा से भूमि उपचार हेक्साजास्टाप से बीज उपचार व ट्रेंच विधि से बुवाई पर विस्तृत चर्चा की एवं किसानों को उन्नतशील प्रजातियों जैसे को0118 , कोसा015023 , को0लख014201 ,को0शा0 13235 व 98014 की अधिक क्षेत्रफल में बुवाई के लिए प्रोत्साहित किया ।

## विधायक रोमी साहनी ने दिव्यांगों को बाँटी ट्राईसाईकिल, माल्यार्पण कर किया सम्मानित



**पलियाकला-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पलिया 137 विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोमी साहनी ने विधानसभा क्षेत्र के बांकेगंज ब्लॉक में 29 दिव्यांगों को ट्राई साइकिल प्राप्त प्रदान करते हुये माल्यार्पण कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को विधायकों में साहनी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देते हुए योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। ट्राई साइकिल पाने वाले दिव्यांगों के चेहरे पर खुशी की लहर देखी गई। सभी दिव्यांगों ने उत्साहित स्वर में उत्तर प्रदेश शासन एवं विधायक रोमी साहनी का आभार प्रकट किया।

## पढ़ुआ पुलिस के हत्थे चढ़ा एक पेशेवर अपराधी ''जिबरार



**निघासन-खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एसपी संकल्प शर्मा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के दृष्टिगत शुक्रवार को थाना पढ़ुआ पुलिस द्वारा विभिन्न धाराओं में संलिप्त अभियुक्त वांछित हिस्ट्रीशीटर जिबरार पुत्र ताजिर को एसआई संदीप यादव,आरक्षी अनिल कुमार, जयचंद प्रेमकिशोर ने चोरी के 3200 रूपयों के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी जिबरार पर पूर्व में चोरी, राहजनी ,छिनौती, जैसे अन्य अपराधिक मामले दर्ज हैं। न्यायालय से अलग-अलग अभियोगों का वारंट जारी जिस पर पुलिस ने दबिश देकर आरोपी को गिरफ्तार किया है।

## न्यायालय के आदेश पर दो सगे भाइयों की हत्या में महिला समेत नौ पर मुकदमा दर्ज

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद जिले के थाना पाकबड़ा थाना के उमरी सब्जीपुर निवासी महिला परवीन जहां ने न्यायालय में दर्ज कराए वाद में अपने दो बेटों की हत्या का आरोप में बहू समेत नौ लोगों पर लगाया था। न्यायालय ने मामले में सभी आरोपितों विरूद्ध केस दर्ज करने के आदेश दिए। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपितों ने साजिश रचकर दोहरे हत्याकांड को हादसा दिखा दिया था। पीड़ित मां का कहना है कि पुलिस थाने में सुनवाई न होने पर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आज एक महिला समेत नौ लोगों के खिलाफ हत्या में केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएंगे। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परवीन जहां ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसके बेटे मुन्ना और छोटू 20 अक्टूबर 2024 की सुबह करीब साढ़े चार बजे कटघर क्षेत्र से ट्रैक्टर-ट्रॉली में सीमेंट की बोरियां लादकर रामपुर जा रहे थे। पाकबड़ा के उमरी सब्जीपुर निवासी मुकीम दोनों भाइयों को घर से बुलाकर ले गया और कटघर क्षेत्र में दुर्घटना दिखाकर हत्या कर दी। महिला का आरोप है कि उसके बेटों की हत्या में छोटू की पत्नी शहाना भी शामिल है। पूरी साजिश रचकर हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। इस घटना की सूचना पुलिस को दी तो आरोपी मौके से भाग गए थे।

# सीर गोवर्धनपुर में गुरु रविदास जयंती समारोह की तैयारियों को भाजपा नेताओं ने परखा



एजेंसी

वाराणसी। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 648वीं जयंती की तैयारियां जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर स्थित रविदास मंदिर में युद्ध स्तर पर चल रही है। मंदिर के ट्रस्टी और सेवा कार्यों से जुड़े कार्यकर्ता लाखों श्रद्धालुओं के आने के पहले व्यवस्था में जुटे हुए हैं। इसमें सड़क, सुरक्षा, सफाई, यातायात, बिजली आदि की व्यवस्था में प्रशासन की टीम भी पूरा सहयोग कर रही है। भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल पार्टी के नेताओं के साथ शुक्रवार को सीर गोवर्धनपुर स्थित रविदास मंदिर में पहुंचे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने विभिन्न कार्यक्रमों और अनुयायियों की सेवा व सहयोग को लेकर मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी कृष्ण लाल सरोवा और प्रबंधक से मुलाकात कर तैयारियों की जानकारी ली। इस दौरान भाजपा नेताओं ने गुरु रविदास की जन्मस्थली पर मत्था टेक कर आशीर्वाद लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने मंदिर प्रबंध समिति को आश्वस्त किया कि भाजपा कार्यकर्ता हर संभव सेवा और सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे। मुलाकात के दौरान सन्त शिरोमणि की जयंती पर भारी भीड़ आने की संभावना को देखते हुए सड़क, सुरक्षा, सफाई, यातायात और बिजली की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर मंदिर प्रबंध समिति और प्रशासन के बीच समन्वय की आवश्यकता पर जोर दिया गया। मुलाकात के बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल और अन्य पदाधिकारियों ने मंदिर के आसपास के मार्गों का पैदल भ्रमण किया और सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। इस दौरान भाजपा नेता सुरेश सिंह, सुरेंद्र पटेल, जयप्रकाश पटेल, राम सिंह यादव, मल्लू पटेल, राकेश सिंह, धर्मेंद्र यादव, बृजेश सिंह कपिल, अखिलेश उपाध्याय, पप्पू पटेल आदि भी मौजूद रहे।

# आत्महत्या को उकसाने की दोषी महिला को सात वर्ष का कारावास



एजेंसी

फिरोजाबाद। न्यायालय ने शुक्रवार को आत्महत्या के लिए उकसाने की दोषी महिला को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना दक्षिण क्षेत्र निवासी अनंत प्रकाश ने 29 सितम्बर 2017 को भाई की पत्नी संगीता अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। अनंत का कहना था उसके भाई की पत्नी संगीता परिजनों को झूठे मुकदमों में फंसाकर मानसिक उत्पीड़न करती रहती है। उसकी पुत्री आंकाक्षा उम्र 21 वर्ष की शादी कुछ महीने पहले हुई थी। वह अपनी ससुराल से घर आयी। संगीता ने उसकी पुत्री से कहा कि अब वह उसके ससुराल वालों पर झूठे मुकदमें लगवा देगी। जिससे उसकी पुत्री क्षुब्ध रहने लगी। इस कारण उसने जहर खा लिया। परिजन ट्रामा सेन्टर ले गये जहां से आगरा रैफर किया गया। आगरा में दूसरे दिन आकांक्षा की मृत्यु हो गयी। मृतका के बिस्तर से पत्र मिला जिसमें मृत्यु का कारण दोषी महिला का होना कहा गया। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या 5 नित्य पाण्डेय की अदालत में चला। मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने संगीता को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 7 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर 10 हजार रुपया अर्थ दंड लगाया है।

# जिला विद्यालय निरीक्षक से मिला शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद कुशीनगर चेत नारायण गुट का एक प्रतिनिधिमंडल आज जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर से मिलकर शिष्टाचार भेंट वार्ता किया। इस प्रतिनिधिमंडल में अशोक कुमार चौरसिया जिलाध्यक्ष, जितेंद्र मणि त्रिपाठी जिला मंत्री, अजय कुमार संगठन मंत्री, श्री ज्योतिष कुमार पांडेय प्रांतीय मंत्री तथा श्री कृपा शंकर पांडेय संगठन संरक्षक आदि ने जनपद के माध्यमिक विद्यालयों की समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा की, और एक पत्रक दिया।जिला विद्यालय निरीक्षक ने न्यूनतम 50% अपार आईडी सृजन पर माह जनवरी 2025 का वेतन निर्गत करने, एनपीएस की धनराशि आदित्य बिरला सन लाइफ में निवेशित की जांच करने, एनपीएस को अपडेट कराने, वेतन, परीक्षा एवं मूल्यांकन कार्य केअवशेषों का यथाशीघ्र भुगतान करने, 31 मार्च 2025 को सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों के देयकों की पत्रावली मगवाने और जनपद में वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति की पत्रावली को निस्तारित करने का आश्वासन दिया।

# बालक और बालिकाओं दोनों के लिए कर्ण भेदन संस्कार जरूरी

- श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) कसया पर श्रीराम महयज्ञ का पांचवा दिन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर। कसया नगर स्थित श्रीरामजानकी मंदिर (मठ) में पंद्रहवें वर्ष दस दिवसीय श्रीराम महायज्ञ के चौथे दिन गुरुवार की रात अयोध्या धाम से आये कलाकारों ने श्रीरामलीला के अंतर्गत प्रभु श्रीराम द्वारा ऋषि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा और ताड़का वध का सजीव मंचन किया। वहीं पांचवे दिन शुक्रवार को दोपहर में वृंदावन से आये कथा वाचक अंकुश महाराज ने प्रभु श्रीराम के नामकरण की कथा सुनाते हुए समाज से विलुप्त हो रहे संस्कारों पर चिंता प्रकट करते हुए नामकरण और कर्ण भेदन संस्कार की



महत्ता को बताया। कथा वाचक ने कहा कि नामकरण संस्कार शुद्धि के पश्चात आचार्य जी को घर बुलाकर विधिवत गणेश पूजन, नवग्रह पूजन, सूतकों का पूजन और नक्षत्रों का पूजन कराकर पंचांग के अनुसार राशि और नक्षत्र देख करके करना चाहिए। जिनका नाम बिना विचारे रखा जाता है वे जीवन भर बेचारे बने रहते हैं। कथा वाचक ने कर्ण भेदन संस्कार को बालक और बालिकाओं दोनों के लिए जरूरी बताते हुए कहा कि इससे पिछले जन्म के पाप कर्म समाप्त होते हैं। कथा का प्रारम्भ यजमान अश्वनी जायसवाल द्वारा व्यास पीठ के पूजन से हुआ। इस दौरान आचार्य रामजी पांडेय के देख रेख में श्रीराम महायज्ञ एवं अयोध्या धाम से आये संतो द्वारा अखंड श्रीसीताराम नाम संकीर्तन चलता रहा। श्रद्धालु भारी संख्या में यज्ञ मंडप की परिक्रमा करते रहे। इस अवसर पर महंत त्रिभुवन शरण दास, व्यवस्थापक देव नारायण शरण, विष्णु शरण, परशुराम दास, त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, सीपीएन पाठक, रागिनी सिंह, सुभाष दुबे, सुरेश प्रसाद गुप्ता, तेज प्रकाश, आलोक श्रीवास्तव, शशि श्रीवास्तव, धनंजय तिवारी, प्रियंका तिवारी, काशीनाथ सिंह, शकुंतला सिंह, विपिन बिहारी श्रीवास्तव, उर्मिला श्रीवास्तव घनश्याम जायसवाल, बृज देवी, अनिरुद्ध यादव, ज्ञान्ति यादव, दिलीप पांडेय, हीरा वर्मा, मणि प्रकाश यादव, निशांत सिंह, शिवम राय, मनीष, दीपू तिवारी, माल्या तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# कुशीनगर में बनेगी नई चीनी मिल, डिस्टलरी एवं सीएनजी प्लांट

- 100 एकड़ भूमि चिन्हित, युवाओं को मिलेगा रोजगार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

कुशीनगर । कुशीनगर जनपद के पडरौना में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए स्वराज क्रांति ग्रुप, लखनऊ एवं उनकी टीम के साथ चेयरमैन कन्हैया शर्मा के प्रयासों से नई चीनी मिल, डिस्टलरी और सीएनजी प्लांट स्थापित करने की योजना को हरी झंडी मिल गई है। इस परियोजना के लिए 100 एकड़ भूमि सिरसिया दीक्षित ग्राम सभा क्षेत्र में चिन्हित की गई है। इस ऐतिहासिक परियोजना के बारे में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि ''यह परियोजना कुशीनगर के आर्थिक विकास में मील का पत्थर साबित होगी और युवाओं को बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। 10 हजार TCD क्षमता वाली आधुनिक मिल यह चीनी मिल 10,000 ट्ठएककी क्षमता वाली होगी। साथ ही, इसमें डिस्टलरी और सीएनजी प्लांट भी शामिल होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक संभावनाएं बढ़ेंगी।



### परियोजना से होने वाले लाभ

किसानों को गन्ने का उचित मूल्य और समय पर भुगतान

### हजारों युवाओं को नए रोजगार के अवसर

### स्थानीय व्यापारियों और छोटे उद्यमियों को व्यापार के नए अवसर

### पर्यावरण हितैषी सीएनजी प्लांट से वैकल्पिक ऊर्जा स्रोत का उत्पादन

### भौतिक निरीक्षण में मौजूद

### अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि

भूमि निरीक्षण के दौरान राजस्व विभाग की टीम, ग्राम प्रधान सुनील दीक्षित, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि जितेंद्र पाठक, युवा नेता धनंजय सिंह पहलवान, ऋतिक सिंह गौतम, श्याम बदन शर्मा, अजय सिंह, सोनू मदेशिया समेत कई स्थानीय गणमान्य उपस्थित रहे।

जल्द शुरू होगा निर्माण कार्य

स्वराज क्रांति ग्रुप के चेयरमैन कन्हैया शर्मा निवासी ग्राम चिरगोड़ा खास ने कहा कि ''यह परियोजना किसानों और युवाओं के भविष्य को संवारने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। जल्द ही भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू होगी।

### पडरौना को मिलेगा औद्योगिक विकास का उपहार

यह परियोजना रामकोला पडरौना रोड सुसवलिया से सिरसिया दीक्षित खजुआ माई के स्थान से उत्तर और पूरब दिशा में बड़हरा स्टेशन के पास तक फैली भूमि पर विकसित होगी। इस नई चीनी मिल के बनने से कुशीनगर का औद्योगिक विकास तेजी से आगे बढ़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

# छितौनी इण्टर कॉलेज,के प्रबन्ध समिति अध्यक्ष विजय सिंह निर्वाचित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कुशीनगर । जिले के छितौनी इंटर कॉलेज में शुक्रवार को आठ माह के बाद प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ । सीनियर डिविजन के आदेश पर डीआईओएस श्रणव कुमार ने चुनाव अधिकारी राजीव कुमार मल्ल को मनोनीत कर प्रबन्ध कमेटी की चुनाव कराई। प्रबन्ध समिति के सदस्यों ने आपसी सहमति से अध्यक्ष विजय सिंह, उपाध्यक्ष राजेश केडिया, प्रबंधक मुकुंद माधव केडिया , उपप्रबंधक प्रेमलाल गुप्ता, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह तथा सदस्य के लिए लक्ष्मी नारायण मल्ल, राजधारी यादव, प्रदीप कुमार, प्रहलाद, आशुतोष खेतान, मेहुल कुमार व विशाल को सर्वसम्ति से मनोनीत किये। जबकि प्रबन्ध कमेटी के चार सदस्य विजय कुमार तुलस्यान, हरी प्रसाद गुप्त, लक्ष्मन जायसवाल व राजकुमार तुलस्यान ने इस प्रक्रिया से दूर रहे। जानकारीके अनुसार छितौनी इण्टर कालेज में रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटी एवं चिट्स द्वारा उपलब्ध सूची मे 33 सदस्य है। प्रबन्ध कमेटी की निर्वाचन प्रक्रिया में 24 ही सदस्य शामिल हुये। शेष 9 सदस्य अनुपस्थित रहे। सर्वप्रथम साधारण सदस्यों ने आपसी सहमती पर विचार विमर्श किये। जिस दौरान समिति के 4 सदस्यों ने चुनाव प्रक्रिया में शामिल नही होने की बात कह कर चले गये। उसके बाद शेष 20 सदस्यों ने आपसी सहमती बनाते हुये प्रबन्धन का चयन कर लिया गया । प्रबन्ध समिति के मनोनित अध्यक्ष विजय सिंह ने समिति को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि नई प्रबन्ध समिति विद्यालय के आधारभूत संरचना के विकास हेतु सतत प्रयत्नशील रहेगी। वही प्रबन्धक मुकुन्द माधव केडिया ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृत प्रोजेक्ट आलंकार के तहत 8 कमरों की नयी भवन तैयार के साथ मरम्मत का कार्य किया जाएगा इसके साथ प्रतिवर्ष क्षेत्र के 200 गरीब मेधावी छात्रों की निशुल्क पढाई की खर्च प्रबंधन कमेटी निर्वाह करेगी। इस विद्यालय को जिला का नंबर वन विद्यालय बनाने के लिए प्रबंध कमेटी पूरी तरह तत्पर है। पूर्व प्रबंधक अशोक कुमार केडिया ने नई प्रबंध कमेटी को शुभकामना देते हुए विद्यालय की पुरानी छवि को पुनः स्थापित करने के लिए अपील किया। इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने नवनियुक्त प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों को शुभकामना दिये। इस दौरान वरिष्ठ शिक्षक आकाश कुमार सिंह, विजय कुशवाहा, जितेन्द्र यादव, प्रमोद सिंह, नवीन कुमार, संजीव सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## वयोवृद्ध भाजपा नेता रामचन्द्र पाण्डेय के निधन पर भाजपाई शोकाकुल



**पडरौना,कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जनसंघ काल में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के साथ कार्य करने वाले भारतीय जनता पार्टी के वयोवृद्ध नेता राम चंद्र पांडेय का 95 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। उनके निधन से भाजपाईयों में शोक की लहर दौड़ गई। अटल जन्मशताब्दी वर्ष के अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय ने रामचंद्र पाण्डेय के घर जाकर उनकी स्वास्थ्य स्थिति का हालचाल लिया था जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने शोक प्रकट करते हुए कहा कि भाजपा के सबसे पुराने कार्यकर्ताओं में एक रामचन्द्र पाण्डेय का निधन अत्यंत दुःखद है। दुःख की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके परिजनों के साथ है। राज्य सभा सांसद आरपी एन सिंह, सांसद विजय कुमार दूबे, विधायक विनय प्रकाश गोंड,पीएन पाठक, मोहन वर्मा, विवेकानंद पाण्डेय, मनीष जायसवाल, सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, डॉ असीम राय, जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, सन्तोष दत्त राय, राणा प्रताप राव, जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, विजय कुमार शुक्ल, मनोज जायसवाल, रमेश सिंह, विनोद भारती, दिवाकर मणि त्रिपाठी, सीता सिंह, जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल, रामगोपाल गुप्ता,अतुल श्रीवास्तव, बाबू नन्दन सिंह, रामसागर कुशवाहा, डॉ सीमा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य ने भी रामचन्द्र पाण्डेय के निधन पर शोक व्यक्त किया है।

## वार्षिकोत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**राजापाकड़ /कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** तमकुही विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय माधोपुर बुजुर्ग में शारदा संगोष्ठी एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित वार्षिकोत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। शारदा संगोष्ठी के तहत अभिभावकों से नामांकित आऊट आफ स्कूल बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीमुद्दीन अंसारी ने आऊट आफ स्कूल,ड्राप आऊट बच्चों के नियमित उपस्थिति पर जोर देते हुए इसके बारे में गहनता से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक अजीमुद्दीन अंसारी,संजय कुमार सिंह, सुरेन्द्र सिंह आदि रहे।

## विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर करने वाले 9 फरवरी को होंगे सम्मानित

**कुशीनगर कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पृथ्वीपुर अभ्युदय समिति का पांचवा वार्षिक अधिवेशन नौ फरवरी को दुदही में आयोजित किया गया है। इसमें मेधावी और कम आय वाले विद्यार्थियों को फ़ेलोशिप तथा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। आयोजक प्रो. राणा प्रताप सिंह ने बताया कि पांचवे वर्ष समिति के अधिवेशन में कृषि एवं ग्रामीण विकास की चुनौतियां विषय पर ख्यातिलब्ध विद्वान अपने विचार रखेंगे। मेधावी छात्रों को भागीदारी फ़ेलोशिप दी जाएगी। इस वर्ष भी समिति ने राजदेव सिंह दूरदर्शिता सम्मान, मौल श्री देवी गंगा गौरवी सम्मान, विक्रम सिंह कर्मठता सम्मान, पृथ्वीपुर तेजस्विता सम्मान, सतीश डालमिया स्मृति सम्मान, ग्रामीण पत्रकारिता सम्मान, प्रोफ़ेसर रवीन्द्र प्रताप राव विज्ञान सम्मान एवं श्री शिव प्रताप राव शिक्षा सम्मान समिति द्वारा चयनित प्रतिभाओं को दिया जाएगा। कार्यक्रम में किसानों तथा शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों को आमंत्रित किया गया है।

## काशी विश्वनाथ दरबार में पहुंचे श्रृंगेरी पीठ शंकराचार्य

**वाराणसी।** श्री काशी विश्वनाथ धाम में शुक्रवार को श्रृंगेरी पीठ के शंकराचार्य जगतगुरु श्री श्री विधु शेखर भारती ने हाजिरी लगाई। मंगला आरती के बाद दरबार में पहुंचे शंकराचार्य ने बाबा के पावन ज्योर्तिलंग का दर्शन पूजन किया। शंकराचार्य ने श्री विश्वेश्वर महादेव को शास्त्रोक्त पूजन सामग्री अर्पित कर पूर्ण विधि विधान से पूजन-अर्चन कर सनातन जगत के कल्याण की कामना की।

## उत्तर प्रदेश स्टेट कैटरर्स एसोसिएशन की बड़ी जीत, उत्तराखंड भवन में अब नहीं हो सकेगी अवैध वसूली




**लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उत्तराखंड भवन में होने वाले सभी आयोजनों में पुलिसकर्मियों द्वारा राजधानी के कैटरर्स और डेकोरेटर्स से लगातार जारी वसूली पर अब पूर्णविराम लग जायेगा। स्थानीय चौकी इंचार्ज के सामने हुए समझौते के बाद यह सुनिश्चित हो गया है कि यहां पर होने वाले आयोजनों में उत्तराखंड भवन स्टाफ कर्मचारियों द्वारा जो अवैध कमाई की जा रही थी वह अब बंद हो जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने पत्रकारों को बताया कि उनके संगठन की यह बड़ी नैतिक विजय है।देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस चौकी पर हुए इस समझौते के मौके पर कैटरर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार के साथ एसोसिएशन से जुड़े कीर्ति चौधरी,रितिन जायसवाल, जितेंद्र वर्मा,अभिनव शर्मा, श्रीपाल संधू, इमरान, मनोज सिंह और मोनू तिवारी आदि व्यापारी मौजूद रहे।

# बरेली के मांझा फैक्ट्री में धमाका, तीन की मौत

एजेंसी

बरेली। जनपद के बाकरगंज इलाके में शुक्रवार की सुबह एक मांझा बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। इस घटना में फैक्ट्री मालिक समेत तीन लोगों की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना किला क्षेत्र के बाकरगंज के महबूबनगर में अतीक अहमद (45) अपने मकान में मांझा बनाने का काम कराते थे। उनके साथ कारीगर फैजान (25) और सरताज (24) भी रहते थे। आज सुबह साढ़े नौ बजे अचानक मांझा फैक्ट्री में तेज धमाका हुआ, जिसकी चपेट में आकर अतीक, फैजान की मौके पर ही मौत हो गई है। जबकि सरताज के गंभीर रूप से घायल होने पर उसे इलाज के लिए तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। स्थानीय शकील अहमद ने बताया कि उन्होंने अचानक तेज धमाके की आवाज सुनी और देखा फैक्ट्री से धुआं उठ रहा था। वहां पहुंचे पर मंजर देख कर उनके होश उड़ गए। फैक्ट्री के अंदर अतिक और फैजान के बूरी तरह जले और चीथड़े पड़े हुए थे। सरताज गंभीर रूप से घायल पड़ा हुआ है। घटना के कुछ देर तक



तो लोगों की समझ में ही नहीं आया कि आखिर हुआ तो हुआ क्या। घटना के बाद से क्षेत्र में मातम का माहौल है। जिसने भी इस बारे में सुना वह सन्न रह गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई। क्षेत्राधिकारी द्वितीय संदीप सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पाया गया कि मांझा में गंधक पोटास मिलाते समय बाकरगंज में हादसा हो गया। जिसमें मांझा फैक्ट्री मालिक और उसके दो कारीगरों की मौत हो गई। फैक्ट्री में खाली हिस्से में लोग माझा बनाने का काम करते थे, जहां एक कमरा भी बना हुआ था। मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सभी पहलुओं को लेकर जांच की जा रही है। वहीं इस बात का भी पता लगाया जा रहा है कि फैक्ट्री वैध है या अवैध।

# बहन की पिटाई से क्षुब्ध भाइयों ने की जीजा की निर्मम हत्या

एजेंसी



कानपुर। सचेण्डी थाना क्षेत्र के भौतिखेड़ा गांव में गुरुवार को हुई युवक की हत्या का पुलिस ने आज खुलासा कर दिया है। हत्या किसी और ने नहीं बल्कि युवक के सालों ने की थी। एडीसीपी विजयेन्द्र द्विवेदी ने शुक्रवार को बताया कि मूलरूप से औरैया जिले के लखना गांव सहार थाना का रहने वाला बाल गोविंद (42) करीब एक साल पहले अपनी पत्नी सपना और तीन बच्चों के साथ सचेण्डी स्थित भौतिखेड़ा गांव में ससुराल से कुछ दूरी पर किराए के मकान में रह रहा था। गांव के पास एक अगरबत्ती की फैक्ट्री में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। वह शराब का आदी था। रोजाना शराब पीकर घर आने के बाद पत्नी के साथ मारपीट करता था। बुधवार की रात भी उसने पत्नी के साथ मारपीट की थी। इसके बाद वह अपने मायके चली आयी। रोज-रोज की नशेबाजी और मारपीट से तंग आकर साले राजकुमार और संदीप ने घर में अकेले सो रहे बहनोई गोविंद की हत्या कर दी थी। अपर पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजयेन्द्र द्विवेदी शुक्रवार को बताया कि हत्यारोपितों ने घटना को अंजाम देने के बाद सुबूत मिटाने के उद्देश्य से खून से सने हाथों को पानी से साफ कर लिए और पुलिस की पड़ताल में शामिल हो गए। पूछताछ के दौरान दोनों पर शक होने पर फोरेंसिक टीम ने वैज्ञानिक विधि का इस्तेमाल करते हुए केमिकल से उनके हाथ धुलवाने पर हकीकत सामने आई। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर आलाकत्ल बरामद करते हुए दोनों को जेल भेज दिया है।

# शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों ने लगाई दौड़



एजेंसी

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड कर वार्षिक निरीक्षण किया। इससे पूर्व परेड की सलामी ली गई। उसके बाद परेड में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए परेड ग्राउंड में दौड़ कराई गई। एसएसपी ने ग्रुप में पुलिसकर्मियों का टर्नआउट चेक करते हुए पूरी ड्रिल कार्यवाही कराई। इस दौरान शस्त्रों के संचालन व उचित रखरखाव का भी अभ्यास कराया गया। इसके बाद पुलिस लाइन परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सीपीसी कैंटीन, गैस एजेंसी, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, फैमिली क्वार्टर, क्रेच, लाइब्रेरी व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों का निरीक्षण किया गया। एसएसपी ने पुलिसकर्मियों के आवासीय क्वार्टरों की व्यवस्थाओं को देखा और वहां सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही पुलिस लाइन में क्षतिग्रस्त भवनों के उचित रखरखाव व मरम्मत कार्य के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। आगामी उत्तर प्रदेश नागरिक पुलिस प्रशिक्षण के मद्देनजर उन्होंने आरटीसी भवन का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक सुधार के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस लाइन के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया, जहां उन्होंने प्रत्येक शाखा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अपने-अपने कार्यालय का कार्य सुचारू रूप से चलाने, आवश्यक रजिस्टरों का रखरखाव सही ढंग से करने तथा सभी अभिलेखों को व्यवस्थित रखने को कहा है।

# जिलाधिकारी ने की निर्माण कार्यों एवं विकास योजनाओं की गहन समीक्षा

एजेंसी



मीरजापुर। शुक्रवार को जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण कार्यों, पूर्वांचल विकास निधि, क्रिटिकल गैप्स योजना एवं त्वरित आर्थिक विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बाधित एवं विलंबित परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंता, सिंचाई खंड चुनार का वेतन रोकने और उनके खिलाफ शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देशित किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी अरविंद राज मिश्र, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी बब्बन मौर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर गोवा लाल, जिला विद्यालय निरीक्षक माया राम, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत सुरेंद्र वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्टः पेयजल परियोजना निर्माण खंड, उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) के अधिशासी अभियंता ने बताया कि पेयजल योजना का 93% कार्य पूरा हो चुका है। नवनिर्मित इंटेक वेल एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट (ड्ढ्ढ) को संचालित कर जलकल के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति शुरू कर दी गई है। लालगंज सीड स्टोर एवं टेक्नोलॉजी सेंटर यूपी प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा बताया गया कि भू-तल एवं प्रथम तल का स्लैब कार्य पूरा हो चुका है। प्लास्टर कार्य प्रगति पर है, जबकि शेष धनराशि की मांग हेतु उपभोग प्रमाण पत्र जिला कृषि अधिकारी को भेज दिया गया है। स्पोर्ट्स स्टेडियम छात्रावास भवन उत्तर प्रदेश सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में बताया गया कि भूतल पर फ्लोरिंग एवं प्लंबिंग कार्य प्रगति पर है। प्रथम तल का स्लैब पूरा हो चुका है। द्वितीय तल के 50 प्रतिशत भाग में शटरिंग का कार्य चल रहा है। वर्षा जल संचयन हेतु दो रिचार्ज पिट और बोरिंग कार्य पूरा हो गया है। सीसी रोड का 75 प्रतिशत और बाउंड्रीवाल का 60 प्रतिशत निर्माण कार्य संपन्न हो चुका है।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम पहले अनुराधा द्विवेदी था जिसे अब बदल कर अनुराधा दुबे रखा गया है भविष्य में इन्हें अनुराधा दुबे के नाम से जाना जाय। दिनेश चंद्र दुबे निवासी 1169, गोलाघाट,सुल्तानपुर

# जान की बाजी लगाते वेंडर,चलती ट्रेनों में चढ़कर यात्रियों को बेच रहे खान पान सामग्री

❑ आरपीएफ के समझाने इसके बाद भी नहीं होता है सुधार हर महीने वेंडरों के खिलाफ होती है कार्रवाई..



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। चलती ट्रेन में चढ़ना-उतरना जोखिम से भरा होने के साथ ही अपराध भी है।बावजूद इसके स्टेशन पर इस नियम की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं।रोजाना कई दर्जन से अधिक ट्रेनों का संचालन होता है।इन सभी ट्रेनों के स्टेशन पर आने-जाने के दौरान चलती ट्रेन में वेंडर चढ़ते और उतरते नजर आते हैं।इससे हादसा होने की आशंका भी बनी रहती है।स्टेशन पर आने-जाने वाली ट्रेनों में वेंडर खानपान की भारी भरकम ट्रे,बाल्टियां लेकर दौड़ते हुए चढ़ते और उतरते हैं।ऐसे में हादसा होने का खतरा बना रहता है। पहले भी कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं,लेकिन यह वेंडर उनसे सबक नहीं लेते हैं।जरा सी लापरवाही से जान भी जा सकती है।वहीं वेंडरों का कहना है कि यदि जोखिम उठाकर ट्रेनों में चढ़कर नहीं बेचेंगे तो गुजारा कैसे होगा। उधर रेलवे चलती ट्रेन से चढ़ने उतरने को लेकर लगातार वीडियो डालकर लोगों को जागरूक करती रहती है, जिस में दर्शाया जाता है कि चलती ट्रेन में चढ़ना उतरना खतर नाक है,गति अनुमान के हिसाब से ज्यादा होती है, इसी लिए जान जोखिम में न डाले।

### हर महीने आरपीएफ करती है कार्यवाही

आरपीएफ के द्वारा समय-समय पर वेंडरों व यात्रियों को ट्रेन के स्टेशन पर रुकने के बाद ही चढने व उतरने की सम झाइश दी जाती है। बावजूद इसके वेंडर चलती ट्रेन में ही चढ़ते-उतरते हैं इसे लेकर आरपीएफ हर महीने तीस से पैतीस बेंडर्स के खिलाफ कार्रवाई होती है,लेकिन स्टेशन पर बढ़ती स्टाल व वेंडरों की अधिक संख्या के चलते आप सी प्रतिस्पर्धा में वेंडर जान जोखिम में डाल रहे हैं।वहीं आरपीएफ निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि लगातार जागरुकता अभियान चलाया जाता है। अगर उसके बाद भी वेंडर नहीं मानते है तो कार्यवाही भी की जाती है।

# बटन मशरुम स्पान का हुआ नि:शुल्क वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नानपारा, बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र पर संचालित क्षमता परियोजना के अंतर्गत बटन मशरुम स्पान का निशुल्क वितरण 10 लाभार्थियों को अलग अलग प्रकार पर किया जाता रहा जिसकी अंतिम खेप शुक्रवार को वितरित किया गया। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ शशिकांत बारगाह ने लाभार्थियों को मशरूम उत्पाद व उससे होने वाले आर्थिक विवरण सहित लाभार्थियों को बताया कि भारत सरकार द्वारा क्षमता परियोजना उन गरीबों के आर्थिक उत्थान की पूर्ति करता है जो आर्थिक रूप से पिछड़े है । जिस वास्ते मशरूम को एक विकल्प मानते हुए बताया कि मशरूम में राइबोफ्लेविन, पोटेशियम, विटामिन डी, सेलेनियम और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं और ये मानव स्वास्थ्य के लिए सहायक होते हैं। उन्होंने बताया कि मशरूम उद्योग लगातार तेज गति से बढ़ रहा है और इसका ज़्यादातर हिस्सा सफ़ेद बटन मशरूम उगाने पर केंद्रित है क्योंकि यह पूरे बाज़ार के 75 प्रतिशत हिस्से पर कब्ज़ा करता है। इसके बाद ऑयस्टर मशरूम का दायरा है और वे बाज़ार के 16% हिस्से पर कब्ज़ा करते हैं। जिस वजह से भारत में मशरूम की मांग में लगातार वृद्धि हो रही है, पर जरुरी है कि एक मशरुम उत्पादक के रूप में आपको इस व्यवसाय के बारे में गहराई से समझ होनी चाहिए, जिसमें बटन मशरुम प्रमुख है। इन्हें भारत में कुछ तरीकों से उगाया और खाया जाता है। यह सेलेनियम, पोटेशियम और फॉस्फोरस का एक अच्छा स्रोत है। इन्हें खाना एक अच्छा विकल्प है। इसकी मांग बहुत ज़्यादा है और इसे आकर्षक आय अर्जित करने के लिए जैविक तरीके से उगाया जाता है। मशरूम की सबसे ज़्यादा खपत वाली किस्मों में से एक है धान का भूसा। इसे खास तौर पर दक्षिण पूर्व एशिया में उगाया जाता है। इसमें बहुत कम निवेश की ज़रूरत होती है और यह बहुत ही सस्ता है। अत्यधिक लाभदायकइसे स्ट्रॉ मशरूम के नाम से जाना जाता है क्योंकि यह भीगे हुए धान के भूसे के बिस्तर पर उगता है। धान के भूसे से बने मशरूम की खेती में लगभग 15 दिन लगते हैं। इस अवसर पर केंद्र के डॉक पी के सिंह, सुनील कुमार, उमेश कुमार, संदीप गौतम एवम श्रीमती रेनू आर्य ने उपस्थित रहकर मशरूम खेती पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

# नुकीले हिरण के सींग व एक जीवित रेड सैंड बोआ सांप के साथ एक अरेस्ट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। विशेष गश्त के दौरान वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई, एक गिरफ्तार। भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एसएसबी 59वीं बटालियन एवं वन विभाग की संयुक्त विशेष गश्त टीम द्वारा वन्यजीव तस्करी के एक मामले का खुलासा करते हुए एक वृद्ध को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बॉर्डर पिलर संख्या 676/02 के निकट, भारत-नेपाल सीमा से लगभग 1 किलोमीटर भारतीय क्षेत्र में गश्त के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई । तलाशी के दौरान उसके पास से 2 नुकीले हिरण (स्पॉटेड डियर) के सींग एवं 1 जीवित रेड सैंड बोआ (सांप) बरामद किया गया । गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान नेपाल निवासी सत्य नारायण (उम्र 54 वर्ष), पुत्र राम बली, निवासी ग्राम तेपरी, जिला बर्दिया, नेपाल के रूप में हुई है । प्रारंभिक पूछताछ में उसने यह स्वीकार किया कि ये वन्यजीव उत्पाद जंगल से अवैध शिकार करके प्राप्त किए गए थे और इन्हें नेपाल में किसी अज्ञात व्यक्ति को बेचने की योजना थी । यह कार्रवाई 59 बटालियन एसएसबी के कमान्डेंट कैलाश चन्द्र रमोला के मार्गदर्शन में, सहायक उप-निरीक्षक हेमंत कुमार बोरा के नेतृत्व में एवं उत्तर प्रदेश वन विभाग के मुर्तिहा रेंज, कर्तिनया डिवीजन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से की गई । आरोपी एवं बरामद वस्तुओं को आवश्यक कानूनी कार्रवाई हेतु वन विभाग, मुर्तिहा रेंज को सौंप दिया गया है । वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए एसएसबी द्वारा इस प्रकार की गतिविधियों पर सतर्क निगरानी रखी जा रही है । आम जनता से भी अपील की जाती है कि वे किसी भी अवैध शिकार या वन्यजीव तस्करी की सूचना तुरंत प्रशासन को दें ताकि सख्त कार्रवाई की जा सके ।

# आखिर किस रिपोर्ट पर शिवकुमारी करें विश्वास ! सवालों के घेरे में अल्ट्रासाउंड केंद्र,दहशत में महिला मरीज

❑ डिप्टी सीएम साहब व स्वास्थ्य मंत्री जी आखिर शिव कुमारी किस अल्ट्रासाउंड कि जांच रिपोर्ट पर करें भरोसा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बेलसंर विकास खण्ड निवासी एक महिला का कुछ दिन पहले प्रेगनेंसी के दौरान कमर में दर्द होने लगा तो म हिला ने जिला मुख्यालय पर मेडिसिन हॉस्पिटल में उपचा र कराया तो महिला का तबीयत उपचार के दौरान सही हो गया था।उसके फिर कुछ दिन महिला का तबीयत खराब हो गया महिला ने फिर परसपुर बजार में एक डॉक्टर को दिखया तो डॉक्टर ने बताया पेट में छह माह का बच्चा है अब उसकी ऑपरेशन करके ही निकालना पड़ेगा महिला के पति ने ऑपरेशन के लिए हाँ क़र ऑपरेशन करने के दौरान डॉक्टर ने महिला के पति को महिला की बच्चेदानी फट गई अब इसे निकालना पड़ेगा मरता क्या नहीं करता पति ने अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए बच्चेदानी निकालने के लिए भी हां कर दी और डॉक्टर ने महिला की बच्चेदानी निकाल दी और उसके कुछ दिन बाद उपचार के दौरान महिला अपने घर चली गई, उसके कुछ महीने बाद महिला के पेट में दर्द होने लगा महिला ने एक डॉक्टर को दिखाया डॉक्टर ने महिला को अल्ट्रासाउंड लिखा तो महि ला ने बेलसर विकासखंड गोंडा रोड पर स्थित अशोका अल्ट्रासाऊंड । इमेंजिग सेंटर पर अल्ट्रासाउंड कराया तो जांच में युटेरस निकला।वही उसके एक महीने बाद फिर डॉक्टर को दिखाने के बाद बेलसंर - गोंडा रोड पर स्थिति राजश्री अल्ट्रासाउंड के यहां जांच कराई तो उनके यहां जांच में यूट्रस नहीं निकला हैं तो ऐसे में नगर पंचायत बेल सर में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर जारी हो रहे रिपोर्ट पर सवाल उठ रहे हैं।जिले के बेलसर विकास खण्ड में जां च केंद्रों पर गलत रिपोर्ट जारी कर मरीजों को दहशत में लाया जा रहा है।एक ही महिला के पेट में यूट्रस नहीं हैं वही दूसरी जगह जांच करने वहां की रिपोर्ट में महिला के पेट में यूट्रस है की गलत रिपोर्ट जारी की जा रही है।नगर पंचायत बेलसर में संचालित अल्ट्रासाउंड जांच केंद्रों की तो हद हो गई है।यहां अक्सर जांच में पथरी,यूट्रस में गांठ निकाल दी जाती है।इससे मरीज काफी परेशान हो जाते हैं।सूत्र बता रहें हैं कि यही हाल परसपुर विकासखंड में सी एचसी के पास संचालित हो अल्ट्रासाउंड केन्द्रो की है जहाँ पर बिना डॉक्टर के ही रिपोर्ट बनाई जाती है।ऐसे में एक महीने में ही अलग अलग जांच रिपोर्ट ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

## देवरिया सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत

**देवरिया।** बघौच घाट थाना क्षेत्र में शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर लगने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, बघौचघाट थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी के रहने वाले मंहथ साहनी (32) पकहां बघौचघाट निवासी बीरजा साहनी (40) दोनों मजदूरी करते थे। बीरजा के पिता बासुदेव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दोनों मजदूरों को कोइलसवा के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी। हादसे में दोनों युवकों की मौत हो गई है। पुलिस परिजनों की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# कौड़िया थाना क्षेत्र में झाड़ियों में मिला एक अज्ञात युवक का अधजला शव



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के कौड़िया थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घट ना सामने आई है।कौड़िया थाना क्षेत्र के आर्यनगर में सरयू नहर के पास एक 25 वर्षीय अज्ञात युवक का अधजला शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है।स्थानीय लो गों द्वारा सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची कौड़िया थाने की पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है।पुलिस के अनुसार,शव पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक की पहचान अ भी तक नहीं हो पाई है,जिसके लिए पुलिस सोशल मीडिया का भी सहारा ले रही है।कौड़िया थानाध्यक्ष ने बताया कि शव का पंचायतनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मृतक की पहचान होने के बाद ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है और जल्द ही इस रहस्यमय मौत का खुलासा करने का प्रयास कर रही है।

# भ्रांतियों से बचें,नहीं बढ़ेंगे बिजली के बिल

❑ विद्युत उपभोताओं के घर लगाये जा रहे नि:शुल्क स्मार्ट मीटर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उपभोक्ताओं को बिजली बिल समेत अन्य समस्याओ से निजात दिलाने के लिए जिले में स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। जिले में घर- घर स्मार्ट मीटर लग रहे है। यह स्मार्ट मीटर सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के यहा लगेगें। उपभोक्ताओं के यहा जल्द से जल्द स्मार्ट मीटर लगाये जाए इसके लिए बिजली विभाग ने भी कमर कस ली है। यह स्मार्ट मीटर सभी सरकारी भवनों , आवासों, कार्यालयों वाणिज्यिक भवनों में भी लग रहे हैं अधिशासी अभियंता इंध शैलेन्द्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया की जिले के सभी उपभोक्ताओं के घर मीटर लग रहे हैं द्य यह मीटर सभी प्रकार के उपभोक्ताओं के परिसर के बाहर स्थापित किये जायेंगे। उपभोक्ताओं के यहाँ निःशुल्क मीटर लगाये जा रहे है, आर्थात किसी भी तरह का शुल्क उपभोक्ताओं से नही लिया जा रहा है, साथ ही खराब सर्विस केबल को भी आवश्यकतानुसार बदला जा रहा है द्य अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र कुमार ने सभी उपभाक्ताओं से स्मार्ट मीटर लगवाने में सहयोग करने की अपील की है। साथ ही विभाग के अधिकारीयों के नम्बर भी जारी किये हैं अधिशासी अभियंता ने कहा भ्रान्ति से बचे उपभोक्ता ,जारी किये फोन नम्बर अधिशासी अभियंता शैलेन्द्र कुमार ने यह स्पष्ट किया है कि उपभक्ताओं को किसी भी तरह की भ्रान्ति से बचना होगा द्य उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर को लेकर किसी भी तरह की समस्या के समाधान के लिए बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी तत्पर हैं द्य विभाग ने उपभोक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए स्थानीय वितरण उपखण्डों के मोबाईल नम्बर भी जारी किया है, जिससे उपभोक्ता अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं।

### किसी भी प्रकार की पूछतांछ के लिए नम्बर हुए जारी

अधिशासी अभियंता विदुत वितरण खण्ड प्रथम ,बहराइच S 9415662820
उपखंड अधिकारी विदुत वितरण उपखंड बक्शीपुरा ,बहराइच S 9415663105
उपखण्ड अधिकारी विदुत वितरण उपखण्ड -घंटाघर ,बहराइच -9415663104

### स्मार्ट मीटर लगवाने के लाभ

स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं के अनेक लाभ है जो उनके लिए बड़े उपयोगी हैद्य इसके उपयोग के साथ इसके लाभ का अनुभव उपभोक्ता करेंगे उपभोक्ताओं को बिना किसी असुविधा के समय से बिल मिलेंगेद्य उपभाक्ताओं के द्वारा खपत की गई बिजली की सही और सटीक जानकारी उनके पास होगी द्य किसी भी तरह के फाल्ट की जानकारी पावर हॉउस तक तत्काल पहुचेंगी द्य बार -बार बिजली के बिल में होने वाली गड़बड़ी से उपभाक्ताओं को छुटकारा मिलेगा द्य बजट के अनुसार उपभोक्ता बिजली खर्च पर स्वयं नियंत्रण कर सकेंगे ।

## इन्दिरा उद्यान में 09 फरवरी को आयोजित होगी अंतर्जनपदीय औद्यानिक गोष्ठी

**बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चौधरी ने बताया कि 09 फरवरी 2025 को राजकीय इन्दिरा उद्यान, बहराइच में पूर्वान्ह 10:00 बजे से भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमावर्ती जनपदों में फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन विषयक विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। श्री चौधरी ने बताया कि मा. राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात, उत्तर प्रदेश सरकार श्री दिनेश प्रताप सिंह विचार गोष्ठी के मुख्य अतिथि होंगे। गोष्ठी में जनपद बहराइच सहित बलरामपुर, लखीमपुरखीरी, महराजगंज, पीलीभीत, सिद्धार्थनगर एवं श्रावस्ती के सैकड़ों कृषक, विपणनकर्ता तथा उद्यान विभाग व अन्य विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि औद्यानिक खेती में आ रही समस्याओं के निदान, गुणवत्तावृद्धि, उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित गोष्ठी में उद्यान एवं वानिकी महाविद्यालय, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज-अयोध्या, सीमैप, लखनऊ, सी.आई.एस.एच. रहमानखेड़ा, लखनऊ एवं एन.बी.आर.आई., लखनऊ के विषय विशेषज्ञों के द्वारा व्याख्यान दिया जायेगा। श्री चौधरी ने कृषकों से अपील की है कि गोष्ठी में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर फल, शाकभाजी, औषधीय एवं पुष्पीय फसलों के उत्पादन, सम्बर्द्धन एवं विपणन के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर लाभान्वित हों और उत्कृष्ट कृषि से अपने आय में वृद्धि करें।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित ओमनी वैन के ट्राले में टकराने से चालक की मौत, नौ घायल

**कानपुर।** घाटमपुर थाना क्षेत्र के हिरनी मोड़ के पास शुक्रवार को एक तेज रफ्तार ओमनी वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्राले में पीछे से जा टकराई। इस घटना में ओमनी सवार नौ लोग गंभीर रूप तरह से घायल हो गए और वैन चालक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। यह दर्दनाक हादसा पतारा पुलिस चौकी स्थित हिरनी मोड़ के नजदीक हुआ। घायलों ने बताया कि सभी लोग नौबस्ता से घाटमपुर जा रहे थे कि तभी वैन सड़क किनारे खड़े ट्राला में पीछे से जा टकराई। घटना इतनी जबरदस्त थी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर राहगीरों ने राहत बचाव करते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सामुदायिक चिकित्सा केंद्र भिजवाया। जहां पर डॉक्टरों ने उपचार के दौरान वैन चालक जसवंत (65) को मृत घोषित कर दिया। घटना में घायलों की पहचान शशि, कुसुम, ललनू राम, रुद्राक्ष, वंशिका, विनीता, नव्या, राममनोहर और सुधा के रूप में हुई है। घाटमपुर थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस बल पहुंच गया। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना में क्षतिग्रस्त हुए वाहन को क्रेन की सहायता से हटवाते हुए यातायात को बहाल करवाकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## कुपोषण की जद में हमीरपुर के चार हजार मासूम

**हमीरपुर।** हमीरपुर जिले में चार हजार से अधिक कुपोषण की जद में आने से विभाग के अधिकारी तनाव में है। कुपोषित मासूमों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उससे भी परेशानी की बात यह है कि कुपोषण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। विभाग का दावा है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों में ही कुपोषण से निजात दिलाने के लिए हर महीने पोषाहार मासूमों को मुहैया कराया जाता है। समय-समय पर बच्चों की जांच भी कराई जाती है। बुंदेलखंड के हमीरपुर जिले में सरकार की तमाम योजनाएं धरातल पर लाने के बाद भी मासूमों में तेजी से कुपोषण बढ़ रहा है। हमीरपुर शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हजारों की संख्या में छोटे बच्चे कुपोषण की जद में आ गए हैं। विभाग का दावा है कि शहर से लेकर गांव तक आंगनबाड़ी केन्द्रों में बड़ी संख्या में गरीब परिवारों के मासूमों को बुनियादी शिक्षा के साथ उन्हें अच्छा पोषाहार मुहैया कराया जाता है। हकीकत तो यह है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तो बच्चे नहीं दिखाई देते लेकिन कागजों में बच्चों की बड़ी संख्या दर्ज है। शहर के जमुना घाट, पटकाना, खालेपुरा, सुभाष बाजार व नौबस्ता समेत तमाम ऐसे इलाके हैं, जहां आंगबाड़ी केन्द्र कभी कभार ही संचालित होते नजर आते हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि जिले में चार हजार 95 बच्चे कुपोषित हैं। वहीं 585 बच्चे गंभीर रूप से कुपोषित हैं। कुपोषण की जद में आए पांच बच्चों को पिछले दिनों सरकारी अस्पताल की एनआरसी में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि समय-समय पर आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाता है। उन्हें हर माह स्वादिष्ट पोषाहार भी दिया जाता है।

## हमीरपुर में मौरंग खदान में ट्रक की चपेट में आकर दो खदान कर्मियों की मौत

**हमीरपुर।** चिकासी थाना क्षेत्र के मौरंग खदान में शुक्रवार को ट्रक की चपेट में आने से दो खदान कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे में दो लोगों की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक, चिकासी थाना क्षेत्र के इटौरा-छिटकिरी में मौरंग खदान तमाम ट्रक मौरंग लेने के लिए खड़े थे। मौरंग लोड होने पर चालक ट्रक को बैक कर रहा था। तभी खदान की अड्डी पर लेटे दो कर्मचारी ट्रक की चपेट में आ गये। दोनों की मौत हो गई। हादसे में मौरंग खदान कर्मियों की मौत से वहां अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर थाना प्रभारी और उच्चाधिकारी मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# कई बार तबादला होने के बाद भी मेडिकल लगाकर लम्बी छुट्टी पर चले जाते हैं : लेखपाल सिद्धार्थ

❑ स्थानांतरण आदेश निरस्त कराने के बाद फिर अंगद की तरह जमाया लोलपुर गांव में पैर 12 जनवरी को दोबारा हुए स्थानांतरण के बाद फिर लम्बी छुट्टी पर गए लेखपाल,

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिले के तरबगंज - तहसील के नवाबगंज ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत लोलपुर में तैनात लेखपाल सिस्ट म पर भारी पड़ रहा है।लेखपाल सिद्धार्थ के रसूख और राज नीतिक पहुंच के आगे - जिलाधिकारी का आदेश भी बेमा नी साबित हो रहा है।जिले के नवाबगंज विकास खण्ड की ग्राम पंचायत - लोलपुर में पिछले तीन साल से अधिक सम य से तैनात लेखपाल न सिद्धार्थ द्विवेदी का विवादों से गह रा नाता रहा है।इनके कारनामों की जिला प्रशासन से लेक र शासन स्तर तक शिकायतें भी होती रहती है लेकिन सि द्धार्थ द्विवेदी अपने - रसूख और राजनीतिक पहुंच के चल ते वह हर बार कार्रवाई से बचता रहता है।यहां तक कि जिलाधिकारी को अपने ही आदेश को निरस्त करना पड़ा है।बताते चलें कि लोलपुर में तैनात लेखपाल सिद्धार्थ द्विवे दी द्वारा की जा रही व्यापक धांधली एवं अनियमितताओं की शिकायत पिछले साल अगस्त माह में लोलपुर के प्रधा न प्रतिनिधि गौरव सिंह एडवोकेट के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रा मीणों ने केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रति निधि कमलेश पाण्डेय के साथ ही मनकापुर विधायक रमा पति शास्त्री व गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा से की थी। लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी का यह प्रकरण शासन तक भी पहुंचा था,जिसके बाद उसका तबादला मनकापुर तहसील के लिए कर दिया गया था।हालांकि स्थानांतरण लिस्ट जा री होते ही लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी मेडिकल लगाकर चा र्ज अपने रिश्तेदार लेखपाल संघ तरबगंज के ब्लॉक अध्य क्ष को देकर लम्बी छुट्टी पर चला गए थे।इस बीच सिद्धार्थ द्विवेदी अपनी राजनीतिक पकड़ और रसूख का इस्तेमाल कर तबादला आदेश निरस्त करा लिया और फिर लोलपुर ग्राम पंचायत में अंगद कि तरह अपना पैर जमा लिया और स्थानांतरण आदेश निरस्त होने के बाद मनबढ़ और तिकड़ मबाज लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी ने तैनाती क्षेत्र में आना बंद कर दिया।ग्रामीणों व प्रधान प्रतिनिधि गौरव सिंह का कहना है कि लेखपाल मनमानी करता है।ग्राम पंचायत में न आने के कारण ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है वही ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल के गुर्गे ही पैमाइश समेत अन्य काम करते हैं और लोगों से अवैध रूप से धन उगाही करते हैं।इतना ही नहीं आरोप है कि लेखपाल अपने इन्हीं गुर्गों से फर्जी वरासत और सर कारी जमीनों पर अवैध कब्जा तक कराता है।लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी पर सबसे गंभीर आरोप है कि वह लोलपुर व इस्माइलपुर में अनुसूचित जाति के लोगों की जमीनों को फर्जी तरीके से धारा अस्सी में परिवर्तित कर देता है।यही नहीं,ग्रामीणों का आरोप है कि लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी लापता व्यक्तियों को मृत दिखाकर फर्जी वरासत भी कर देता है।लेखपाल के कारनामों की शिकायत जिलाधिकारी नेहा शर्मा समेत शासन स्तर पर गयी।इस पर 12 जनवरी 2025 को उसका तबादला गोण्डा सदर तहसील के लिए कर दिया गया।तबादला सूची जारी होते ही लेखपाल सि द्धार्थ द्विवेदी पिछले साल कि तरह फिर मेडिकल लगाकर लम्बी छुट्टी पर चला गया है।उसने इस बार भी अपने रिश्ते दार लेखपाल संघ तरबगंज के ब्लॉक अध्यक्ष को चार्ज दिया है।ऐसे में फिर कयास लगाए जा रहे हैं कि लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी अपने सिस्टम पर फिर भारी पड़ सकता हैं।

# कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार खाई में गिरी, पांच घायल



एजेंसी

जौनपुर। महाकुंभ में स्नान करके वापस लौट रहे श्रद्धालुओं की कार शुक्रवार को जफराबाद थाना क्षेत्र में 15 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार सभी पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। क्षेत्राधिकारी शहर आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि घटना के समय कार को सिरकोनी क्षेत्र के कोतवालपुर गांव निवासी डॉ. एसके. यादव चला रहे थे। वह अपने परिवार के साथ प्रयागराज में महाकुंभ स्नान करके वापस लौट रहे थे। रास्ते में जोगिबीर बाबा मंदिर के पास चालक को झपकी आ जाने के कारण कार नियंत्रण से बाहर होकर खाई में जा गिरी। कार खाईं में गिरते ही चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल मदद के लिए आगे आकर घायलों को खाई से निकाला और इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची गई। घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय प्रशासन और पुलिस मामले की जांच कर रही है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी खाई में गिरी थी। इसमें एक ही परिवार के पांच लोग घायल हुए है। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती कराया गया है। आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिला मुख्यालय पर सपा की मासिक बैठक हुई संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

## 2027 में बनेगी पूर्ण बहुमत से सपा की सरकार : राजकुमार राजू




पीलीभीत। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार समाजवादी पार्टी पीलीभीत कार्यालय पर मासिक बैठक आयोजित की गई मासिक बैठक की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह ने किया है।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा मासिक बैठक में अपने संबोधन में कहा नेताजी के सपनों को पूरा करने के लिए पार्टी के सभी नेतागणों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी को मजबूती देने के साथ ही 2027 में सपा की सरकार बनाकर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लें सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने अपने विचार रखें और संगठन की मजबूती करने की बात कही है।सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर,सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप ने अपने अपने विचार रखें चुनाव आयोग द्वारा लगातार विपक्ष की अनदेखी पर सफ़ेद कपड़ा दिखाकर विरोध किया किया है। मौके पर मुख्य रूप से सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा,सपा युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू,सपा जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र मिश्रा कट्टर,सपा जिला उपाध्यक्ष बालकराम सागर,सपा जिला उपाध्यक्ष काशीराम सरोज, सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप,सपा महिला सभा प्रदेश उपाध्यक्ष ठाकुर कमलेश परिहार,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य,128 विधानसभा बरखेड़ा अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा एडवोकेट,सपा महिला सभा बरखेड़ा अध्यक्ष पिंकी पाल,सलीम इदरीशी, लियाकत सलमानी,नन्हे मास्टर,काशिव मलिक,सदाकत अली,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन गंगवार,चंद्रप्रकाश सिंह यादव,मनोज पाल,महेश सक्सेना,भगवानदीन वर्मा,दिनेश कुमार वर्मा,नरेश कुमार सागर,शुभम पटेल,पोथीराम,जिला सचिव सैय्यद आसिफ अली कादरी,जिला सचिव शराफत यार खां,इसरार अली,यूनुस अली आदि तमाम सम्मानित नेतागण पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे हैं।

# जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत।जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने तहसील अमरिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दबका बढेपुरा में निर्माणाधीन आईटीआई कालेज का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन आईटीआई कालेज में जिलाधिकारी ने रिकार्ड रूम,कार्यालय, क्लासरूमों,वर्कशॉप का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता परखी।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कड़े निर्देश देते हुये कहा कि कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित किया जाये।उन्होंने सम्बन्धित संस्था को निर्देश देते हुये कहा कि निर्धारित मानकों के अनुरूप समस्त कार्य करायें जाये।इस दौरान उन्होंने चेतावनी देते हेतु कहा कि कालेज के निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई तो सम्बन्धित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि कॉलेज में समस्त व्यवस्थाऐं कराना सुनिश्चित किया जाये साथ ही अवशेष कार्यों को अतिरिक्त लेबर लगाकर तेजी के साथ कराने के निर्देश दिए। कालेज की साफ सफाई व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिये।इस दौरान तहसीलदार रमन,कार्यदायी संस्था के अधिकारी व कर्मचारी सहित अन्य उपस्थित रहे हैं।

**जिलाधिकारी ने देखी निर्माणाधीन आईटीआई कॉलेज की प्रगति एवं सम्बन्धित को दिए दिशा निर्देश**

## एसपी ने आठ महिला आरक्षियों को किया पुरस्कृत

अमेठी । मिशन शक्ति अभियान के तहत सराहनीय कार्य करने वाली आठ महिला आरक्षियों को पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।मिशन शक्ति एवं एन्टीरोमियों अभियान कार्यक्रम में अपने अपने थानाक्षेत्रों में जाकर एन्टीरोमियों अभियान के तहत अत्यन्त लगन व मेहनत के साथ मनचलों को चिन्हित करते हुये उनके विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराया गया व अभियुक्तों के विरुद्ध कार्यवाही करायी गयी जिससे छात्राओं में सुरक्षा व पुलिस के प्रति विश्वास का भाव उत्पन्न हो रहा है।एन्टीरोमियों के तहत सराहनीय कार्य करने वाली महिला आरक्षी सविता देवी, राधा चौहान थाना जायस, सुरेखा देवी,सीमा भदौरिया, सोनी यादव, रविता यादव, सुनीता चौहान थाना गौरीगंज, रितिका यादव थाना रामगंज को गुरुवार को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा उत्साहवर्धन व भविष्य मे और मेहनत व लगन के साथ कार्य करने हेतु नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

# सिंचाई खंड16 का स्क्रैप घोटाला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**तहरीर के जरिए बचने के प्रयास में विभाग, कार्य स्थल तक नहीं पहुंची जांच टीम**

सुलतानपुर। सिंचाई विभाग के शारदा सहायक खंड 16 में स्क्रैप घोटाले को तूल पकड़ता देख हड़बड़ी में गड़बड़ी करते हुए जांच से बचने के लिए घोटाले बाज़ अपने ही बुने जाल में फसते जा रहे हैं। एक ओर जहां विभागीय छवि बचाने के लिए अधिशासी अभियंता ने जांच कमेटी गठित कर दी है। वहीं एक कदम आगे बढ़ते हुए विभाग की ओर से थाने पर तहरीर देकर रिसीविंग हासिल की गई हैं। फिलहाल अभी तक इस प्रकरण में कोई मुकदमा दर्ज नही हो सका है। उधर कार्यस्थल से लोहा और मलबे ढुलाई का क्रम लगातार जारी है। बीते वर्ष ड्रेन और नहरों पर बने 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके पुलों को शासन ने तकनीकी जांच के बाद जर्जर घोषित कर दिया था। इनमें कूरेभार ड्रेन की 6 पुलिया और एक नहर का पुल भी शामिल है ।कूरेभार ड्रेन के 5.170,16.180,22.330,23.850,24.160,और 29.300 की.मि. ने पुल बनाए जाने है। बजट आने के बाद कार्य भी शुरू हो चुका हैं। ड्रेन पर 3.15 करोड़ की लागत से कुल 6 पुल बनाए जा रहे हैं। जबकि एक करोड़ 88 लाख की लागत से नहर पर भी एक पुल का जीर्णोद्धार चल रहा है। कुल 5 करोड़ 13 लाख की लागत से होने वाले इन पुलों के निर्माण के इस्टीमेट में जर्जर पुलों को तोड़ने से लेकर नए पुलों का निर्माण शामिल है। जयसिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर संपर्क मार्ग के अलावा पलिया, बरसोमा, राम बहादुर नदी धाम मार्ग पर कूरेभार ड्रेन पुल बनाए जा रहे है। कई स्थानों पर पोकलैंड मशीनों द्वारा युद्ध स्तर पर तोड़फोड़ का काम हो चुका है। कहीं-कहीं नए पुलों का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है। वहीं इन आधा दर्जन से अधिक पुलों को तोड़ने से निकले मलबे को लूटने का खेल भी शुरू है।

### जांच कमेटी पर भी उठ रहे सवाल

घोटाले की जांच के लिए एक्सईएन की ओर से बनाई गई कमेटी भी सवालों के घेरे में है। कमेटी में सहायक अभियंता ध्रुव अग्रवाल, उपराजस्व अधिकारी विनय सिंह और अवर अभियंता बीसी कुशवाहा शामिल हैं। कमेटी गठन के समय शासनादेश और नियम कानून ताक रख दिए गए ध्रुव अग्रवाल के क्षेत्र में आधा दर्जन पुलों का निर्माण चल रहा है,ऐसे में उन्हें जांच कमेटी में रखना नियम विपरीत है। जिससे विभागीय मंशा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।

सूत्रों के मुताबिक तोड़े गए पुलों में से लाखों की कीमत की सरिया निकली हैं। जिन्हें कबाड़ियों की दुकान पर पहुंचाया जा रहा है। जर्जर पुलों के तोड़ने से बड़े पैमाने पर ईंटें, अद्धा और मलबा निकला है,उसे भी निर्माण में लगे लोग बेच रहे हैं। लोहा जहां कबाड़ी खरीद रहे हैं वहीं पुरानी ईंट,अद्धा को गिट्टी तोड़ने वाले व्यापारियों के पास बेचा जा रहा है। इसके अलावा पुल के निर्माण में लगे ठेकेदार और अभियंताओं का गठजोड़ मलबे को पटाई वाले जरूरतमंदों को बेच रहे हैं। मामला उजागर होने पर अधिशासी अभियंता शरद कुमार ने इस मामले में विभागीय मिलीभगत से इंकार करते हुए तीन सदस्य जांच कमेटी गठित कर अपना पल्ला झाड़ लिया। इस मामले में अवर अभियंता जावेद अंसारी को मोहरा बनाते हुए उनसे ऑनलाइन एफआईआर भी दर्ज करवा दी गई। 1 फरवरी को उनकी ओर से फिर दर्ज करवाई गई और 2 फरवरी को वाहन संख्या यूपी 44/।ज्8621 पर फिर लोहा ढोया जाते हुए देखा गया। एक बार फिर और अभियंता जावेद अंसारी से जयसिंहपुर थाने पर तहरीर दिलवाई गई है और रिसीविंग प्राप्त कर दिखाई जा रही है। वही इस मामले पर जयसिंहपुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध सिंह का कहना है कि उन्हें ऐसी कोई तहरीर नहीं मिली है और ना ही कोई मुकदमा दर्ज है।

## जहानाबाद में अवैध कॉलोनी को किया गया ध्वस्त मचा हड़कम

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। उप जिलाधिकारी अमरिया मयंक गोस्वामी एवं प्रभारी ईओ नगर पंचायत जहानाबाद के नेतृत्व में जहानाबाद में स्थित बिना मानकों के अवैध रूप से संचालित की जा रही कॉलोनी को ध्वस्त किया गया है। पूरे जनपद में लगातार अवैध कॉलोनी को ध्वज किया जा रहा है। सर्वप्रथम पूरनपुर तहसील क्षेत्र उसके बाद कलीनगर तहसील क्षेत्र में अब अमरिया तहसील क्षेत्र में लगातार उप जिलाधिकारी मयंक गोस्वामी अवैध कालोनियों को ध्वस्त किया जा रहा हैं। इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर महिपाल सिंह,नायब तहसीलदार परितोष,लेखपाल पुनीत कुमार सहित नगर पंचायत और राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही हैं।पूरनपुर तहसील क्षेत्र की ग्राम पूरनपुर देहात में अवैध रूप से संचालित कॉलोनी पर बुलडोजर चला है। कॉलोनी को बिना धारा 80 और नक्शा पास किए ही निर्माण किया गया था। इस मौके पर नायब तहसीलदार ऋषि दीक्षित ,शहर लेखपाल कमल किशोर सहित राजस्व की टीम मौजूद रही हैं।

## कई निर्माण कार्यों का ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया शुभारंभ

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकासखंड की कई ग्राम पंचायतो में कार्यों का शुभारंभ किया है। जिसमें वार्ड नंबर 165 प्रियंका सिंह अजीतपुर बिल्हा में रामनाथ के खेत के पास पुलिया निर्माण उसी गांव में खड़जा निर्माण वार्ड नंबर 160 गिरजा शंकर वर्मा श्मशान घाट की बाउंड्रीवॉल वार्ड नंबर 160 कारंजा कार्य निर्माण वार्ड नंबर 174 बोलेरो भूप सिंह में इंटरलॉकिंग साथ ही वार्ड नंबर 174, 152, 148,147,153,179 सहित अन्य ग्रामों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने पहुंचकर कई निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया साथ ही ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि का जगह-जगह पर ग्राम प्रधानों सहित अन्य ग्रामीणों ने स्वागत किया है। इस मौके पर राम निवास शर्मा प्रधान,पूर्व प्रधान सिद्धार्थ शुक्ला, पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ध्रुव प्रताप सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सोमपाल गौतम, विनोद चौहान, रामकुमार प्रधान, पंकज सिंह,रामू सिंह सहित कई ग्रामवासी उपस्थित रहे हैं।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक कलेक्टेट कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत को विशेष अभिरूचि लेते हुये लक्ष्य को पूर्ण कराने के दिये एवं परियोजना अधिकारी यूपीनेडा को समस्त तहसीलों पर प्रचार प्रसार हेतु कैम्प को आयोजित कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये।बैठक में अधिशासी अभियन्ता एवं अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अग्रणी बैंक मैनेजर,समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका व नगर पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी एवं समस्त वेण्डर द्वारा प्रतिभाग किया गया है।

# पीएम श्री राजकीय अभिनव विद्यालय में हुआ हेल्थ कैंप



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। शासन द्वारा प्रदेश के पीएम श्री विद्यालय योजना में चयनित माध्यमिक विद्यालयों में चलाई जा रही स्वास्थ्य प्रशिक्षण योजना श्रृंखला का पहला हेल्थ कैंप, आज दिनांक 7 फरवरी 2025, शुक्रवार को पीएम श्री राजकीय अभिनव विद्यालय टिकरी पन्ना, भदैया में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं का परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नामित चिकित्सा दल में डॉ मनीष यादव, डॉ हरेंद्र नाथ वरुण, डॉ शहाबुद्दीन अम्मार, अमरीश कुमार तथा डॉ रंजन गौतम सम्मिलित हुए। उक्त चिकित्सकों द्वारा छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए, उन्हें स्वस्थ जीवन के लिए तौर तरीके तथा उपाय सुझाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत छात्र-छात्राओं को तथा आगंतुकों को सूक्ष्म जलपान कराया गया। पांच हेल्थ कैंप श्रृंखला के अन्य चार हेल्थ कैंप का आयोजन क्रमशः 13, 18, 21 व 25 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा ने दी तथा छात्र-छात्राओं के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

# अधूरी सड़क निर्माण कर ठेकेदार हुआ गायब, ग्रामीणों में रोष

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत।पूरनपुर माधोटाडा रोड से शेरपुर कला होते हुए धनरा घाट मार्ग तक हार्ड मिक्स सड़क निर्माण हुआ हैं।लेकिन कई जगह पर सड़क को अधूरा बनाकर छोड़ दिया गया है।जिसमें सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से आगे कुछ दूरी पर,शेरपुर कुंडे के पास शेरपुर गांव से आगे और रुद्पुर में पूरी सड़क में लगभग 5 जगह पर सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे तालाब में तब्दील हो गए है। रोजाना बड़े हादसे हो रहे हैं। पीडब्ल्यूडी विभाग ने इन बचे हुए पर निर्माण शुरू नहीं कराया है। जहां से सड़क खराब है। क्षेत्र के लोग आए दिन हादसे का शिकार हो रहे हैं।और साथ ही शादियों का सीजन चल रहा है।जिसकी वजह से रोड पर ट्रैफिक बहुत अधिक संख्या में आगमन हो रहा है।सालो से जर्जर पड़ी सड़क शीघ्र न बनने के कारण बड़े हादसे की संभावना बनी हुई है।पीडब्ल्यूडी विभाग की बड़ी लापरवाही से अगर कोई हादसा होता है। तब बड़ा प्रदर्शन कर विभाग की जिम्मेदारी तय करने के साथ साथ कानूनी कार्रवाई कराने का काम किया जाएगा।जिसकी जिम्मेदारी पीलीभीत पीडब्ल्यूडी विभाग की होगी। पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्द से जल्द बची हुई सड़क निर्माण करने की मांग की है।सड़क निर्माण कराने वालों में मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य असलम कुरैशी,किसान नेता हाजी रियाजत नूर खान,नदीम हसन खान,प्रधान प्रतिनिधि युनुस खान,डाक्टर रजा उल हसन खान,सलमान खान, अधिवक्ता नईम खान,युनुस खान, रामदीन,तेज राम, मोंटू खान,अमानत रसूल, दिलशाद खान,अनीस मियां नाजिम खान आदि है।

## क्षयरोगियों को सीडीओ ने लिया गोद, दिया पौष्टिक आहार किट

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्धारित लक्ष्य क्षयरोग मुक्त भारत को साकार करने के उद्देश्य को आगे बढाते हुए मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने 4 क्षयरोगियों को गोद लेकर उनके बेहतर ईलाज और खान-पान की जिम्मेदारी ली। जनपद के बेहतरीन आईएएस अधिकारियों में शुमार अंकुर कौशिक अपने कार्यों को लेकर खासे सख्त और ईमानदार छवि रखने वाले अधिकारी माने जाते है, सीडीओ अंकुर कौशिक को जैसे जानकारी हुई कि ऐसे कुछ क्षयरोगी है, जिन्हें गोद लेकर उन्हें सामान्य जीवन जीने व उनकी दवा-ईलाज और बेहतर खान-पान से उन्हें क्षयरोग जैसी बीमारी से निजात दिलाई जा सकती है, फौरन डीटीओ डां.आरके कन्नौजिया को निर्देशित करते हुए क्षयरोगियों को गोद लेने और उनके पौष्टिक खान-पान की जिम्मेदारी लेते हुए निशा सोनी,शमा बानों,शुभम और आसिम को गोद लेकर उन्हें पौष्टिक आहार किट देते हुए जिला क्षयरोग अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहाकि इनकी दवा-इलाज समय से उपलब्ध कराए और इनके खान-पान के लिए प्रतिमाह मेरी तरफ से व्यवस्था दी जाएगी। सीडीओ की दरियादिली पर क्षयरोगियों के चेहरे की चमक और एक नई उम्मीद मिली है, उक्त अवसर पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.लालाजी, जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आरके कन्नौजिया, सुरेश कुमार मौजूद रहे।

## बाइक सवार युवक के कब्जे से तमंचा और कारतूस बरामद

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना संग्रामपुर पुलिस ने मालती नदी पुल के पास से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक बाइक सवार युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक इन्द्रेश कुमार मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोटर साइकिल सवार ऋषिकेश सिंह पुत्र आद्या प्रसाद निवासी ग्राम हारीपुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब अड़तीस वर्ष को मालती नदी पुल के पास से समय करीब पौने दस बजे रात में गिरफ्तार किया गया। मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 जे 7120 के कागजात मांगने पर दिखा नही सका। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है।थाना संग्रामपुर पुलिस ने पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया है।

# रिश्तों की डोर में बंधे एक सौ बत्तीस जोड़ों को राज्यमंत्री के सुपुत्र ने दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । विकास खण्ड सिंहपुर के प्रांगण में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल एक सौ बत्तीस जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया।राज्यमंत्री के सुपुत्र के साथ ही ब्लाक प्रमुख एवं अधिकारियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा नवदम्पत्तियों को सपरिवार शुभकामनाएं व बधाई दी गई। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि तिलोई, सिंहपुर, बहादुरपुर विकास खण्डों तथा नगर पालिका जायस के एक सौ बत्तीस जोड़ों का सामूहिक विवाह कराया गया जिसमें एक सौ छब्बीस हिन्दू तथा छह मुस्लिम जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि उक्त योजनान्तर्गत प्रदेश सरकार द्वारा इक्यावन हजार रुपया प्रति युगल धनराशि व्यय की जाती है जिसमें से पैंतीस हजार रुपया कन्या के दाम्पत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना हेतु उसके बैंक खाते में अन्तरित का जाती है एवं दस हजार रुपये की उपहार सामग्री वर वधू को प्रदान की जाती है तथा छह हजार रुपये की धनराशि समारोह के आयोजन को भव्यता प्रदान करने में व्यय किये जाते हैं।उन्होंने कहा कि यह योजना गरीब परिवारों के लिये वरदान साबित हो रही है। जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।इस मौके पर ब्लाक प्रमुख तिलोई के सुपुत्र अखण्ड प्रताप सिंह, सिंहपुर के ब्लाक प्रमुख अंकित पासी, रमेश सिंह, एसडीएम अमित सिंह, सीओ अजय कुमार सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी,परियोजना निदेशक ऐश्वर्य यादव, खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार, सत्येन्द्र कुमार तिवारी, ओंकार पाण्डेय, नवीन श्रीवास्तव सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ विदाई समारोह आयोजित

सुलतानपुर। नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सनबीम स्कूल में दिन शुक्रवार को कक्षा-12 के विद्यार्थियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ0 शरनजीत कौर ने विद्यार्थियों को टीका लगाकर किया। कक्षा-12 के विद्यार्थियां के लिए कक्षा-11 के विद्यार्थियों ने अनेक रंगा-रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कक्षा-12 के विद्यार्थियों को तरह-तरह के गेम खेलाए गये और उन्हें विद्यालय की तरफ से यादगार तोहफ़े दिये गये। मिस्टर-शुभम यादव तथा मिस फ़ेयअर वेल सृष्टि यादव को दिया गया। विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के टाइटिल जैसे मिस टॉपर-सृष्टि श्रीवास्तव, मिस टैलेंटेड-श्रेया तिवारी, मिस्टर कलकुलेटिव- प्रमित बरनवाल तथा मिस नाइटिंगल से कृतिका सिंह को नवाजा गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने बच्चों को शुभकामनाएँ प्रदान कर आने वाले वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बैंक ऑफ बड़ौदा बहुरावां में उपभोक्ताओं से होती है बदसलूकी

बल्दीराय/सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र बल्दीराय के बहुरावां में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारी द्वारा उपभोक्ताओं से मनमानी और बदसलूकी का दौर बदस्तूर जारी है। अपनें कार्य से आये लोगों से बैंक में कार्यरत शुभम जो लोगों को फील्ड अफसर बताते हैं थोड़ी थोड़ी सी बात पर ग्राहकों से अभद्रता पर उतर आते हैं जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की गई है। बैंक ग्राहको ने बताया कि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा बहुरावां में कार्यरत जो अपने को अधिकारी बताता हैं आये दिन ग्रामीण उपभोक्ताओं को कुछ भी सही समझाने की जगह अपनी बात मानने पर दबाव बनाते हैं जबकि स्वाभाविक रूप से गांव के लोगों को समझाने की जरूरत होती है लेकिन यदि किसी ग्रामीण बैंक ग्राहक ने एक बात को ना समझने पर दुबारा पूंछ लिया तो उक्त व्यक्ति द्वारा सीधे तौर अभद्रता की जाती है और यही नहीं गाली गलौज कर मारपीट पर उतारू हो जाना तो आम बात हो चली है जिससे बैंक व्यवसाय में कमी होना ही नहीं बल्कि शासन के नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाना कह देना अतिश्योक्ति नहीं होगा। जबकि जिला प्रशासन से उत्तर प्रदेश शासन तक बैंकों में ग्रामीणों को अच्छी सुविधाएं प्रदान करने की कोशिश की जाती है तो वहीं अपनी मनमानी से उपभोक्ताओं को बार बार दौड़ाना, अच्छा व्यवहार न करना और हमारे मित्र प्रदेश शासन में हैं जो करना हो कर लेना जैसी बातें बोलना सरकार को बदनाम करने की नाकाम कोशिश मात्र है।

# जानलेवा वायु प्रदूषण

देश की लगातार खराब होती आबोहवा के बावजूद वायु प्रदूषण व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का मुद्दा न बन पाना दुर्भाग्यपूर्ण ही कहा जाएगा। विडंबना यह है कि जन स्वास्थ्य से जुड़ा यह मुद्दा न तो चुनावी घोषणा पत्रों में नजर आता है और न ही नीति-नियंता ही इस विषय पर संवेदनशील नजर आते हैं। नागरिकों के स्तर पर भी हम वह जागरूकता नहीं ला पाए हैं, जिससे वे जनप्रतिनिधियों को वायु प्रदूषण रोकने के लिये कारगर नीति बनाने के लिये बाध्य कर सकें। हाल ही में सामने आए एक शोध का वह निष्कर्ष चौंकाने वाला है कि दक्षिण-पूर्व एशिया में धूम्रपान न करने वाले लोगों में भी फ़ेफड़े के कैंसर के मामलों में खासी तेजी आई है। एक नया अध्ययन बताता है कि इस संकट की मूल वजह वायु प्रदूषण ही है। हाल ही में 'लैंसेट रेस्पिरेटरी मेडिसिन जर्नल' में प्रकाशित अध्ययन में खुलासा किया गया है कि साल 2022 में पच्चीस लाख लोगों में इस बीमारी का पता चला था। हालांकि, इस कैंसर का शिकार होने वालों में ज्यादा संख्या पुरुषों की थी लेकिन महिलाओं की संख्या में भी अप्रत्याशित वृद्धि देखी गई। वहीं दूसरी ओर विश्व स्वास्थ्य संगठन की अंतर्राष्ट्रीय कैंसर अनुसंधान एजेंसी यानी आईएआरसी समेत कई अन्य संगठनों के शोधकर्ताओं ने डेटा विश्लेषण के बाद निष्कर्ष दिया कि एडेनोकार्सिनोमा पुरुषों और महिलाओं में कैंसर का एक मुख्य कारक बनता जा रहा है। यानी ऐसा कैंसर जो बलगम और पाचन में मदद करने वाले तरल पदार्थ उत्पन्न करने वाली ग्रंथियों से शुरू होता है। वर्ष 2022 में दुनिया भर में कभी धूम्रपान न करने वाले लोगों के फ़ेफड़ों के कैंसर के 53 से 70 फीसदी मामले इसी कारक की वजह से सामने आए हैं। यह विडंबना ही है कि जहां एक ओर दुनिया में धूम्रपान का प्रचलन कम होता जा रहा है, लेकिन उसके बावजूद धूम्रपान न करने वालों के फ़ेफड़ों में कैंसर का अनुपात बढ़ रहा है। जो कैंसर से संबंधित मृत्यु का पांचवां प्रमुख कारण माना जाता है। निश्चित रूप से दुनिया भर में व्याप्त वायु प्रदूषण के संकट से निबटने के लिये सामूहिक प्रयास व सत्ताधीशों की सक्रियता नजर नहीं आती। स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की साल 2024 में आई एक रिपोर्ट में पूरी दुनिया में 81 लाख लोगों के वायु प्रदूषण से मरने का आंकड़ा सामने आया था। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि अकेले भारत में इक्कीस लाख मौतें वायु प्रदूषण जनित विभिन्न बीमारियों से होने की आशंका है। देश की राजधानी दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र समेत विभिन्न बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के चिंताजनक आंकड़े अकसर सामने आते रहते हैं। यहां तक कि कई बार देश की शीर्ष अदालत दिल्ली को गैस चेंबर बनाने का आक्षेप लगाती रही है। लेकिन जब वायु प्रदूषण की स्थिति बेहद गंभीर हो जाती है तो विभिन्न ग्रैप मानकों के अंतर्गत कार्रवाई फौरी तौर पर की जाती है। इसके बावजूद सूक्ष्म कणों यानी पीएम 2.5 का स्तर लगातार बढ़ता ही रहता है। सत्ताधीश इसके लिये पराली जलाने वाले किसानों को जिम्मेदार बताकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। हाल में आए एक अध्ययन में बताया गया है कि अक्तूबर-नवंबर में दिल्ली व एनसीआर में होने वाला ज्यादातर प्रदूषण काफी हद तक स्थानीय कारणों से उत्पन्न होता है। आकाश परियोजना के तहत जापान के एक शोध संस्थान द्वारा कराया गया एक अध्ययन शोध पत्रिका 'एनपीजे क्लाइमेट एंड एटमॉस्फ़ेरिक साइंस' में प्रकाशित हुआ है। जिसमें वर्ष 2022 और 2023 के सितंबर से नवंबर महीनों के दौरान दर्ज किए गए अति सूक्ष्म कणों के आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है। जिसके अंतर्गत पंजाब, हरियाणा और दिल्ली-एनसीआर में तीस सेंसर लगाए गए थे। अध्ययन बताता है कि सूक्ष्म कणों यानी पीएम-2.5 के समग्र स्तर में केवल 14 फीसदी योगदान पराली जलाने के मामलों का था। हालांकि, अध्ययन ने माना कि वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने वाले ग्रैप की प्रभावशीलता नजर आई है। निश्चित रूप से स्वच्छ वायु के लिए सामाजिक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने की जरूरत है। साथ ही स्थानीय प्रदूषण के कारणों की सख्त निगरानी की भी जरूरत है।

# अवैध प्रवासियों की बेहूदा तरीके से वापसी जुड़े सवाल

**हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है।**

डंकी रूट यानी गैरकानूनी तरीके से अमेरिका गये करीब 200 भारतीयों को राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने जिस असुविधा एवं अपमानजनक तरीके से अपने सैनिक विमान से बलपूर्वक भारत भेजा है, उससे अनेक प्रश्न खड़े हुए हैं। बेहतर भविष्य की तलाश में आए अवैध प्रवासियों को बेहूदा तरीके से खदेड़ा जाना विडम्बनापूर्ण एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। पूरे विश्व को लोकतांत्रिक मूल्यों एवं मानव अधिकारों की नसीहत देने वाले अमेरिका ने जिस तरीके से विभिन्न देशों के कथित अवैध प्रवासियों को उनके देश भेजने की कार्रवाई की है, उस पर अनेक देशों ने आपत्ति जताई है। भले ही भारत ने इसे मुद्दा बनाने से परहेज करते हुए राजनीतिक कूटनीति की दृष्टि से ठीक किया हो, लेकिन भारत लौटे अप्रवासियों की चिन्ता एवं दर्द को समझना भारत-सरकार की प्राथमिकता बननी चाहिए। सुनहरे सपनों की आस में जीवनभर की पूंजी दांव पर लगाकर व एजेंटों को लाखों रुपये लुटाकर अमेरिका पहुंचे युवाओं ने सपने में नहीं सोचा होगा कि उन्हें अपराधियों की तरह वापस उनके देश भेजा जाएगा। ये हमारे नीति-नियंताओं की विफलता एवं विदेश नीति की नाकामी तो है ही, दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश भारत के साथ ऐसा व्यवहार अमेरिका के अहंकारी एवं संकीर्णतावादी सोच को भी दर्शा रहा है। अवैध प्रवासियों की उचित तरीकों से पहचान कर उन्हें उनके देशों को वापस भेजा जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। भारत का इस मामले में शुरू से सहयोगात्मक रुख रहा है। लेकिन एक जायज सवाल वापसी के तौर-तरीके को लेकर उठना असंगत नहीं कहा जा सकता है। निश्चित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा से पूर्व जबरन की गई अवैध प्रवासी भारतीयों की निर्वासन उड़ान विसंगतियों व विडंबनाओं की ही घोतक है। हालांकि, भारत ने कूटनीतिक प्रयासों से अवैध अप्रवासन पर समयानुकूल निर्णय लेकर दोनों देशों में संबंध सामान्य बनाने के प्रयास को गलत नहीं कहा जा सकता। गलत तरीकों से अमेरिका में आये लोगों को उनके देश का रास्ता दिखाना भी गलत नहीं कहा जासकता, लेकिन जिस तौर-तरीके से यह कार्रवाई की गयी है, उस पर प्रश्न टंकने स्वाभाविक है। हालांकि यह कोई पहला मौका नहीं है जब अवैध प्रवासी भारतीय वापस भेजे गए हों। लेकिन इस बार कई ऐसी बातें हैं, जो इसे अतीत की ऐसी घटनाओं से अलग एवं चर्चा का विषय बनाती हैं। दरअसल, अमेरिका की हालिया यात्रा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जमीनी स्तर पर बेहतर कूटनीतिक प्रयास करते हुए ट्रंप प्रशासन को इस बात को लेकर आश्वस्त किया कि भारत अपने भटके हुए नागरिकों की वैध वापसी के लिये तैयार है। निस्संदेह, भारत ने समझदारी से टकराव टालने का सार्थक प्रयास किया ताकि मोदी-ट्रंप की मुलाकात से पहले दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट न घुले। निश्चय ही हटी, अहंकारी एवं तुनक मिजाज ट्रंप व उनके प्रशासन से इस मुद्दे पर अड़ने से दोनों देशों के संबंधों के आहत होने की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता। हमारे देश के युवा अमीर देशों में पलायन करने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाते रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या गरीबी से छुटकारा पाने वालों एवं आकांक्षाओं से भी जुड़ी है। विशेषज्ञों का मानना है कि भले ही विदेश में निम्न-स्तरीय नौकरियां मिले लेकिन बेहतर वेतन के लोभ में युवा ऐसी नौकरियां करते हैं। भारत में बेरोजगारी का आलम यह है कि कुछ हजार कर्मियों की भर्ती के लिये लाखों से भी अधिक युवा-प्रार्थी आवेदन करते हैं। थक-हारकर ऐसी एवं अन्य नौकरियों के लिये कोशिशों में नाकाम रहने वाले युवा विदेशों की ओर पलायन करते हैं। कई लोगों की राय में अमेरिका में होने वाली अच्छी कमाई डंकी रूट की जोखिमों, परेशानियों, अपमान एवं कानूनी भय की भरपाई कर देती है। कई परिवारों ने कहा कि उनके बेटे और भतीजे हर महीने कम से कम दो लाख रुपये घर भेजते हैं और वे मुख्य रूप से गैस स्टेशन, मॉल, किराना स्टोर और रेस्तरां में फुल या पार्ट टाइम जॉब करते हैं। इस तरह होने वाली कमाई से न केवल उन्हें कर्ज उतारने, स्कूल की फीस भरने, दहेज, घर की मरम्मत और नई कार खरीदने में मदद मिली, बल्कि इससे उनकी सामाजिक स्थिति भी सुधरी। माना जाता है कि हाल के वर्षों में देखे गए वीजा बैकलॉग ने भी कुछ संभावित प्रवासियों को डंकी रूट अपनाने के लिए प्रेरित किया है। भारतीयों का विदेशों में बढ़ता पलायन और विशेषतः डंकी रूट से विदेश जाने की होड भारत के विकास पर एक बदनुमा दाग है। यह सरकार की विफलता ही है कि वह अपने युवाओं को उचित नौकरी नहीं दे पा रही है। इसी कारण अमेरिका जैसे देशों में भारतीय युवा अपने सपनों को पूरा होते हुए देखते है। हालांकि, एक अध्ययन में दावा किया गया है कि भारत, अमेरिका में गए सर्वाधिक अवैध अप्रवासियों वाले देशों में शुमार है। भारत इस तथ्य को समझता है कि मूल मसला इन अवैध प्रवासियों का वापस आना नहीं बल्कि उनका यह मान लेना है कि इस देश में उनका कोई भविष्य नहीं है। तभी तो वे अपनी जमा-पूंजी गंवाकर और जान का जोखिम मोल लेकर भी अमेरिका-कनाडा जैसे देशों का रुख करते हैं। ध्यान रहे, वैध तरीकों से अमेरिका पहुंचे और वहां रह रहे भारतीयों ने मेहनत और प्रतिभा-कौशल के बल पर अपनी अच्छी जगह बनाई है। न केवल अपनी जगह बनाई बल्कि अमेरिका के विकास में योगभूत बने हैं। लाखों भारतवंशियों ने अपनी मेधा व पसीने से अमेरिका की प्रतिष्ठा पर चार-चांद लगाए हैं। यही कारण है कि दो साल पहले वहां एक भारतीय परिवार की औसत आमदनी की तुलना में एक लैटिन अमेरिकी परिवार की औसत आमदनी काफी कम रही है। यही कारण है कि इस बार के अमेरिकी चुनाव में यह एक बड़ा मुद्दा भी बना था और राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डॉनल्ड ट्रंप इस मसले को रेखांकित भी किया, इस वजह से अमेरिका में रह रहे भारतीय समुदाय की छवि भी प्रभावित हुई है। भारतीयों में विदेश जाकर पढ़ने और नौकरी का क्रेज है, यह सालों से रहा है। पंजाब, गुजरात के लोगों ने अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन में अपनी अच्छी जगह बनाई है लेकिन हाल के सालों में बहुत सारे भारतीय गैर-कानूनी यात्रा के शिकार होकर कुछ ने अपनी जान गवांई है तो कुछ अनेक तकलीफों का सामना कर रहे हैं। अवैध तरीकों से डंकी रूट से अमेरिका आदि देशों में युवाओं को भेजकर जानलेवा अंधी गलियों में धकेलने वाले एजेंटों ने भले ही मोटी कमाई की हो, लेकिन इस काले कारनामों एवं गौरखधंधे पर समय रहते कार्रवाई न होना सरकार की बड़ी विफलता है। मोटी कमाई और चमकीले सपनों का सम्मोहन युवाओं की सोचने-समझने की शक्ति को ही कुंद कर देता है कि वे अपनी जान तक को भी जोखिम में डाल देते हैं। दरअसल, डंकी रूट अमेरिका आदि देशों में जाने का एक ऐसा अवैध रास्ता है, जिसमें सीमा नियंत्रण के प्रावधानों को धता बताकर एक लंबी व चक्करदार यात्रा के माध्यम से दूसरे देश ले जाया जाता है। इतना ही नहीं, कभी उन्हें पूर्वी एशिया के देशों में साइबर अपराधी बंधक बनाकर ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं, तो कभी उन्हें धोखे से बिचौलिए रूसी सेना में भर्ती करवा देते हैं। कभी उन्हें इस्राइल-हमास के भयावह युद्धग्रस्त इलाके में काम की तलाश में पहुंचा दिया जाता है। अमेरिका से लौटे भारतीयों के दर्द को कम करना होगा एवं समझना होगा। इसके लिये भारत सरकार को व्यापक प्रयास करने होंगे। एक तो अवैध तरीकों से लोगों को विदेश पहुंचाने वाले गिरोहों के खिलाफ सख्त मुहिम चलानी होगी ताकि इस प्रक्रिया पर रोक लगे। दूसरी बात यह कि इसके साथ-साथ भारत में नौकरियों के नए अवसर बनाने पर भी ध्यान देना होगा। ऐसे में एक अहम सवाल यह भी है कि क्या भारत के पास अमेरिका से निर्वासन के लिये चिन्हित अपने करीब अट्ठारह हजार कथित अवैध प्रवासी नागरिकों के पुनर्वास को लेकर कोई योजना है? सरकार कैसे सुनिश्चित करेगी कि भविष्य में ये लोग फिर किसी आप्रवासन का दुस्साहस नहीं करेंगे? अन्यथा भारत का युवा हर मोर्चे पर ऐसे अपमान, दर्द, परेशानी के दंश को झेलता रहेगा। **–ललित गर्ग**

# भारतीय उड्डयन क्षेत्र की प्रगति

**विजय गर्ग**

भारत का उड्डयन क्षेत्र इस समय महत्वपूर्ण मोड़ पर है। देश की विशाल जनसंख्या तथा तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के बावजूद उसे हवाईअड्डों की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। क्या कभी आपने सोचा है कि अमेरिका में कितने हवाईअड्डे हैं? यह संख्या आपके अधिकाधिक अनुमान से बहुत अधिक यानी लगभग 19,000 है। लगभग 330 मिलियन जनसंख्या वाले अमेरिका ने हवाईअड्डों का व्यापक संजाल बना कर देश भर में सहज कनेक्टिविटी सुनिश्चित की है। अब इसकी तुलना भारत से करें। अमेरिका से तीन गुना अधिक जनसंख्या वाले भारत में वर्तमान समय में केवल लगभग 500 हवाईअड्डे हैं। यह तथ्य और भी अधिक आश्चर्यजनक है कि इनमें से को ही अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे केवल का द.र्जा मिला है। यह भयानक भिन्नता केवल एक आंकड़े से आगे जाती है। इससे भारत के सामने उड्डयन क्षेत्र में ढांचागत चुनौतियां स्पष्ट हैं तथा इसके साथ ही इस क्षेत्र के व्यापक विस्तार की आवश्यकता भी उजागर होती है। भारत तथा विदेशों में उड्डयन क्षेत्र की तुलना करने के दृष्टिकोण से पश्चिम बंगाल और ब्रिटेन के बीच भी 'तुलना की जा सकती है। दोनों की जनसंख्या लगभग बराबर है र उनके उड्डयन नेटवर्क में बहुत बड़ा अंतर है। जहां ब्रिटेन में लगभग 150 हवाईअड्डे हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में केवल तीन यात्री हवाई अड्डे - कोलकाता, बागडोगरा और अंडाल हैं। यह अंतर केवल सुविधा के दृष्टिकोण से ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि इससे खोए हुए आर्थिक अवसरों की रूपरेखा स्पष्ट होती है तथा इसके साथ ही तेज ढांचागत विकास की आवश्यकता भी रेखांकित होती है। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में हवाईयात्रा दैनिक सुविधा की चीज है क्योंकि यह सस्ती, सक्षम तथा दैनिक जीवन से जुड़ी है। इससे लोगों को ट्रैफिक से मुक्ति मिलती है, उनका समय बचता है तथा आर्थिक विकास की गति तेज होती है। लेकिन अब भी भारत में हवाईयात्रा को शानोशौकत की चीज माना जाता है और इसकी पहुंच केवल कुछ विशिष्ट लोगों तक ही है। भारत का उड्डयन नेटवर्क उसकी बढ़ती हुई मांग को देखते हुए पूरी तरह अपर्याप्त है। केवल 29 अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डों तथा लगभग कुल 500 हवाईअड्डों के साथ उड्डयन क्षेत्र की ढांचागत संरचना घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रियों की संख्या से निपटने के लिए संघर्ष कर रही है। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरू जैसे बड़े शहरों में हवाईअड्डे लगातार भारी भीड़ से भरे रहते हैं जिसके कारण विलंब, भीड़ तथा अक्षमता का सामना करना पड़ता है। इसके उलट देश के विशाल हिस्से, खासकर छोटे कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र एक दूसरे अलगाव का सामना करते हैं और साधनों वे रेलवे व राजमार्गों जैसे पुराने परिवहन : नर्भ हैं। वर्तमान समय में एयरपोर्ट अथारिटी आफ इंडिया- एएआई लगभग 150 हवाईअड्डों का प्रबंधन करत है, लेकिन अमेरिका के लगभग 5000 सिविलियन हवाईअड्डों की तुलना में यह संख्या नाटकीय रूप से नगण्य है। यह अंतर उस समय और भी अधिक चिन्ताजनक हो जाता है, जब यह तथ्य सामने रखा जाता है कि भारत की जनसंख्या अमेरिका की जनसंख्या से तीन गुना अधिक है। स्पष्ट है कि भारत को अपने उड्डयन ढांचागत संरचना का व्यापक विस्तार करना चाहिए। यह विस्तार तत्काल करने की आवश्यकता है। भारत में सीमित उड्डयन नेटवर्क के भारी नुकसान होते हैं। इससे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी सीमित होती है, पर्यटन बढ़ाने में बाधा आती है तथा आर्थिक वृद्धि तेज करने की गति धीमी हो जाती है। भारत को यह कमी दूर करने के लिए निर्णायक कदम उठाने चाहिए। भविष्य के लिए साहसी दृष्टिकोण में आने वाले वर्षों में नए हवाईअड्डे बनाने की दिशा में तेजी से कदम उठाए जाने चाहिए। कम 1,500 भारत को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हर बड़े जनसंख्या क्षेत्र में प्रति 100 किलोमीटर पर एक हवाईअड्डा जरूर हो। इस विशाल उड्डयन ढांचागत संरचना का निर्माण कर भारत छोटे शहरों तथा कस्बों की आर्थिक क्षमताओं को विकास का पूरा अवसर दे सकता है। भारत जैसे विशाल देश में सुविकसित हवाई ढांचागत संरचना का विकास और उससे होने वाले आर्थिक लाभ पूरी तरह स्पष्ट हैं। हवाई यात्रा केवल परिवहन का नवीनतम साधन है, बल्कि यह सर्वाधिक सुरक्षित तथा सर्वाधिक सक्षम है। ऐसे देश में जहां सड़कें और रेलवे अक्सर बहुत अधिक भीड़ होने के कारण विलंब का शिकार बनते हैं, एक जीवन्त उड्डयन नेटवर्क वर्तमान परिवहन व्यवस्थाओं से बोझ घटा सकता है तथा देश भर में आवागमन को ज्यादा सहज बना सकता है।

## सेहत मंत्र

# सूखी मछली खाने से लोगों में बढ़ रहा पेट और कोलोरेक्टल कैंसर का खतरा

भुवनेश्वर के ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (एम्स) और कटक के आचार्य हरिहर रिजनल कैंसर सेंटर (एएचआरसीसी) जैसे बड़े अस्पतालों में कार्यरत देश के टॉप ऑन्कोलॉजिस्ट ने सूखी मछलियों में कैंसरकारी तत्वों की मौजूदगी का संदेह जताया है। इस सूखी मछली का स्वाद नमकीन होता है। रोजाना हजारों की संख्या में कैंसर मरीजों को उपचार और सलाह मुहैया करा रहे इन डॉक्टरों का दावा है कि ओडिशा में पेट के कैंसर के साथ-साथ कोलोरेक्टल कैंसर के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑन्कोलॉजिस्ट इसके पीछे खान-पान की गलत आदतों, जीवनशैली में बदलाव, नमकीन सूखी मछली सहित मसालेदार फूड के बढ़े सेवन को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। भुवनेश्वर स्थित एम्स के सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. माधाबनानंदा कार ने एक वेबसाइट से राज्य में कैंसर के मरीजों की बढ़ती संख्या के बारे में कहा, ''इसे वैज्ञानिक रूप से सिद्ध करने के लिए कोई ठोस अध्ययन नहीं है लेकिन कैंसर के बढ़ते चलन से विशेषकर एक क्षेत्र में चिंता का विषय है। हम पुरी, गंजम और अन्य जैसी तटीय क्षेत्रों से आने वाले लोगों में पेट के कैंसर के अधिक मामले सामने आ रहे हैं। डॉ. माधाबनानंदा कार का कहना है कि अब ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीके के अधिक प्रयोग के कारण सर्वाइकल कैंसर के मामलों में काफी कमी आई है। एचपीवी संक्रमण को सर्वाइकल कैंसर के पीछे का सबसे प्रमुख कारण बताया जाता है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी ओडिशा से मुंह के कैंसर और फ़ेफड़ों के कैंसर के मामलों में भी तेजी से वृद्धि हुई है, जो कि रसायनिक पेस्टीसाइड और उर्वरक के अधिक प्रयोग से जुड़ा हुआ है। डॉ. कार का कहना है कि पंजाब में हुए कई अध्ययनों में ये पाया गया है कि अधिक पेस्टीसाइड का प्रयोग कैंसर से जुड़ा हुआ है।

## धर्म मंत्र

# हर पूजा-अर्चना के बाद भगवान से जरूर मांगें क्षमा, तभी पूरी होगी पूजा

सभी देवी-देवताओं की पूजा में मंत्रों का जाप विशेष रूप से किया जाता है। पूजा से जुड़ी सभी क्रियाओं के लिए मंत्र बताए गए हैं। प्रार्थना, स्नान, ध्यान, भोग के मंत्रों की तरह ही क्षमायाचना मंत्र भी हैं। पूजा करते समय जाने-अनजाने हमसे कई तरह की भूल चूक हो जाती हैं। पूजा से जुड़ी इन भूलों के लिए क्षमायाचना मंत्र बोला जाता है। जब हम अपनी गलतियों के लिए भगवान से क्षमा मांगते हैं, तभी पूजा पूरी होती है। पूजा में क्षमा मांगने का संदेश ये है कि दैनिक जीवन में हमसे जब भी कोई गलती हो जाए तो हमें तुरंत ही क्षमा मांग लेनी चाहिए। क्षमा के इस भाव से अहंकार खत्म होता है और हमारे रिश्तों में प्रेम बना रहता है। पूजा में क्षमा मांगने के लिए बोला जाता है ये मंत्र- **आवाहनं न जानामि न जानामि तवार्चनम्। पूजां श्चैव न जानामि क्षम्यतां परमेश्वर? मंत्रहीनं क्रियाहीनं भक्तिहीनं सुरेश्वरं। यत्पूजितं मया देव परिपूर्ण तदस्मतु। अर्थ-** इस मंत्र का अर्थ यह है कि हे प्रभु। न मैं आपको बुलाना जानता हूं और न विदा करना। पूजा करना भी नहीं जानता। कृपा करके मुझे क्षमा करें। मुझे न मंत्र याद है और न ही क्रिया। मैं भक्ति करना भी नहीं जानता। यथा संभव पूजा कर रहा हूं, कृपया मेरी भूलों को क्षमा कर इस पूजा को पूर्णता प्रदान करें। इस परंपरा का आशय यह है कि भगवान हर जगह है, उन्हें न आमंत्रित करना होता है और न विदा करना। यह जरूरी नहीं कि पूजा पूरी तरह से शास्त्रों में बताए गए नियमों के अनुसार ही हो, मंत्र और क्रिया दोनों में चूक हो सकती है। इसके बावजूद चूंकि मैं भक्त हूं और पूजा करना चाहता हूं, मुझसे चूक हो सकती है, लेकिन भगवान मुझे क्षमा करें। मेरा अहंकार दूर करें, क्योंकि मैं आपकी शरण में हूं।

## पर्यटन



# सपनों की उड़ान जैसी बुल्गारिया की सैर, खूबसूरती ही नहीं यहां का आर्किटेक्चर भी है लाजवाब

मैदान, पहाड़, घाटी, संकरे रास्तों व नदियों का देश है बुल्गारिया। यहां की सबसे बड़ी नदी है इस्कर और सबसे बडी लेक बुर्गस है। आपको जानकर हैरानी भी होगी कि इस देश में करीब 540 नदियां बहती हैं। एक टैक्सी से हम वारना में होटल पैनोरमा पहुंचे। सुनने में अजीब लगता है, लेकिन सच में वहां तक की ड्राइव मन मोह लेने वाली थी। हरे-भरे खेतों, साफ-सुथरी सड़कों और सुरजमूखी के हजारों फूलों के बीच स्टोन फॉरेस्ट तक जाने का रास्ता बेहद मनमोहक था। साथ ही, मन में उतावलापन था कि पत्थरों का जंगल कैसा होगा? स्टोन फॉरेस्ट पहुंचकर सदियों पुराने पत्थर और प्राकृतिक जमीनी सुंदरता और कलात्मकता को देखकर हैरान थे। पेड़, मिट्टी, जंगली पौधे और पत्थरों का यह जंगल पहले एक समुद्र था। पत्थर के खंभों से पटा हुआ यह जंगल बड़े क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां का वातावरण बहुत ही साफ और सुंदर है। खूबसूरत फूल-पौधे चारों तरह हरियाली बिखेरते बड़े मनोरम लगते हैं। वारना शहर में घूमते हुए हमारी नजर यहां बने घरों पर पड़ी। बहुत ही सुंदर अपार्टमेंट बने हैं। बुल्गारियाई आर्किटेक्चर बहुत सुंदर, आकर्षक और प्रभावी हैं। बातों-बातों में हम कब वारना पार्क पहुंच गए पता ही नहीं चला। इस पार्क की खासियत है कि आप गार्डन के साथ-साथ बाजार भी घूम लेते हैं। यहां रेस्टोरेंट्स में तुर्की व बुल्गारियाई व्यंजन काफी पसंद किए जाते हैं। अगली सुबह हमें बल्चिक-कलियाकारा जाना है, जो वारना के पास ही बसा एक कस्बा है। यह ब्लैक सी के पास ही स्थित है। कलियाकारा केप पहुंचने पर हमें यहां एक आर्कियोलॉजिकल साइट भी देखने को मिली, जो एक म्यूजियम की तरह है। यह एक तरह से यहां की सभ्यता का प्रतीक है। इस म्यूजियम में हजारों साल पुरानी सभ्यता की निशानियां रखी हैं। इनमें बर्तन, हथियार जैसी बहुत सारी चीजें देखने को मिलती हैं। ये सामान खुदाई के दौरान मिले थे। अब इस साइट को टूरिस्ट स्पॉट के रूप में विकसित किया गया है। यहां एक लंबी वॉक के बाद महसूस होता है कि जरूर जीवन यहां कई हजार साल पहले भी रहा होगा। इस तरह के चिन्ह इस वॉक के दौरान देखने को मिलते हैं।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए नौ ब्लॉकों में चलेगा अभियान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में गुरुवार को जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में द्वितीय डीसीसी की बैठक संपन्न हुई जिसमें फाइलेरिया से बचाव की दवा 10 फरवरी से 25 फरवरी 2025 तक स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर निशुल्क खिलाई जाएगी। लिम्फ़ेटिक फाइलेरिया (हाथीपांव) एक गंभीर रोग है, जो आजीवन विकलांगता का कारण बन सकता है। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा कि किसी को दवा देना नहीं है सभी को अपने सामने दवा खिलानी है। जिलाधिकारी ने कहा कि ब्लॉकों में बनी रैपिड रिस्पॉन्स टीम पूरी तरह सक्रिय रहेगी। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश कुमार यादव, एसीएमओ डॉ डीके श्रीवास्तव, जिला मलेरिया अधिकारी सुजाता ठाकुर, जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्तोष कुमार देव पांडेय, दिव्यांग कल्याण अधिकारी, ईओ सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपार आईडी, शिक्षकों में भारी आक्रोश

छात्रों की अपार आईडी को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग के नोडल व उच्च शिक्षा अधिकारी बेसिक विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य व बेसिक विभाग के निजी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों आईडी न बनने के कारण मान्यता प्रत्याहारन की धमकी से सभी प्रधानाचार्य में आक्रोश व्याप्त है।वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी छात्रों की अपार आईडी बनने के पक्षधर है लेकिन छात्रों के विद्यालय अभिलेख अनुसार एवं आधार कार्ड में भिन्नता के कारण कुछ छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पा रही यह जानकारी वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष तेज कुमार उपाध्याय ने विज्ञप्ति जारी कर दी है उन्होंने कहा यदि शिक्षा विभाग की अधिकारी प्रधानाध्याप को और प्रधानाचार्य को नाजायज उत्पीड़न करेंगे तो शिक्षक महासभा इसका मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है शिक्षा विभाग के अधिकारी भी मर्यादा का उल्लंघन न करें अन्यथा की स्थिति वित्तविहीन शिक्षक महासभा भी मर्यादा का उल्लंघन करने के लिए बाध्य होगी शिक्षा विभाग के अधिकारियों को नहीं मालूम की नेटवर्किंग व्यवस्था फ़ेल होने के कारण छात्रों का आधार कार्ड मैं माता-पिता का नाम तथा छात्र की जन्मतिथि और पता गलत होने के कारण बैंकों में भीड़ हो रही है छात्र और अभिभावक दोनों परेशान होने के कारण तथा तकनीकी गड़बड़ी होने के कारण छात्रों की अपार आईडी नहीं बन पा रही अधिकारियों को यथार्थ की भी जानकारी होनी चाहिए तेज कुमार उपाध्याय प्रदेश उपाध्यक्ष वित्त विहीन शिक्षक महासभा

# गड्ढा मुक्त अभियान की खिल्ली उड़ा रही बदहाल सड़कें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। विकासखंड क्षेत्र में बदहाल सड़कें जन सामान के लिए दुश्वारियां बढ़ा रही हैं। एक ओर योगी सरकार व्यवस्था को सुधारने और गड्ढा मुक्ति अभियान चला रही है लेकिन क्षेत्र की कुछ सड़कों की स्थित देखकर ऐसा लगता है मानो गड्ढा मुक्ति अभियान खुद गड्ढे में जा पड़ा है। इंतजार कर रहे है कि इन सड़कों के दिन कब बहुरेंगे।

प्रमाण एक - कस्बा टिकैतगंज के कुंडवा चौराहा से शिव विशाल ब्रिक फील्ड , दौलतपुर,मदीनपुर होते हुए शारदा सहायक नहर पर जाने वाला संपर्क मार्ग जर्जर हो चुका है मार्ग पर बड़े बड़े गड्ढे है कही कही तो आलम यह है कि डामर गायब हो चुका है केवल उखड़ी हुई गिट्टी ही बची है ऐसे में राहगीरों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कई बार तो लोग गिरकर चोटिल भी हो रहे है।पर इन दोनों सड़कों पर जनप्रतिनिधि से लेकर विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

प्रमाण दो - ग्राम अहमदनगर से ग्राम गढ़िया को जाने वाले संपर्क मार्ग और धौरहरा के पुल को जाने वाले संपर्क मार्ग की हालत खस्ता है।इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर मार्ग की ओर जाने से पहले चार पर सोचते है कि जाए कि न जाए पर मजबूरन उन्हें उस रास्ते से होकर गुजरना पड़ता है। रास्ते पर गिट्टी उखड़ी पड़ी है लोग गिरकर चोटिल हो रहे है पर सुध लेने वाला कोई नहीं है।

प्रमाण तीन - ग्राम बसारा से मुनीमपुर बरतरा मार्ग पर मुनीमपुर और आगापुर गांव को जोड़ने वाली करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क जर्जर हो चुकी है सड़क पर गिट्टी ही गिट्टी बची है।अक्सर ही बच्चों से लेकर बड़े तक गिरकर चोटिल हो रहे है।

प्रमाण चार - ग्राम पंचायत खुज्जी स्थित प्रसिद्ध धन्नाग तीर्थ से दलेर नगर को जाने वाली सड़क जिसका निर्माण जिला पंचायत द्वारा हुआ था कि गिट्टी उखड़ चुकी है और लोगों की गाड़ी फिसल रही है। प्रमाण पांच - बीते एक वर्ष पूर्व में जिला पंचायत द्वारा निर्मित गढ़िया बाजार को जाने वाला संपर्क मार्ग भी जगह जगह उखड़ गया है।

# पंचायत सहायकों का विरोध प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। पंचायत सहायकों ने अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री, पंचायती राज मंत्री, विपक्षी नेताओं समेत 10 विभिन्न कार्यालयों में रजिस्ट्री डाक से ज्ञापन भेजा है। दिसंबर 2021 से नियुक्त इन कर्मचारियों की प्रमुख मांग है कि वर्तमान 6000 रुपये मासिक मानदेय को बढ़ाकर 26,910 रुपये किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि एक मनरेगा मजदूर को 237 रुपये प्रतिदिन मिलते हैं, जबकि तकनीकी कार्य करने वाले कुशल पंचायत सहायकों को इससे भी कम वेतन दिया जा रहा है। पंचायत सहायकों की अन्य प्रमुख मांगों में मानदेय का भुगतान ग्रामनिधि की बजाय राज्य सरकार द्वारा किया जाए, अनुबंध प्रणाली को समाप्त कर सेवा नियमावली बनाई जाए, महिला पंचायत सहायकों के लिए स्थानांतरण नीति बनाई जाए और ग्राम पंचायत अधिकारी के रिक्त पदों में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाए।ये कर्मचारी ग्राम पंचायत सचिवालय का संचालन कर रहे हैं और सरकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उनका कहना है कि पूर्णकालिक नौकरी होने के कारण उनकी आगे की पढ़ाई भी बाधित हो रही है और उनका भविष्य इसी नौकरी पर निर्भर है। इस अवसर पर रितेश मौर्य,सोनी यादव,मनीष वर्मा,सीमा,आरती वर्मा,शालिनी,पारुल पाल,जसवेंद्र प्रताप,अमरेंद्र वर्मा,विष्णु सोनकर,सुनील कुमार,इंद्रेश प्रजापति,अमित कुमार,विनय कुमार यादव,प्रवेश वर्मा आदि पँचायत सहायक मौजूद रहे।

## उप चुनाव प्रत्याशियों ने खरीदे नामांकन पत्र

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड क्षेत्र में ग्राम प्रधान के एक खाली पद के लिए पांच लोगों ने पर्चा खरीदा ,वही ग्राम पंचायत सदस्य के सात खाली पदों के लिए सात लोगों ने पर्चा खरीदा। बताते चले कि ग्राम पंचायत पलिया में प्रधान पद के लिए पांच लोगों ने पर्चा खरीदा तथा ग्राम पंचायत अखईपुर, कसगांव, कोडरी गोपालपुर, डिंगरी, दरावां, बसारा , मोहसंड में सदस्य पद के लिए कुल सात पर्चे खरीदे गए। चुनाव के लिए कल यानी आठ फरवरी सुबह 10 से शाम चार बजे तक नामांकन होगा। नामांकन पत्रों की जांच 10 फरवरी को की जाएगी। 11 फरवरी को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 11 फरवरी को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। 19 फरवरी को सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक मतदान किया जाएगा। 21 फरवरी को मतगणना की जाएगी।

# मदनी साहब ने बांधा पगड़ी दी हाफिज के उपाय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

जैदपुर बाराबंकी। नगर पंचायत के मोहल्ला मुख्य स्थित मदरसा जामिया अरबिया नुरुल उलूम जैदपुर में एक जलस ए दस्तार बंदी का आयोजन किया। जलसे के मुख्य अतिथि जमीयत उलेमा-ए हिंद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना सैयद मोहम्मद असद मदनी की उपस्थिति में मदरसे के लगभग 250 छात्रों जो अपने इस्लामी पढ़ाई पूरी कर चुके छात्रों को पगड़ी बांधकर ''*हाफिज की उपाधि*'' से सम्मानित किया गया। गया। जलसे का आगाज, कारी मुदस्सिर और मौलाना कारी रियाज नदवी ने तिलावते कलामे पाक से की। यहां बताते चलें कि मौलाना असद मदनी का उनके समर्थकों द्वारा सभासदों के नेतृत्व में फूल माला पहनकर भव्य स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि मुसलमान को बदलने की जरूरत है बदलाव जबान से नहीं दिल से करने की जरूरत है।

हमें अपने जलसे व शादियों में सादगी लाने की बहुत ही जरूरत है। कुरआने मुकद्दर अल्लाह की मुकद्दस किताब होने के साथ-साथ आखिरी किताब है। जो कभी खत्म होने वाली नहीं है। जलसे की अध्यक्षता श्खुल हदीस मुफ्ती नियाज अहमद नदवी द्वारा की गई। इस दौरान कारी मोहम्मद उल्ला जमियत ज़िला सदर, मौलाना जमाल काशमी ज़िला मौलाना इम्तियाजुल हक काशमी,मौलाना,, कारी अब्दुर्रहीम, नजमुल हसन मास्टर आशिफ फारूकी, ,सहित अन्य लोग मौजूद थे। अंत में संचालक पूर्व अध्यक्ष मदरसा प्रबंधक जियाउर्रहमान अंसारी ,बबलू, ''द्वारा आये हुये सभी लोगों का शुक्रिया अदा किया गया।

## ढ़ाई लाख नगदी जेवरात ले उड़े बदमाश

**रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** थानाक्षेत्र के ग्राम लोहटी जई के रेलीबाजार मोहल्ला में निवासी रविशंकर के घर में घुसकर बीती रात अज्ञात चोरों ने ढाई लाख नकदी व सोने-चांदी के जेवरात उड़ा ले गए।चोरों ने घर के ऊपर लगे लोहे के जाल का ताला तोड़कर प्रवेश किया और घटना अंजाम दी। रामनगर पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया व मामले में मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू की।

## ताला काट कर विद्यालय का सामान उठा ले गए चोर

**निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** चोरों ने पंचायत भवन का ताला काटकर सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर सहित कीमती सामान उठा ले गए।चोरी की जानकारी सुबह होने पर पंचायत सचिव ने स्थानीय थाने में तहरीर दी है। बड्डूपुर थाना क्षेत्र के मौलाबाद पंचायत भवन से रात्रि में चोरों ने ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए।चोरो ने कमरे में रखा इनवर्टर, दो बैटरी,सौर ऊर्जा पैनल, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर आदि उठा ले गए।सुबह पंचायत भवन खुलने पर पहुंचे ग्राम प्रधान को ताला टूटा देखकर चोरी की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंचे पंचायत सचिव ने नुकसान का आकलन कर तहरीर पुलिस को दी है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मामला संदिग्ध लग रहा है। तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## महादेवा का फागुनी मेला, तैयारी नगण्य गंदगी का अंबार

**रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** श्री लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला प्रारंभ में कुछ दिन बचे हैं।यहां पर साफ सफाई का कार्य शुरू नहीं हुआ है। पूरे मेला क्षेत्र में गंदगी का अंबार है। नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे यहां पर आने वाले शिव भक्त परेशान होते हैं। गलियों में गंदगी का प्रभाव इतना अधिक है कि लोगों को आने-जाने में परेशानी होती है। सोमवार के दिन यहां पर शिव भक्तों की काफी भीड़ होती है। छुट्टा जानवरों का मलमूत्र, गंदा पानी कीचड़ फैला हुआ है। सुप्रसिद्ध श्री लोधेश्वर महादेवा मैं मैं हर वर्ष फागुन के महीने में सबसे बड़ा मेला लगता है। इस मेले में झांसी ,महोबा ,उरई कानपुर ,उन्नाव ,लखनऊ ,इटावा, मैनपुर सहित बाराबंकी जनपद से भी लोग कांवर लेकर पैदल चलकर यहां पर आते हैं।तथा भगवान शिव जी का पवित्र गंगाजल से जलाभिषेक करते हैं। वैसे यहां पर अनेक छोटे-बड़े मेले होते रहते हैं। भगवान शिव की नगरी शिव भक्तों से भरी रहती है। समय-समय पर यहां पर मुंडन संस्कार भी होते रहते हैं। सैकड़ो शिव भक्तगण अपने वाहनों से आकर यहां पर भगवान शिव जी की पूजा अर्चना करते हैं।पूर्णिमा होने के बाद शिव के कांवरिया बिठूर से जल लेकर भगवान शिव की नगरी के लिए चल पड़ते हैं। इस बार महाशिवरात्रि का पर्व 26 फरवरी 2025 को पड़ेगा।महाशिवरात्रि पर्व के 10 दिन पूर्व से कांवरियों का आना शुरू हो जाता है। जो महाशिवरात्रि तक निरंतर चलता रहता है। यह सबसे बड़ा मेला होता है।इसलिए शासन प्रशासन को पहले से ही इसकी तैयारी में जुट जाना चाहिए। केसरीपुर से महादेवा तक की सड़क का चौड़ीकरण कार्य बहुत ही धीमी गति से चल रहा है। जगह-जगह पर सड़क पर गिट्टी के रोडे पड़े हुए हैं।जिससे आवागमन बाधित है। लोगों को पैदल चलना मुश्किल है।कई बार इस मार्ग पर ई रिक्शा और मोटरसाइकिले पलट गई। जिससे लोगों चोट खा गए।

## ग्राम चौपाल में समस्याओं का हुआ समाधान

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बघौरा पंचायत भवन में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान किया गया। ग्राम प्रधान जगजीवन की अध्यक्षता में आयोजित इस चौपाल का संचालन पंचायत सचिव विवेक कुमार ने किया। चौपाल में कुल दो शिकायतें सामने आईं। पहली शिकायत गांव के मंशाराम द्वारा आधार कार्ड में नाम संशोधन की थी, जिसके लिए उन्हें आधार कार्ड केंद्र जाने की सलाह दी गई। दूसरी शिकायत सुरेंद्र कुमार द्वारा परिवार रजिस्टर से संबंधित थी, जिसका मौके पर ही समाधान कर दिया गया।पंचायत सचिव विवेक कुमार ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। यह चौपाल ग्रामीण समस्याओं के त्वरित निवारण की दिशा में एक सकारात्मक पहल साबित हुई, जिससे ग्रामीणों को अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के समक्ष रखने का अवसर मिला।

## खराब किस्म का ईंट लगाने से ग्रामीणों में आक्रोश निर्माण कराया बंद

**सिद्धौर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकासखंड सिद्धौर और क्षेत्र की ग्राम पंचायत नसीरपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी के बाउंड्री वॉल निर्माण में खराब किस्म का ईटा लगाने पर ग्रामीणों ने काम बंद कराकर इसकी सूचना अधिकारियों को दी। ग्राम पंचायत नसीरपुर में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य में बाउंड्री वॉल का निर्माण ठेकेदार ने बहुत ही खराब किस्म का ईटा लगाया जा रहा था। ग्राम प्रधान विपिन कुमार व अन्य ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर काम बंद करवा कर इसकी सूचना उच्च अधिकारियों को दी सूचना पर पहुंचे अवर अभियंता विमल गिरी ने खराब ईटा को निर्माण कार्य में लगाने से रोक दिया और कहा जब तक दूसरा ईटा नहीं आता है तब तक निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। अवर अभियंता विमल कुमार गिरी ने बताया ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचकर खराब ईटा हटवा कर अच्छा ईटा मंगवाने के निर्देश दिए गए हैं। यदि ठेकेदार किसी ईटा का प्रयोग करता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

## ग्राम चौपाल का हुआ आयोजन

**बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत अमसेरूवा में ग्राम चौपाल का आयोजन चौपाल में तीन शिकायतें आई जिसमें परिवार रजिस्टर नकल दो, राशन कार्ड एक ,1आवास की मांग संबंधित थी। ग्राम पंचायत पारा इब्राहिम में आयोजित चौपाल में एक आवास की मांग एक राशन कार्ड और एक किसान सम्मन निधि की शिकायत आई । इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव जनार्दन चौहान, प्रमोद कुमार ग्राम प्रधान धर्मराज, आसमा खातून सहित अन्य लोग मौजूद थे ।

## ननि झांसी के कान्हा उपवन का गौ पर्यटन बना है आकर्षण का केंद्र

**झांसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर झांसी नगर निगम द्वारा तैयार किया गया गौ पर्यटन केंद्र विद्यार्थियों और आगंतुकों को आकर्षित कर रहा है। नगर निगम झांसी ने बिजौली में स्थित कान्हा उपवन गौवंश आश्रय स्थल को गौ पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया है। नई पीढ़ी को गौवंश आधारित प्राचीन भारतीय सामाजिक और कृषि व्यवस्था के बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से कान्हा उपवन में गौ परिक्रमा पथ बनाया गया है। बिजौली स्थित नगर निगम के कान्हा उपवन में 825 निराश्रित गौवंश संरक्षित किये गए हैं। निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के साथ ही यहां नस्ल सुधार और गोबर से गौकाष्ठ बनाने समेत कई अभिनव प्रयोग किए जा रहे हैं। नई पहल करते हुए नगर निगम ने कुछ महीने पूर्व गौवंश संरक्षण के प्रति जागरूकता के मकसद से वैदिक काल के गौवंश आधारित परिवेश को दर्शाने का प्रयास किया है। आगंतुकों और विद्यार्थियों को बैलगाड़ी की सवारी कराकर गौ परिक्रमा पथ पर बैल कोल्हू, रहट, खेतों में बैल से जुताई आदि कार्यों का यहां जीवंत प्रदर्शन किया जाता है। गौ परिक्रमा पथ पर स्थानीय नस्ल की गौवंशों के अतिरिक्त गिर, साहीवाल और हरियाणा नस्ल के गोवंश भी देखने को मिलते हैं। गौवंशों के नस्लों की विशेषता बताने वाले साइनेज लगाए हैं। नगर निगम झांसी के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि गौ पर्यटन केंद्र स्कूली विद्यार्थियों को विशेष रूप से प्रभावित कर रहा है। निरंतर स्कूली बच्चे यहां आकर गौवंशों के बारे में और उनकी उपयोगिता के बारे में जानकारी हासिल कर रहे हैं। अन्य लोग भी यहां गौ पर्यटन केंद्र को देखने के लिए आते हैं। यहां का वातावरण और गौ संरक्षण के प्रति जागरूकता की यह पहल लोगों को आकर्षित करती है।

# राज्य मंत्री ने निजी हास्पिटल का किया शुभारंभ क्षेत्र के लोगों को होगी सहूलियत

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामसनेही घाट बाराबंकी। क्षेत्र के असंदरा बाजार में शुक्रवार को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने एक निजी हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन किया। श्री राघव दत्त तिवारी की स्मृति में माही प्रिया ट्रस्ट/ फाऊंडेशन द्वारा इस कान्हा हास्पिटल की ओपनिंग की गई है। इस अस्पताल के खुल जाने से आसपास के लोगों को सस्ता इलाज मिलेगा। अस्पताल के अध्यक्ष डॉक्टर आशीष तिवारी ने बताया कि माही प्रिया ट्रस्ट के के द्वारा इस अस्पताल को खोला गया है अस्पताल के खुल जाने से स्थानीय लोगों को अच्छा व सस्ता इलाज मिलेगा अस्पताल में सारी सुविधाएं हैं जिससे लोगों को अच्छे इलाज के लिए दूर नही जाना पड़ेगा।एक ही छत के नीचे मरीजों को सारी सुविधाएं दी जाएंगी ।आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उपचार और दवाओं में विशेष छूट दी जाएगी ।उन्होंने भरोसा दिलाया कि अस्पताल में जल्द ही निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कराया जाएगा । उद्घाटन में मुख्य रूप से एम एल सी अंगद सिंह, हैदरगढ़ विधायक दिनेश रावत, चेयरमैन आलोक तिवारी, ब्लाक प्रमुख चंद्र शेखर वर्मा,पूर्व सपा सांसद रामसागर रावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सिंह, हरकिशोर मिश्रा, डाक्टर अंजनी मिश्रा, त्रिशूल पाणि शुक्ला, द्वारिका प्रसाद तिवारी ,पारसनाथ तिवारी ,अमरनाथ तिवारी दिलीप शुक्ला टिंकू, क्षेत्र के आशा बहुओं सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दुकान में मिला व्यवसायी का शव, हत्या की आशंका

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के लक्षबर बजहा गांव मे गुरुवार की रात एक युवक की गला दबाकर हत्या की गई। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह कई थानों की पुलिस फोर्स ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे और साक्ष्य जुटाए जाने के निर्देश दिए। बताते चले सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लक्षबर बजहा निवासी 30 वर्षीय शिवमंगल चौहान पुत्र गुरुशरण चौहान बजहा चौराहे से रायपुर जाने वाली सड़क पर बनी दुकान मे बीती रात्रि सोया था। शुक्रवार की सुबह शिवमंगल का शव उसी की दुकान के अंदर मिला।मृतक के गले मे निशान होने से हत्या की आशंका जताई गई है।मृतक की पत्नी रूबी अपने 10 वर्षीय पुत्र यश एव 8 वर्षीय अंश के साथ मायके टेरासानी थाना मसौली गयी है । घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश नरायण सिंह, सीओ हर्षित चौहान, प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक जैदपुर अमित प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक मसौली यसकांत सिंह फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वार्षिकोत्सव,बच्चों का मनमोहक प्रदर्शन अभिभावक गदगद



**रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शिक्षा क्षेत्र रामनगर के कंपोजिट विद्यालय मड़ना में अभ्युदय वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पुरस्कार व जलपान प्रदान कर बधाई दी गई।इस मौके पर प्रधानाध्यापक दुर्गेश त्रिपाठी इंद्रजीत सिंह पंकज श्रीवास्तव पूजा मिश्रा निहारिका सुमन सिंह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रसोईया सहित समस्त लोग उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की बैठक आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। जिलाधिकारी बाराबंकी की श्री शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जिला स्तरीय बैठक कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में सम्पन्न हुयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डी0 आर0 डी0 ए0, उप कृषक निदेशक, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कृषि अधिकारी, विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता , लीड बैंक मनैजर एवं बैकर्स तथा जनपद के वेण्डर्स उपस्थित रहे। बैठक में नेडा के परियोजना अधिकारी श्री टीका राम द्वारा बताया गया कि पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत जनपद को 15000 घरों में ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसमें केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार दोनों की ओर से सब्सिडी दी जाएगी, ऐसे में सोलर पैनल की बढ़ी लागत सब्सिडी में कवर हो जायेगी। पी0एम0सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अन्तर्गत घरेलु उपभोक्ता अपने घरों में स्वीकृत विद्युत भार समतुल्य क्षमता का ऑनग्रिड सोलर पावर प्लान्ट लगवा सकते है। सोलर पावर प्लान्ट की अनुमानित लगात 65000 रू0 प्रति किलोवाट आती है। उक्त योजना के अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा 15,000 प्रति किलोवाट अधिकतम 30,000 का अनुदान तथा केन्द्र सरकार द्वारा 1 से 02 किलोवाट तक अधिकतम 60,000 रू0 एवं 03 किलोवॉट की स्थापना पर कुल 78000 का अनुदान दिया जा रहा है, 03 किलोवाट सोलर रूफटॉप पावर प्लान्ट की स्थापना पर राज्यसरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा कुल 108,000 रुपये की अनुदान धनराशि देय है। जो उपभोक्ता के बैंक खाते में डी0बी0टी0 के माध्यम से भुगतान की जाती है, 03 किलोवाट संयंत्र की स्थापना हेतु राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण दिया जा रहा है।

# लोधेश्वर महादेवा मेला में बिजली, पानी और सुरक्षा के होंगे पुख्ता इंतजाम : डीएम शशांक त्रिपाठी

- 16 फरवरी से शुरू होगा लोधेश्वर महादेवा का फाल्गुनी मेला 27 फरवरी को होगा समापन
- डीएम की अध्यक्षता में आहूत हुई लोधेश्वर महादेवा फाल्गुनी मेले की समीक्षा बैठक


कैनविज टाइम्स संवाददाता



बाराबंकी। गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक श्री दिनेश कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी श्री इन्द्रसेन, उपजिलाधिकारी रामनगर श्री पवन कुमार, पूर्व विधायक मा0 श्री शारद अवस्थी और महादेवा मंदिर के मुख्य पुजारी श्री आदित्य नाथ तिवारी सहित मेला कमेटी और सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों के साथ लोधेश्वर महादेवा फाल्गुनी मेले की तैयारियों हेतु समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा मेला में बिजली, पानी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायें। मेला परिसर में खाने पीने की वस्तुओं पर विशेष ध्यान रखा जाए। आस-पास के इलाकों से निराश्रित पशुओं या अन्य छुट्टा जानवरों को अभियान चलाकर पकड़वा लिया जाये। सड़क डाइवर्जन की व्यवस्था पहले से ही सुनिश्चित करा ली जाए और उसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी हो जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि एनएसएस और नेहरू युवा केन्द्र के वालिंटियर भी पर्याप्त संख्या में कांवरियों/श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिये लगाए जाएं। पानी के लिये पर्याप्त संख्या में टैंकर की उपलब्धता करा ली जाये। मोबाइल टॉयलेट्स की उपलब्धता सभी जरूरी स्थानों पर सुनिश्चित करा ली जाए। वाहनों की पार्किंग सहित सड़कों पर संकेतक और लाइटिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाए। मजबूत बैरिकेटिंग लगाई जाए। इसके अलावा सीसीटीवी कैमरों सहित सुरक्षा के लिये पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की जाये। रास्ते में सड़कों के किनारे लटक रही पेंड की टहनियों/झाड़ियों की कटाई-छटाई करा ली जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की समस्या न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि लोधेश्वर महादेवा फाल्गुनी मेला में देश भर से लाखों की संख्या में काँवरिया/श्रद्धालु जलाभिषेक/पूजा अर्चना करने के लिये आते है, उनके लिये सभी जरूरी मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम पहले से कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता रहेगी कि मेला का सफल और सुरक्षित आयोजन संपन्न हो सके।

# रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल: मुंबई का हरियाणा पर पलड़ा भारी

एजेंसी





कोलकाता। गत चैंपियन मुंबई की टीम हरियाणा के खिलाफ शनिवार से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल मैच में जीत के प्रबल दावेदार के रूप में मैदान पर उतरेगी। पहले यह मैच हरियाणा के लाहली में खेला जाना था लेकिन भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इसे स्थानांतरित करके ईडन गार्डंस को इसकी मेजबानी सौंप दी थी। बीसीसीआई ने हालांकि इसका कोई कारण नहीं बताया था। हरियाणा को इस तरह से इस मैच में घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने का मौका नहीं मिलेगा जबकि मुंबई अपने पेशेवर दृष्टिकोण के कारण किसी भी तरह की परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में माहिर है। हरियाणा का सामना 42 बार के चैंपियन मुंबई से हो रहा है और अगर उसे इस मैच में अपेक्षित परिणाम हासिल करना है तो उसे स्थान बदलने के बारे में सोचने के बजाय अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। भारत की टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और ऑलराउंडर शिवम दुबे के जुड़ने से मुंबई को और अधिक मजबूती मिली है। यही नहीं मुंबई की टीम मेघालय को पारी और 456 रन से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची है और अब वह बढ़े मनोबल के साथ मैदान पर उतरेगी। मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के पास कई विकल्प हैं और उनके लिए अंतिम एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। पिछले मैच में मुंबई की तरफ से सिद्धेश लाड, आकाश आनंद और शम्स मुलानी ने शतक लगाए थे और यहां तक कि रहाणे ने भी 96 रन बनाए थे। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि सूर्यकुमार और दुबे को किन खिलाड़ियों के स्थान पर अंतिम एकादश में शामिल किया जाता है। यहां तक कि तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर ने भी 42 गेंद पर 84 रन की तूफानी पारी खेली थी। शार्दुल के साथ बाएं हाथ के स्पिनर मुलानी और ऑफ स्पिनर तनुष कोटियान गेंदबाजी विभाग का मुख्य जिम्मा संभालेंगे। ऐसे में मुंबई का टीम प्रबंधन आयुष म्हात्रे, अमोघ भटकल और सूर्यांश शेडगे में से किन्हीं दो को बाहर कर सकता है। सूर्यकुमार के लिए यह फॉर्म में वापसी करने का सुनहरा मौका होगा। वह इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी20 श्रृंखला में केवल 28 रन ही बना पाए थे। जहां तक हरियाणा का सवाल है तो उसके पास कप्तान अंकित कुमार, निशांत सिंधु, हिमांशु राणा और युवराज सिंह के रूप में अच्छे बल्लेबाज हैं जबकि गेंदबाजी में उसे अंशुल कंबोज, अनुज ठकराल और जयंत यादव से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। नागपुर में खेले जाने वाले क्वार्टर फाइनल मैच में विदर्भ और तमिलनाडु आमने-सामने होंगे। विदर्भ छह मैच में जीत और 40 अंक लेकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचा है और वह घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाना चाहेगा।

# नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए बीसीसीआई की एक मार्च को एसजीएम

एजेंसी




नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने देवजीत सैकिया के सचिव चुने जाने के बाद उनके स्थान पर नए संयुक्त सचिव की नियुक्ति के लिए एक मार्च को मुंबई में विशेष आम बैठक (एसजीएम) बुलाई है। असम क्रिकेट संघ (एसीए) के सैकिया ने पिछले महीने सचिव पद पर जय शाह का स्थान लिया था। शाह ने एक दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष का पद संभाला था। बीसीसीआई ने राज्य संघों को एसजीएम के लिए जो नोटिस भेजा है उसने एकमात्र एजेंडा संयुक्त सचिव की नियुक्ति है। बीसीसीआई ने बयान में कहा, ''बीसीसीआई की एक विशेष आम बैठक (जिसे इसके बाद एसजीएम कहा जाएगा) के लिए नोटिस दिया जाता है, जो बीसीसीआई के संयुक्त सचिव के चुनाव और नियुक्ति के लिए एक मार्च, 2025 को दोपहर 12:00 बजे मुंबई में बीसीसीआई मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इस पद के लिए बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के पूर्व अध्यक्ष अभिषेक डालमिया (पूर्वी क्षेत्र), दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के प्रमुख रोहन जेटली (उत्तर क्षेत्र) और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के संजय नाइक (पश्चिम क्षेत्र) के नाम चर्चा में हैं। जैसा कि बीसीसीआई सचिव और कोषाध्यक्ष के मामले में हुआ, बोर्ड के नए संयुक्त सचिव को चुनने के लिए कोई चुनाव नहीं होगा। नियम के अनुसार एसजीएम बुलाने के लिए 21 दिन का नोटिस जरूरी होता है और बीसीसीआई ने इस शर्त का पालन किया है। बीसीसीआई ने इससे पहले 12 जनवरी को एसजीएम बुलाई थी जिसमें सैकिया को नया सचिव और प्रभतेज सिंह भाटिया को नया कोषाध्यक्ष चुना गया था। दोनों निर्विरोध निर्वाचित हुए।

# संक्षिप्त समाचार

## शुभंकर और अहलावत की कतर मास्टर्स गोल्फ में खराब शुरुआत

**दोहा।** शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत की भारतीय जोड़ी की कॉमर्शियल बैंक कतर मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में खराब शुरुआत रही और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। शुभंकर ने शुरुआती दौर में तीन ओवर 75 का कार्ड खेला और वह संयुक्त 104वें स्थान पर हैं। अहलावत ने आठ ओवर 80 का कार्ड बनाया और वह संयुक्त 137वें स्थान पर हैं। इन दोनों भारतीय खिलाड़ियों को कट में जगह बनाने के लिए दूसरे दौर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इस बीच रासमस नीरगार्ड-पीटरसन और ब्रैंडन रॉबिन्सन थॉम्पसन ने छह अंडर 66 राउंड का कार्ड खेलकर पहले दौर में बढ़त बना ली है।

## दीक्षा डागर और अवनी प्रशांत की ठोस शुरुआत

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने नए सत्र की शुरुआत बोगी के साथ की, लेकिन इसके बाद उन्होंने चार बर्डी लगाकर शानदार वापसी की और यहां लल्ला मेरियम कप के शुरुआती दौर में तीन अंडर 70 का स्कोर बनाया। वह पहले दौर के बाद संयुक्त सातवें स्थान पर हैं। भारत की एक अन्य खिलाड़ी अवनी प्रशांत की भी 10वें होल से शुरुआत खराब रही और वह पहले तीन होल में दो बोगी कर बैठीं। अपने पेशेवर करियर की शुरुआत कर रही अवनी ने 14वें होल से छह बर्डी लगाई लेकिन चौथे होल में उन्होंने डबल बोगी की। वह दो अंडर 71 के स्कोर के साथ संयुक्त 14वें स्थान पर हैं। लेकिन त्वेसा मलिक के लिए यह दिन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने छह ओवर 77 का स्कोर किया और वह 98वें स्थान पर है। कट में जगह बनाने के लिए उन्हें दूसरे दौर में अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## वालेंसिया को हराकर बर्सिलोना कोपा डेल रे सेमीफाइनल में

**मैड्रिड।** फ़ेरान टोरेस ने पहले आधे घंटे में हैट्रिक बनाई जिससे बार्सिलोना ने वालेंसिया को 5S0 से करारी शिकस्त देकर कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। बार्सिलोना की इस बड़ी जीत में टोरेस ने तीसरे, 17वें और 30वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा फ़र्मिन लोपेज़ ने 23वें और लैमिन यामल ने 59वें मिनट में गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने शान के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में रियाल सोसिदाद ने ओसासुना को 2-0 से पराजित किया। उसकी तरफ से एंडर बैरेनेटेक्सिया और ब्रिस मेन्डेज़ ने पहले हाफ में गोल किए। रियाल मैड्रिड और एटलेटिको मैड्रिड पहले ही सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्के कर चुके हैं।

## जिंदल ने गढ़िचरौली में इस्पात संयंत्र के लिए एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

**नागपुर (महाराष्ट्र)।** जेएसडब्ल्यू समूह के चेयरमैन सज्जन जिंदल ने महाराष्ट्र के गढ़िचरौली जिले में 2.5 करोड़ टन क्षमता के इस्पात संयंत्र के लिए अगले सात से आठ साल में एक लाख करोड़ रुपये के निवेश की शुक्रवार को घोषणा की। जिंदल ने नागपुर में 'एडवांटेज विदर्भ' सम्मेलन में यह घोषणा की। इस मौके पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि गढ़िचरौली में उनका संयंत्र न केवल दुनिया का सबसे बड़ा कारखाना होगा, बल्कि यह ''सबसे सुंदर व पर्यावरण अनुकूल'' इस्पात निर्माण इकाई होगी। उद्योगपति ने कहा कि उनकी कंपनी अगले सात से आठ वर्ष में इस्पात संयंत्र में एक लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी जिसका पहला चरण चार वर्षों में पूरा हो जाएगा।

## भारत ने हासिल की 100 गीगावाट की सौर ऊर्ज़ा क्षमता: प्रल्हाद जोशी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्ज़ा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने 100 गीगावाट सौर ऊर्ज़ा क्षमता का मील का पत्थर हासिल कर लिया है। उन्होंने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता हासिल करने के देश के लक्ष्य को रेखांकित किया। जोशी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ल्प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत ने 100 गीगावाट सौर क्षमता का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। यह उपलब्धि स्वच्छ, हरित भविष्य के प्रति हमारी निरंतर प्रतिबद्धता से प्रेरित है। इससे पहले, भारत ने 2022 तक 100 गीगावाट सौर ऊर्ज़ा सहित 175 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता हासिल करने की योजना बनाई थी। हालांकि, कोविड-19 महामारी के दौरान लॉकडाउन लगने के कारण इसे हासिल नहीं किया जा सका। पोस्ट के अनुसार, भारत ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के शासन के दौरान 2004-14 के दौरान 2.82 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी थी। वहीं राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के 2014 से 2025 के कार्यकाल में 100 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ी गई है।

## डिजिटल धोखाधड़ी से निपटने के लिए बैंकों, गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों से निपटने के लिए बैंकों और गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन बैंक डॉट इन और फिन डॉट इनशुरू किये जाने की घोषणा की है। आरबीआई के गवर्नर संजय मनल्होत्रा ने शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा की जानकारी देते हुए कहा कि डिजिटल भुगतान में धोखाधड़ी के बढ़ते मामले चिंता का विषय है। इससे निपटने के लिए रिजर्व बैंक इस साल अप्रैल से भारतीय बैंकों के लिए विशेष इंटरनेट डोमेन 'बैंक डॉट इन' शुरू कर रहा है। साथ ही आने वाले समय में गैर-बैंकिंग वित्तीय इकाइयों के लिए 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और 'फिशिंग' जैसी दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों को करने के साथ सुरक्षित वित्तीय सेवाओं को सुव्यवस्थित बनाना है ताकि डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़े। मल्होत्रा ने कहा कि इंस्टीट्यूट फॉर डेवलपमेंट एंड रिसर्च इन बैंकिंग टेक्नोलॉजी (आईडीआरबीटी) विशेष रजिस्ट्रार के रूप में कार्य करेगा। वास्तविक पंजीकरण अप्रैल 2025 से शुरू होंगे। बैंकों के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश अलग से जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गैर-बैंकिंग इकाइयों के लिए अलग से 'फिन डॉट इन' शुरू किया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने इसके साथ सीमा पार बिना कार्ड प्रस्तुत किये (कार्ड नॉट प्रेजेंट) लेनदेन में सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत शुरू करने का भी निर्णय किया है। डिजिटल भुगतान के लिए अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक (एएफए) की शुरुआत ने लेनदेन की सुरक्षा को बढ़ाया है, जिससे ग्राहकों को डिजिटल भुगतान अपनाने का भरोसा मिला है। हालांकि, यह आवश्यकता केवल घरेलू लेनदेन के लिए अनिवार्य है। आधिकारिक बयान के अनुसार, ''भारत में जारी किए गए कार्ड का इस्तेमाल कर ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय लेनदेन पर समान स्तर की सुरक्षा प्रदान करने के लिए बिना कार्ड प्रस्तुत किये अंतरराष्ट्रीय (ऑनलाइन) लेनदेन के लिए भी एएफए को सक्षम करने का प्रस्ताव है।

# फ्रेंचाइजी क्रिकेट में मार्गदर्शक है आईपीएल और हम इससे सीख रहे हैं : एसए 20 कमिश्नर ग्रीम स्मिथ

एजेंसी




जोहानिसबर्ग। एसए 20 को दुनिया की दूसरी सर्वश्रेष्ठ लीग बनाने के लिये अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए इसके कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अगुआ है और वे उससे लगातार सीख रहे हैं। स्मिथ ने एसए 20 के तीसरे सत्र के दौरान इंटरव्यू में कहा कि बीसीसीआई और आईपीएल ने हमारी काफी मदद की है और हर फैसला लेने में हमारा मार्गदर्शन किया है। आईपीएल अभी तक फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अगुआ रहा है और हम उससे लगातार सीख रहे हैं। भारत और आईपीएल के पूर्व दिग्गज दिनेश कार्तिक एसए20 में खेलने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बने जिनकी टीम पार्ल रॉयल्स बृहस्पतिवार को दूसरे क्वालीफायर में दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप से हार गई। भविष्य में लीग में और भारतीय खिलाड़ियों के खेलने की संभावना के बारे में पूछने पर स्मिथ ने कहा कि अगर वे उपलब्ध होते तो ऐसा अवश्य संभव होगा। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि हम हमेशा कहते आये हैं कि हम भविष्य को लेकर बीसीसीआई से बात करते रहते हैं। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट को भारतीय क्रिकेटरों से प्यार हैं। जब भी वे यहां आते हैं तो उनकी प्रतिभा को देखकर हम दंग रह जाते हैं। उन्होंने कहा किअगर भारतीय खिलाड़ी उपलब्ध होते तो हम उन्हें जरूर बुलाते। लेकिन अभी ऐसा नहीं है। हमारी बात होती रहती है और संभवतः आईपीएल के समय मैं भारत जाऊंगा। हमारे उनसे बहुत अच्छे संबंध है और मैं खुशकिस्मत हूं कि दो साल आईपीएल खेला है। पहले सत्र में 2008 में राजस्थान रॉयल्स के साथ खिताब भी जीता था। मुंबई इंडियंस केपटाउन और दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप के बीच शनिवार को वांडरर्स पर होने वाला तीसरे सत्र का फाइनल लीग का 101वां मैच भी होगा। इसके बारे में बात करके स्मिथ भावुक हो गए। दक्षिण अफ्रीका को रिकार्ड 54 टेस्ट जिताने वाले इस बेहतरीन खिलाड़ी ने कहा कि जब मुझे दूसरे क्वालीफायर में बताया गया कि यह सौवां मैच है तो पहले कर्मचारी को रखने से लेकर छह आईपीएल टीमों को इसमें शामिल करने तक की हर बात मेरे जेहन में घूम गई। लीग को यहां तक लाने में काफी लोगों की मेहनत लगी है। पहली बार टीमों से मिलना, पहली नीलामी, मैदान पर खिलाड़ियों का प्रदर्शन सब याद आता चला गया। उन्होंने कहा कि उन्हें गर्व होता है कि दक्षिण अफ्रीका ही नहीं बल्कि दुनिया भर के लोगों को यह लीग पसंद आ रही है। उन्होंने कहा कि जब शुरूआत की जाती है तो हर कदम लक्ष्य हासिल करने की ओर बढने जैसा लगता है। प्रसारकों को लाना, व्यवसाय मॉडल बनाना, टीमों को लुभाना सब कुछ। मैं आईपीएल की छह टीमों का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने लीग को बड़ा करने में मदद की। अगले तीन एसए20 सत्र का कार्यक्रम जारी हो चुका है लेकिन प्रारूप में किसी बदलाव की संभावना से उन्होंने इंकार किया।

# मुझे विश्वास है कि मैं भारत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दे सकती हूं: सोनम

नयी दिल्ली। हॉकी इंडिया महिला लीग में शानदार प्रदर्शन करने के दम पर महिला प्रो लीग के लिए सीनियर राष्ट्रीय टीम के शिविर के लिए चुनी गई युवा हॉकी फारवर्ड सोनम को विश्वास है कि वह भारतीय टीम की तरफ से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहेगी। महिला लीग में तीन मैच में चार गोल करने वाली 19 साल की सोनम को टूर्नामेंट की उदीयमान खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों में सर्वाधिक गोल किए। वह इस प्रतियोगिता में सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में तीसरे स्थान पर रही। भारत प्रो लीग में जर्मनी, नीदरलैंड, इंग्लैंड और स्पेन से भिड़ेगा। हरियाणा की रहने वाली सोनम ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, '' जब मेरे परिवार ने (राष्ट्रीय शिविर बुलाए जाने की) खबर सुनी तो उन्हें बहुत खुशी हुई।

# रेपो दर में कटौती से आवास मांग में आएगी तेजी: रियल एस्टेट

एजेंसी

नयी दिल्ली। जमीन, मकान के विकास से जुड़ी कंपनियों तथा विशेषज्ञों ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक के रेपो दर में कटौती से आवास मांग बढ़ेगी और इससे कंपनियां नई परियोजनाएं लाने को प्रोत्साहित होंगी जिससे निवेशकों के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे। हालांकि उनका यह भी कहना है कि मौजूदा कटौती का प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित हो सकता है। अगली एमपीसी बैठक में प्रमुख ब्याज दर में और कटौती से समग्र मांग को और अधिक बल मिलेगा, जिससे आवास बिक्री में तेजी आएगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को आर्थिक वृद्धि को गति देने के मकसद से प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.25 प्रतिशत घटाकर 6.25 प्रतिशत कर दिया। केंद्रीय बैंक ने लगभग पांच साल बाद रेपो दर में कटौती की है। रियल एस्टेट क्षेत्र के शीर्ष निकाय नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जी. हरि बाबू ने कहा, '' इस कटौती का पूरे क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। इससे आवास ऋण अधिक किफायती होगा और मकान की मांग बढ़ेगी। कम ब्याज दर से हम मकानों की बिक्री में वृद्धि और बिना बिके मकानों की संख्या कम होने की उम्मीद कर रहे हैं। इसके साथ ही मांग बढ़ने से डेवलपर नई परियोजनाएं लाने को प्रोत्साहित होंगे जिससे निवेशकों के लिए नए अवसर उत्पन्न होंगे। उन्होंने कहा कि इस कदम का किफायती आवास खंड पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जो सरकार का प्राथमिकता वाला क्षेत्र है। कम ब्याज दरों के साथ, अधिक घर खरीदार मकान खरीदने में रूचि दिखायेंगे जो किफायती आवास परियोजनाएं शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। क्रेडाई (कॉन्फ़ेडरेशन आफ रियल एस्टेट डेवलपर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बोमन ईरानी ने कहा, '' आरबीआई का रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती के साथ इसे 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय, बजट में हाल ही में की गई घोषणाओं के अनुरूप है जिसका उद्देश्य व्यय और आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि हाल ही में नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में 0.50 प्रतिशत की कटौती के जरिये अर्थव्यवस्था में नकदी डाले जाने के बाद, यह 'आवश्यक' था। ईरानी ने कहा, ''हालांकि मौजूदा कटौती का प्रत्यक्ष प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन हमारा अनुमान है कि अगली एमपीसी बैठक में ब्याज दर में और कटौती से कुल मांग को और अधिक बल मिलेगा, जिससे खासकर मध्यम आय और किफायती खंडों में आवास बिक्री में तेजी आएगी। सीबीआरई के चेयरमैन एवं सीईओ अंशुमान मैगजीन (भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) ने कहा, '' आरबीआई के कटौती करने के निर्णय से अधिक नकदी प्रवाह होगा और विकास को और बढ़ावा मिलेगा। साथ ही कर्ज लेने वालों को राहत मिलेगी। यह बहुप्रतीक्षित कदम आवास क्षेत्र में मांग को बढ़ावा देगा। यह डेवलपर्स को नई परियोजनाएं शुरू करने का अवसर भी प्रदान करता है, क्योंकि यह निर्णय निर्माण लागत पर लागत दबाव से भी राहत प्रदान करेगा। कुल मिलाकर, दर में कटौती खरीदारों के साथ-साथ डेवलपर दोनों के लिए फायदेमंद साबित होगी। कोलियर्स इंडिया के वरिष्ठ निदेशक एवं अनुसंधान प्रमुख विमल नादर कहा, '' ३ नई व्यवस्था के तहत कर राहत से संबंधित हाल ही में बजटीय घोषणाओं के साथ-साथ रेपो दर में कटौती से शहरी विकास को बढ़ावा मिलने और घरेलू खपत में वृद्धि होने की संभावना है। अधिक खर्च योग्य आय और वित्तपोषण लागत में कमी से मकान खरीदने वालों और डेवलपर दोनों को लाभ होगा। सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) लि. के संस्थापक एवं चेयरमैन प्रदीप अग्रवाल ने कहा, '' रेपो दर में कटौती देश की आर्थिक गति को बनाए रखने के उद्देश्य से एक प्रगतिशील बदलाव का संकेत है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत रहने का अनुमान है, ऐसे में यह कदम नकदी बढ़ाएगा, निवेश को प्रोत्साहित करेगा और प्रमुख क्षेत्रों में मांग को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा, '' रियल एस्टेट क्षेत्र को लंबे समय बाद हुई इस कटौती से बढ़ावा मिलेगा। उधारी लागत घटने से मकान खरीदना ज्यादा किफायती होगा, जिससे खासकर मध्यम आय वर्ग और प्रीमियम आवास खंड सेगमेंट में खरीदारों का भरोसा बढ़ेगा। प्रतीक ग्रुप के प्रबंध निदेशक प्रतीक तिवारी ने कहा, '' रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती से आवास ऋण पर ब्याज दरें कम होने की उम्मीद बढ़र है। इससे आवास मांग बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ''आरबीआई के इस फैसले से रियल एस्टेट क्षेत्र को मजबूती मिलेगी। सस्ते कर्ज के चलते नई बुकिंग में उछाल आने की संभावना है, जिससे बिक्री तेज होगी और कुल मिलाकर क्षेत्र की वृद्धि को नई रफ्तार मिलेगी। अनंत राज लि. के निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमन सरीन ने कहा, '' यह कदम खपत को प्रोत्साहित करने और क्रय शक्ति को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा, ''यह कटौती उधारी दरों को कम करेगी, जिससे उपभोक्ताओं के लिए ऋण लेना अधिक सुलभ और किफायती होगा। यह रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए विशेष तौर पर प्रेरक साबित होगा। क्रिसुमी कॉरपोरेशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) आकाश खुराना ने कहा, '' केंद्रीय बैंक का रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का निर्णय निश्चित रूप से एक स्वागत योग्य कदम है, जिससे अर्थव्यवस्था में नगदी बढ़ेगी, ऋण अधिक सुलभ होगा और कुल खपत को बढ़ावा मिलेगा।

# बैंकों का 'बैंकडॉटइन' और एनबीएफसी के लिए होगा 'एफआईएनडॉटइन' डोमेन: मल्होत्रा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकिंग और भुगतान प्रणाली में बढ़त धोखाधडी के मामलों को देखते हए डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से बैंकों के लिए 'बैंकडॉटइन' एक्सक्लूसिव इंटरनेट डोमेन और वित्तीय क्षेत्र के अन्य गैर बैंकिंग संस्थानों (एनबीएफसी) लिए 'एफआईएनडॉटइन' डोमेन शुरू करने का निर्णय लिया है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने मौद्रिक नीति समिति की तीन दिवसीय बैठक में लिए गये निर्णयों की जानकारी देते हुये शुक्रवार को कहा, बैंकिंग और भुगतान प्रणाली में डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय बैंकों के लिए 'बैंकडॉटइन' एक्सक्लूसिव इंटरनेट डोमेन शुरू किया जायेगा। इस डोमेन नाम के लिए पंजीकरण इस साल अप्रैल से शुरू होगा और इसके बाद पूरे वित्तीय क्षेत्र के लिए 'एफआईएनडॉटइन' डोमेन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा, बैंकिंग और भुगतान प्रणाली में डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने के लिए रिजर्व बैंक कई उपाय कर रहा है। डिजिटल भुगतान के लिए प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक की शुरूआत ऐसा ही एक उपाय है। अब इसे ऐसे ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय डिजिटल भुगतानों तक विस्तारित करने का प्रस्ताव है जो ऐसे विदेशी व्यापारियों को किए जाते हैं जो इस तरह के प्रमाणीकरण के लिए सक्षम हैं। श्री मल्होत्रा ने कहा कि बैंकडॉटइन और एफआईएनडॉटइन डोमेन शुरू करने का उद्देश्य साइबर सुरक्षा खतरों और फ़िशिंग जैसी धोखाधड़ी गतिविधियों को रोकना है। इस पहल से डिजिटल बैंकिंग और भुगतान सेवाओं में विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि बैंकिंग प्रौद्योगिकी में विकास और अनुसंधान संस्थान (आईडीआरबीटी) इस डोमेन का एक्सक्लूसिव रजिस्ट्रार होगा।

# सोने की कीमत में तेजी जारी, चांदी में मामूली गिरावट

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोने की कीमत मे तेजी का रुख बना हुआ है। हालांकि चांदी की कीमत में आज मामूली गिरावट नजर आ रही है। आज की तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये से लेकर 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 79,310 रुपये से लेकर 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी की कीमत में आज 200 रुपये प्रति किलोग्राम की कमजोरी दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 99,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 86,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 79,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 86,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 79,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 86,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 79,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 86,520 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 79,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## करारी हार के डर से केजरीवाल कर रहे हैं बयानबाजी : चुघ

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा कि हार के डर से वे उलटे-सीधे बयानबाजी कर रहे हैं। ऑपरेशन लोटस के बयान पर तरुण चुघ ने कहा कि यह केजरीवाल एवं उनके नेताओं के षड्यंत्रकारी और शैतानी दिमाग की उपज है। उन्हें अच्छी तरह पता है कि आआपा दिल्ली चुनाव में बुरी तरह हार रही है। उनके 10 विधायक भी नहीं जीतने वाले। उन्होंने कहा कि खुद धोखाधड़ी मामले में जमानत पर छूटे केजरीवाल अपनी सीट हार रहे हैं, मुख्यमंत्री आतिशी अपनी सीट हार रही हैं और इनके सभी बड़े नेताओं की हार निश्चित है। इसलिए ये भ्रम फैला रहे हैं। अब इनका भानुमति का कुनबा दिल्ली में अब पूरी तरह बिखर रहा है। चुघ ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में केजरीवाल के आरोपों पर कटाक्ष किया कि इनके गैर जिम्मेदाराना बयान पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। इससे पहले भी कई बार झूठ बोलने के कारण केजरीवाल और इनके नेता सार्वजनिक रूप से माफी मांग चुके हैं। यहां तक की खुद मुख्यमंत्री आतिशी इसी तरह के एक और झूठ के कारण जमानत पर हैं। ये पूरी आप-दा पार्टी झूठ बोलने और षड्यन्त्र रचने मे माहिर पार्टी है।

चुघ ने दिल्ली चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन को लेकर कहा कि दिल्ली की जनता का अपार स्नेह भाजपा को इस बार मिला है और निश्चित रूप से इस बार दिल्ली मे कमल खिलेगा। दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों से गदगद है और इस बार दिल्ली की जनता भाजपा की डबल इंजन की सरकार को प्रचंड बहुमत से सत्ता मे ल रही है। इस बार दिल्ली को आपदा से मुक्ति मिलेगी। चुघ ने कहा कि कंाग्रेस के युवराज राहुल गांधी भी यूजीसी पर देश को बहकाने का काम कर रहे है। दरअसल राहुल लगातार दो दर्जन करारी हार से घबराहट मे हताशा में ऐसे ऊटपटांग बयान दे रहे हैं।

## मप्र के महू में बाइक को टक्कर मारकर टैंकर से भिड़ी श्रद्धालुओं की ट्रैवलर, छह की मौत व 16 घायल

एजेंसी

इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर जिले में महू तहसील के मानपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में महाकाल दर्शन कर वापस लौट रहे कर्नाटक के चार श्रद्धालुओं समेत छह लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 16 तीर्थयात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए इंदौर के एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मानपुर थाना पुलिस के अनुसार कर्नाटक के बेलगाम जिले के रहने वाले तीर्थयात्री गुरुवार देर शाम महाकाल दर्शन के लिए उज्जैन पहुंचे थे। वहां से दर्शन करने के बाद सभी यात्री अपने गांव लौट रहे थे। शुक्रवार तड़के करीब तीन बजे मानपुर के पास तीर्थयात्रियों से भरी ट्रैवलर पहले एक बाइक से टकरा गई, इसके बाद वह अनियंत्रित होकर टैंकर



में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि ट्रैवलर की पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में चपेट में आई बाइक पर सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही ट्रैवलर में सवार दो श्रद्धालुओं ने भी मौके पर दम तोड़ दिया। हादसे में घायल 18 लोगों को एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया था, जिनमें से दो लोगों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। इस तरह हादसे में कुल छह लोगों की मौत हो गई, वहीं 16 घायलों का उपचार जारी है। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है। हादसे के बाद सड़क पर जाम भी लग गया था, जिसे पुलिस ने हटवा दिया है।

मानपुर थाने के एसआई रवि कुमार ने बताया कि राऊ-खलघाट हाइवे पर भेरुघाट की ओर रही ट्रैवलर नंबर डीडी-01, एक 9889 ने अनियंत्रित होकर आगे चल रही बाइक को चपेट में ले लिया। इसके बाद टैंकर क्रमांक एमपी 09, एचजी 8024 में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार धरमपुरी निवासी हिमांशु और सेंधवा निवासी शुभम की मौत हुई है। हादसे में ट्रैवलर में सवार दो महिलाओं की भी मौके पर ही मौत हो गई। अभी उनकी पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि 18 घायलों को एमवाय अस्पताल पहुंचाया था, जिनमें से सागर (65) और नीतू (50) की इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। अभी 16 यात्री घायल हैं, जिनका उपचार जारी है। उन्होंने बताया कि घायलों में सविता (40) पत्नी तुकाराम, रेणु (35) पत्नी सुभाष, बबीता (56) पत्नी फकीरा, राजू (63) पुत्र किशप्पू, स्नेहल (27) पत्नी रामचंद्र, मालवा (60) पत्नी कृष्णा, तीर्थ (40) पुत्र रामचंद्र, सुनीता (50) पत्नी श्रीकांत, श्रुति (32) पत्नी अमर, प्रशांत (52) कलप्पा, बांगल (55) पत्नी विद्यापा, शंकरवा (60) पुत्र बाबू, बसवराज (36) पुत्र शिवाजी, लता (62) पत्नी मुकेश, शिवराज (31) पुत्र श्रीकांत और पांडुरंगा (44) पुत्र शिवाजी शामिल हैं। ये सभी लोग कर्नाटक के बेलगांव जिले के रहने वाले हैं।

## भारतीय मछुआरों की गिरफ्तारी के खिलाफ संसद परिसर में विपक्ष का प्रदर्शन

नई दिल्ली। विपक्षी दलों के सांसदों ने शुक्रवार को श्रीलंका की तरफ से भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किए जाने के विरोध में संसद परिसर में प्रदर्शन किया और सरकार से इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व डीएमके, कांग्रेस और वामपंथी दलों के सांसदों ने किया। इसमें कई दूसरी विपक्षी पार्टियों के सांसदों ने भी भाग लिया, जिनमें तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ'ब्रायन और सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के सुदामा प्रसाद शामिल हैं। इन सांसदों ने तमिलनाडु के मछुआरों के लिए न्याय की मांग करते हुए केन्द्र सरकार से हस्तक्षेप की मांग की।

द्रमुक सांसद तिरुचि शिवा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि तमिल मछुआरों की गिरफ्तारी राष्ट्रीय मुद्दा है। श्रीलंका में भारतीय मछुआरों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है। मछुआरों को वर्षों से प्रताड़ित व परेशान किया जा रहा है। सरकार इस मुद्दे को हल करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। द्रमुक सांसद कनिमोझी ने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने इस मामले पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस. जयशंकर को कई बार पत्र लिखकर स्थायी समाधान निकालने का आग्रह किया है। श्रीलंका की नौसेना तमिलनाडु के मछुआरों को गिरफ्तार कर उन्हें परेशान कर रही है।

# पेज एक का शेष

### आम बजट...

करते हुए कहा कि कृषि की दृष्टि से यह बजट किसानों को कुछ नहीं दे रहा है। न्यूनतम समर्थन मूल्य की वैधानिक गारंटी की कोई बात नहीं की गयी है। कृषि उपकरणों पर वस्तु एवं सेवा कर जीएसटी में कोई राहत सरकार देना नहीं चाहती है। साल में कई हजार किसान मर जाते हैं। उनकी चिंताओं के लिए कुछ नहीं किया गया है। कृषि आधारित उद्योगों के लिए कुछ भी नहीं कहा गया है। इसी कारण बेरोज़गार युवा खेती छोड़ कर विदेश जाते हैं और वहां से भी वे हथकड़ी बेड़ी बांध कर भगाए जा रहे हैं। यह सरकार की घोर लापरवाही है। उन्होंने कहा कि उद्योगों एवं विनिर्माण इकाइयों खासकर फार्मा उद्योग के लिए कोई योजना नहीं है। दस साल से इस क्षेत्र की अनदेखी की जा रही है। कुछ मेगा कारपोरेट के लिए एमएसएमई की उपेक्षा की जा रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की भारी उपेक्षा की जा रही है। निजी क्षेत्र के संस्थानों में बहुत महंगी फीस है। आम लोगों में अपने बच्चे निजी संस्थानों में पढ़ाने की हैसियत नहीं हैं। ये निजी शैक्षणिक संस्थाएं छात्रों एवं अभिभावकों के अलावा शिक्षकों का भी शोषण कर रहीं हैं। शिक्षकों को अनुबंध की नौकरी पर कम वेतन पर रखा जा रहा है और उनकी हैसियत दिहाड़ी मजदूर जैसी हो गयी है।

डॉ. गांधी ने गरीबी कुपोषण जलजनित संक्रामक रोगों का मामला उठाया और कहा कि ऐसे रोगों से हर साल लाखों लोग मर रहे हैं। लेकिन बजट में इसके लिए कुछ नहीं रखा गया है। बजट में देश में 200 कैंसर डे केयर सेंटर बनाने की बात कही गयी है लेकिन कैंसर की प्रिवेन्टिव स्क्रीनिंग की व्यवस्था के बारे में कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि धर्म जाति लिंग के आधार पर भेदभाव के कारण लोग आर्थिक तंगी के शिकार हैं।

भारतीय जनता पार्टी भाजपा के राव राजेन्द्र सिंह ने अपने भाषण की शुरुआत में 2017 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित रिचर्ड एच थेलर को उद्धत करते हुए कहा कि अर्थव्यवस्था एवं मनोविज्ञान का संबंध होता है। मनोवैज्ञानिक रूप से लोगों का इस बात से संतुष्ट होना जरूरी है कि सरकार उनके लिए कुछ कर रही है। उन्होंने इस दृष्टि से आम बजट को अब तक का सबसे उत्कृष्ट बजट करार दिया। उन्होंने कहा कि इस बजट में गरीबए युवा महिला एवं किसानों पर फोकस किया गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत में संविधान लागू होने के समय आबादी 33 करोड़ थी जबकि इसके कुछ दिन बाद हुए खाद्य सर्वेक्षण में प्रति व्यक्ति पोषणीय आहार की उपलब्धता 394 ग्राम थी। 60 साल बाद आबादी 100 करोड़ हो गयी और इसमें कोई अंतर नहीं आया। 2014 में पोषणीय आहार की उपलब्धता का आंकड़ा 468०7 ग्राम तक ही पहुंच पायी। बीते दस साल में यह आंकड़ा 510 ग्राम पहुंचा। यदि हर साल यह आंकड़ा पांच ग्राम ही बढ़ता तो आज 1000 ग्राम से अधिक होता।

कंाग्रेस के प्रद्युत बोरदोलोई ने कहा कि आयकर में छूट का लाभ केवल दो प्रतिशत आबादी को मिलेगा। बाकी 98 प्रतिशत का क्या होगा। उन्होंने वैकल्पिक प्रस्ताव के सुझाव देते हुए कहा कि सरकार को उच्च मुद्रास्फीति से निपटने के लिए काम करना चाहिए। आवश्यक वस्तुओं .खाद्य पदार्थोंए दवाओंए रोजमर्रा की वस्तुओं पर जीएसटी की दरें घटाने गरीब तबके के हाथ में अधिक पैसा देनेए एमएसएमई एवं गैर संगठित क्षेत्र में सर्वाधिक रोजगार पैदा होता है उन्हें मजबूत बनाने की जरूरत है जिससे बाजार में मांग बढ़ेगी और इससे आर्थिक गतिविधि बढ़ेगी। इस बजट में वित्त मंत्री ने लोकप्रियता को बचाने की कोशिश भले ही की हो लेकिन जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

भाजपा के गोपाल जी ठाकुर ने मैथिली में कहा कि यह बजट जनाकांक्षा एवं जन कल्याण के लिए समर्पित है। सड़क स्वास्थ्यए ग्रामीण विकास शिक्षा आदि पर पूरा ध्यान रखा गया है। बजट में घोषित मैथिल क्षेत्र के लिए विकास परियोजनाओं मखाना बोर्ड की स्थापना और कोसी बांध परियोजना की सराहना की। एक जिला एक उत्पाद योजना में मिथिला के दरभंगा को पुरुस्कृत किये जाने की सराहना की। उन्होंने कहा कि मिथिला की पहचान मखाने का उत्पादन 15 हजार हेक्टेयर से बढ़कर 40 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में होने लगा है। उन्होंने मांग की कि दरभंगा में अंतरराष्ट्रीय स्तर का मखाना अनुसंधान केन्द्र स्थापित किया जाए।

चर्चा में कंाग्रेस के बलवंत वानखेड़े ने भी चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास खासकर मनरेगा के लिए पर्याप्त आवंटन नहीं किया गया है। उन्होंने पीएम आवास योजना में चार करोड़ घर दिये जाने और 12 करोड़ शौचालय बनाने के दावों की सत्यता पर सवाल उठाया और स्वच्छ भारत योजना पर भी सवाल उठाया।

### राज्यसभा...

वाले व्यावधानों के कारण कार्यवाही पूरी नहीं चलने के मद्देनजर उन्होंने कहा कि कार्यवाही का समय भी बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि, डेरेक ओ'ब्रायन ने इसके लिए संविधान (संशोधन) विधेयक 2024 पेश करते हुए इसके माध्यम से अनुच्छेद 85 जोड़ने का प्रस्ताव किया।

इसके अलावा डीएमके के सांसद पी.विल्सन द्वारा नियुक्ति में आरक्षण के लिए निजी विधेयक पेश किया गया। इसमें भारत के संविधान में और संशोधन करना ताकि अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों, महिलाओं और धार्मिक अल्पसंख्यकों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति में उचित प्रतिनिधित्व प्रदान किया जा सके और समयबद्धता, पारदर्शिता लाई जा सके तथा सार्वजनिक नियुक्तियों में राज्य सरकार की राय ली जा सके।

### नीतिगत...

दरों में 25 आधार अंकों की कटौती करके इसे 6.50 प्रतिशत से 6.25 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। परिणामस्वरूप स्थायी जमा सुविधा एसडीएफ दर 6.00 प्रतिशत होगी और सीमांत स्थायी सुविधा एमएसएफ दर तथा बैंक दर 6.50 प्रतिशत होगी। एमपीसी ने सर्वसम्मति से तटस्थ रुख जारी रखने तथा विकास को समर्थन देते हुए मुद्रास्फीति को लक्ष्य के साथ टिकाऊ रूप से संरेखित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्णय लिया। उन्होंने कहा कि अगले वित्त वर्ष के लिए वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि 6.7 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें पहली तिमाही 6.7 प्रतिशतए दूसरी तिमाही 7 प्रतिशत तथा तीसरी और चौथी तिमाही 6.5 प्रतिशत रहेगी। चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.4 प्रतिशत रहने की उम्मीद है जिसमें चौथी तिमाही में इसके 4.4 प्रतिशत रहने की संभावना है। अगले वित्त वर्ष में खुदरा महंगाई के 4.2 प्रतिशत पर रहने का अनुमान जताते हुये उन्होंने कहा कि खुदरा महंगाई पहली तिमाही में 4.5 प्रतिशतए दूसरी तिमाही में 4.0 प्रतिशतए तीसरी तिमाही 3.8 प्रतिशत और चाथी तिमाही में 4.2 प्रतिशत रह सकती है।

उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति में गिरावट आई है। खाद्य पर अनुकूल परिदृश्य तथा पिछली मौद्रिक नीति कार्रवाइयों के निरंतर प्रसारण के समर्थन सेए 2025.26 में इसमें और नरमी आने की उम्मीद हैए जो धीरे.धीरे लक्ष्य के साथ संरेखित होगी। समिति ने विकास का समर्थन करने के लिए नीतिगत पहल की है।

### एसीबी...

की लीगल सेल के प्रमुख संजीव नासियार ने बताया कि एसीबी के अधिकारी डेढ़ घंटे पहले बिना नोटिस यहां आए थे। उनके पास न तो नोटिस था और न ही स्टाम्प। जब हमने उनसे कहा कि वे हमसे कानूनी तौर पर पूछताछ कर सकते हैं और हम उनके साथ सहयोग करने के लिए तैयार हैं, तो उन्होंने हमें नोटिस देने में डेढ़ घंटे लगा दिए। उन्होंने हमें अब जो नोटिस दिया है, उसमें शिकायतकर्ता के बारे में कोई विवरण नहीं है और केवल अरविंद केजरीवाल के एक्स पोस्ट के बारे में विवरण है। वहीं आआपा नेता संजय सिंह ने कहा कि उन्होंने एसीबी से इस मामले की गहन जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि ध्यान देने वाली एक और बात यह है कि जब दिल्ली में हत्या, डकैती और बलात्कार के मामलों की बात आती है, तो क्या एलजी उसी तत्परता से कार्रवाई करते हैं। नहीं, वे ऐसा नहीं करते, लेकिन इस मामले में इतनी तत्परता से कार्रवाई देखना अच्छा है। मैंने व्यक्तिगत रूप से जांच का अनुरोध करते हुए एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की है और एसीबी इसकी जांच करेगी।

### पश्चिम बंगाल...

सर्किट से आग लगी, जिसके कारण यह विस्फोट हुआ। हालांकि, विस्फोट के सटीक कारणों की जांच की जा रही है। पुलिस और दमकल विभाग मौके पर मौजूद हैं और मलबे में किसी के फंसे होने की संभावना को देखते हुए बचाव अभियान जारी है।

दरअसल, पिछले कुछ वर्षों में राज्य में पटाखा फैक्ट्रियों में विस्फोट की कई घटनाएं हुई हैं। 2023 में पूर्व मेदिनीपुर के एगरा में एक अवैध पटाखा फैक्ट्री में धमाके से 09 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद दक्षिण 24 परगना के बजबज और उत्तर 24 परगना के दत्तपुकुर में भी ऐसे हादसे हुए थे, जिनमें कम से कम 07 लोगों की जान गई थी। अब इस कड़ी में कल्याणी का नाम भी जुड़ गया है।

घटना के बाद से स्थानीय लोगों में गुस्सा और दहशत है। घनी आबादी के बीच ऐसी पटाखा फैक्ट्रियों के संचालन पर सवाल उठ रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इन फैक्ट्रियों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए, ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### मोदी...

करता है जो इस साझीदारी को अमेरिका में प्राप्त है।

संवाददाता सम्मेलन में अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन को लेकर सवालों के जवाब में विदेश सचिव ने कहा श्विदेश मंत्री एस जयशंकर अवैध आव्रजन से संबंधित मानक कार्रवाई प्रक्रिया एसओपी का विवरण की जानकारी दे चुके हैं। अमेरिका के आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन विभाग सहित वहां के अधिकारियों द्वारा हमें सूचित किया गया था। उन्होंने इस तथ्य पर ध्यान आकर्षित किया कि ये मानक प्रक्रिया एसे मामलों में लंबे समय से व्यवहार में हैं।

श्री मिस्री ने कहा कि अवैध आव्रजन के मामलों में नागरिकों को वापस भेजने में उनके साथ दुर्व्यवहार के मुद्दे को उठाना एक जायज बात है और हमने अमेरिकी अधिकारियों से बल देकर कहा है कि निर्वासित किये जाने वाले भारतीय नागरिकों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं होना चाहिए। हम अपने ध्यान में आने वाले दुर्व्यवहार के किसी भी उदाहरण को उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे अवैध आव्रजन के मामले में लिप्त पूरे नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई करने की आवश्यकता हैए क्योंकि ऐसे तंत्र के कारण ही अवैध आव्रजन को बढ़ावा मिलता है।

अमेरिका में अवैध प्रवासियों के मुद्दे पर एक अन्य सवाल पर विदेश सचिव ने कहा श्निर्वासन की प्रक्रिया नई नहीं हैए यह कुछ ऐसा है जिस पर विदेश मंत्री ने कल संसद में भी इस बात को रेखांकित किया था। मैं इस बात को स्वीकार नहीं करना चाहूंगा कि भारत को असहयोग करने वाले देश के रूप में वर्णित किया जाये। दुनिया का कोई भी देश अगर अपने नागरिकों को वापस स्वीकार करना चाहता है तो वह यह आश्वासन देना चाहेगा कि जो भी वापस आ रहा है वह भारत का नागरिक है उससे जुड़े वैधता के मुद्दे हैं इससे जुड़े सुरक्षा के मुद्दे हैं।

विदेश सचिव ने कहा है कि भारत ने अमेरिका के साथ हाल की बातचीत में वहां से लौटाये जाने वाले संभावित भारतीयों के बारे में विवरण मांगा है। उन्होंने कहाए श्अमेरिका की ओर से ऐसे 487 भारतीय नागरिक हैं जिन्हें अमेरिका से वापस भेजने के बारे में अंतिम आदेश हो चुके हैं। हमने उनका विवरण मांगा है और उनकी ओर से हमें 298 व्यक्तियों के संबंध में सूचनाएं दी गयी है। हम अमेरिकी अधिकारियों के साथ इस बारे में बहुत पारदर्शिता के साथ काम कर रहे हैंण्ण। यह पूछे जाने पर कि क्या 2012 में अमेरिका से अवैध भारतीय प्रवासियों के निर्वासन के बाद विरोध प्रदर्शन हुए थे विदेश सचिव ने कहा मुझे नहीं लगता कि कोई विरोध हुआ था। हमारे पास इसके बारे में किसी भी विरोध का कोई रिकॉर्ड नहीं है।

### महाराष्ट...

को विधानसभा चुनाव से पहले महाराष्ट्र की मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाता जोड़े जाने का आरोप लगाया। कंाग्रेस नेता ने दावा किया कि सरकारी आंकड़ों के अनुसार महाराष्ट्र की वयस्क आबादी 9.54 करोड़ है, जबकि राज्य में 9.7 करोड़ मतदाता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में राज्य की कुल आबादी से ज़्यादा मतदाता हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव के बाद पांच महीनों में महाराष्ट्र में 39 लाख मतदाता जुड़े, जबकि पिछले पाँच साल में 32 लाख मतदाता जुड़े थे।

### श्रीराम...

याद किए जाएंगे। शोक की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिजनों और समर्थकों के साथ हैं।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राम मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी कामेश्वर चौपाल के निधन पर शोक जताते कहा कि आज हमने एक कुशल राजनेता और समाजसेवी खो दिया। बिहार विधान परिषद के पूर्व सदस्य कामेश्वर चौपाल के निधन पर बिहार प्रदेश भाजपा ने भी गहरा शोक व्यक्त किया है। भाजपा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर पोस्ट कर श्रद्धांजलि दी। इसमें कहा गया, ''राम मंदिर की पहली ईंट रखने वाले, पूर्व विधान पार्षद, दलित नेता, श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के स्थायी सदस्य और विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रहे कामेश्वर चौपाल जी के निधन की खबर समाज के लिए एक बड़ी क्षति है। उन्होंने अपने पूरे जीवन को धार्मिक और सामाजिक कार्यों में समर्पित किया और वे मां भारती के सच्चे लाल थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चौपाल के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, ल्ल विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय उपाध्यक्ष, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के सदस्य एवं 9 नवम्बर 1989 को आयोजित ऐतिहासिक शिलान्यास समारोह में पूज्य संत गण की उपस्थिति में श्री राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण की प्रथम शिला रखने वाले परम रामभक्त श्री कामेश्वर चौपाल जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उनका पूरा जीवन धार्मिक और सामाजिक कार्यों में समर्पित रहा। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।''

कामेश्वर चौपाल का जन्म 24 अप्रैल, 1956 को बिहार के तत्कालीन सहरसा जिले (वर्तमान में सुपौल जिला) के कमरैल गांव में हुआ था। उन्होंने अपना जीवन सामाजिक और धार्मिक कार्यों में लगाया। चौपाल ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत 1991 में भारतीय जनता पार्टी से की। 1991 में वह रोसड़ा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़े। 1995 और 2000 में बखरी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हालांकि उन्हें चुनावी सफलता नहीं मिली और 7 मई, 2002 को कामेश्वर चौपाल ने बिहार विधान परिषद की सदस्यता ग्रहण की। वे 2014 तक बिहार विधान परिषद के सदस्य रहे। कामेश्वर चौपाल ने 9 नवंबर 1989 को अयोध्या में राम मंदिर की नींव के लिए पहली ईंट रखकर इतिहास रच दिया था। दलित प्रतिनिधि के रूप में उनका चयन एक बड़ा कदम था, जिसने मंदिर आंदोलन की समावेशी प्रकृति पर जोर दिया। उनके योगदान ने उन्हें हिंदुत्व और सामाजिक-राजनीतिक क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित व्यक्ति बना दिया।

### मुख्यमंत्री...

यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि कामेश्वर चौपाल लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

### दिल्ली...

की सभी 70 निर्वाचन क्षेत्रों के फॉर्म 17सी सहित चुनाव दस्तावेंजों की जांच पूरी कर ली गयी है। जांच के दौरान चुनाव आयोग के केंद्रीय प्रेषक उम्मीदवार और उनके एजेंट तथा चुनाव अधिकारी मौजूद रहे और किसी भी उम्मीदवार ने कोई शिकायत दर्ज नहीं की है।

राजधानी के 11 जिलों में मतगणना के लिए 19 केन्द्र बनाये गये हैं। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम को आयोग और पुलिस अधिकारियों की कड़ी निगरानी में स्ट्रांग रूम में रखा गया है। केन्द्र को त्रिस्तरीय सुरक्षा के घेरे में लिया गया है। मतगणना के लिए पर्यवेक्षकों मतगणना सहायकों माइक्रो प्रषकों डाटा अधिकारियों को काम पर लगाया गया है।

चुनाव आयोग के अनुसार नई दिल्ली और उत्तर.पश्चिम जिलों में तीन.तीन स्थलों पर मतों की गिनती होगीए जबकि चार जिलों में दो.दो और पांच जिलों में एक.एक मतगणना स्थल पर गिनती होगी। कल सुबह सबसे पहले पोस्टल बैलेट के वोट गिने जाएंगे। इसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती होगी। अपराह्न तक चुनाव परिणाम की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

दिल्ली में सत्तारूढ आम आदमी पार्टी आप जहां चौथी बार सत्ता हासिल करने में जुटी हुई है वहीं भारतीय जनता पार्टी भाजपा 25 वर्ष के बाद इस बार हर हाल में सत्ता वापसी के प्रयास पर जुटी हुई है। इससे पहले वर्ष 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव में कुल 70 सीट में से आम आदमी पार्टी के खाते में 62 सीटें आयी थी और भारतीय जनता पार्टी को केवल आठ सीट से संतुष्ट होना पड़ा था तथा कंाग्रेस खाता भी नहीं खोल पायी थी। आम आदमी पार्टी का वोट शेयर 53.57 प्रतिशत और भाजपा का 38.51 तथा कंाग्रेस का 4.26 प्रतिशत रहा था।

गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा के चुनाव के लिए मतदान पांच फरवरी को हुआ था। विधानसभा चुनाव में कुल 699 उम्मीदवार अपना भाग्य आजमाने के लिए उतरे थे।

दिल्ली के साथ.साथ पांच फरवरी को दो राज्यों तमिलनाडु ईरोड.पूर्व और उत्तर प्रदेश मिल्कीपुर की एक.एक सीट पर उपचुनाव इसी दिन मतदान कराये गये थे।

### दिल्ली...

और अन्य सहायक कर्मियों सहित लगभग 5,000 कर्मचारियों को मतगणना प्रक्रिया के लिए तैनात और प्रशिक्षित किया गया है। उन्होंने यह बताया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच वीवीपीएटी की मतदाता पर्ची की गिनती यादृच्छिक (रैंडम) रूप से की जाएगी। वास्तविक समय के परिणाम ईसीआई की वेबसाइट से प्राप्त किए जा सकते हैं।

दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी देवेश श्रीवास्तव ने पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना के लिए 19 केंद्रों सहित पूरी दिल्ली में अभूतपूर्व सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बलों के 15 हजार जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, खुफिया इकाइयां सहित पुलिस के वरिष्ठ कर्मी स्थिति पर नजर गड़ाए हुए हैं।

स्पेशल सीपी के अनुसार मतगणना केंद्र व आसपास के इलाकों में सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। मतगणना केंद्रों के आसपास का इलाका तो गुरुवार देर रात से ही छावनी में तब्दील कर दिया गया था। चुनाव आयोग की ओर से जारी पास दिखाए बिना किसी को भी केंद्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं होगी। करीब सौ मीटर की परिधि में काफी संख्या में सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। आम लोगों व आम वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। मतगणना केंद्र से सौ मीटर पहले ही बैरिकेड लगा दिए गए हैं। मतगणना केंद्र में हर आने-जाने वालों की सघन तलाशी ली जाएगी। इसके लिए सभी मतगणना केंद्रों पर मेटल डिटेक्टर के साथ स्कैनर मशीन लगाई गई है। सड़कों पर जगह-जगह बैरिकेड लगाकर संदिग्ध वाहनों पर नजर रखी जाएगी।

स्पेशल सीपी ने बताया कि स्ट्रांग रूम व उसके बाहर अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। सभी मतगणना केंद्रों में तीन लेयर में सुरक्षा चक्र बनाया गया है। पहली लेयर में स्थानीय पुलिस तैनात की गई है। इसके अलावा दूसरी व तीसरी लेयर में अर्धसैनिक बलों की तैनाती होगी। इसके साथ ही सभी मतगणना केंद्रों के बाहर पीसीआर वैन तैनात की जाएगी। इस बार ट्रैफिक पुलिस को भी मैदान में उतारा गया है। मतदान के दिन भी ट्रैफिक पुलिस को लगाया गया था।

दिल्ली की मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के उन दावों का खंडन किया, जिसमें केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि चुनाव आयोग (ईसी) ने विधानसभा क्षेत्रों में बूथ-वार मतदान के आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव संचालन नियम, 1961 का हर मतदान केंद्र पर ''अक्षरशः अनुपालन'' किया गया है। केजरीवाल के आरोपों के जवाब में दिल्ली के सीईओ कार्यालय ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में कहा, ''चुनाव संचालन नियम 1961 के नियम 49 एस के अनुसार सभी पीठासीन अधिकारियों ने मतदान के दिन, 5 फरवरी, 2025 को मतदान केंद्र पर मौजूद प्रत्येक मतदान एजेंट को फॉर्म 17 सी में दर्ज वोटों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया था।'' उल्लेखनीय है कि, इससे पहले दिन में केजरीवाल ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग ने फॉर्म 17 सी अपलोड करने से इनकार कर दिया है, जो प्रत्येक विधानसभा चुनाव में बूथ-वार कुल वोटों की संख्या बताता है।

### एग्जिट पोल...

हुयी जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय और प्रदेश इकाई के प्रवक्ता शामिल हुए। इस बैठक में दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और पार्टी प्रभारी बैजयंत जय पांडा भी शामिल हुए।

इस बैठक में शनिवार को मतगणना के रूझानों और परिणामों को लेकर पार्टी के पक्ष को मजबूती से रखने को लेकर रणनीति तैयार की गयी।

दिल्ली भाजपा के कार्यालय में एक मीडिया कक्ष तैयार किया गया हैए जहां पर मीडियाकर्मियों को बैठने की व्यवस्था की गयी है। यहां पर पार्टी के नेता रूझानों और परिणामों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए हर पल मौजूद रहेंगे। यहां पर कई एलईडी टीवी लगाए गए हैं जहां पर पल-पल के रूझान और परिमाण दर्शाए जाएंगे।

गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए पांच फरवरी को मतदान हुआ था और कल यानी शनिवार को मतगणना होगी। कई मीडिया संस्थाओं की ओर से कराये गये सर्वेक्षण में भाजपा को बहुमत मिलते दिखाया गया है। भाजपा को बहुत मिलता हैए तो पार्टी 27 साल बाद दिल्ली की सत्ता में वापसी करेगी।

### एयरो...

मौसम की स्थिति में और जटिल वातावरण में किया जाता है। रूसी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के मुताबिक स्टेल्थ क्षमताओं वाला यह विमान उन्नत एईएसए राडार प्रणाली से लैस है और इसमें क्रूज मिसाइलों को लॉन्च करने की क्षमता है। सुखोई-57 को एक नया एएल-51एफ1 इंजन मिलने की उम्मीद है, जिसे आफ्टरबर्नर के बिना निरंतर सुपरसोनिक उड़ान के लिए डिजाइन किया गया है, इससे इसकी लड़ाकू क्षमता और बढ़ जाएगी। इस बीच अमेरिकी वायु सेना ने एयरो इंडिया-2025 में एफ-35 और अपग्रेड किए गए एफ-16 की प्रदर्शन उड़ानें रद्द कर दी हैं। 2023 के एयरो इंडिया में पहली बार पेश किए गए एफ-35 के इस साल प्रमुख आकर्षण होने की उम्मीद थी, लेकिन इसकी अनुपस्थिति सुखोई-57 की ओर ध्यान आकर्षित कर सकती है।

रूसी कंपनी एकमात्र 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान की तकनीक भारत को हस्तांतरित करने के लिए तैयार है। रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के सीईओ अलेक्जेंडर मिखेव ने कहा कि हम भारत को सिर्फ़ सुखोई-57ई की डिलीवरी ही नहीं, बल्कि संयुक्त उत्पादन और भारतीय 5वीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान के विकास में मदद भी दे रहे हैं। रूस के सुखोई-57 ने यूक्रेन में आधुनिक पश्चिमी वायु रक्षा प्रणालियों के खिलाफ अपनी लड़ाकू प्रभावशीलता साबित की है। यह लंबी दूरी सहित सभी दूरी पर खतरों से निपट सकता है, जो एफ-35 विमान में क्षमता नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत-रूस सहयोग न केवल घरेलू उपयोग के लिए लड़ाकू विमान के उत्पादन का मार्ग प्रशस्त करेगा, बल्कि इसके निर्यात का भी रास्ता खुलेगा।

# प्रयागराज महाकुम्भ में 2 हजार से अधिक महिला संन्यासियों ने ली दीक्षा, रचा इतिहास

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज के कुम्भ में अध्यात्म और मोक्ष की खोज में तीन धाराओं के संगम पर साधु-संत सन्यासी के साथ गृहस्थ आश्रम के लोग तो आते ही हैं पर इसमें एक बड़ा तबका उन लोगों का भी होता है, जो इस सांसारिक जीवन से निकल कर सन्यास जीवन में प्रवेश करते हैं। कुम्भ का श्रृंगार कहे जाने वाले 13 अखाड़े सनातन की शक्ति है। इस बार कुम्भ में बड़ी संख्या में अखाड़ों में नव प्रवेशी साधुओं को दीक्षा प्रदान की गई। इसमें भी नारी शक्ति की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। महाकुम्भ में मातृ शक्ति ने अखाड़ों से जुड़ने में गहरी रुचि दिखाई है। इसके परिणाम स्वरूप प्रयागराज महाकुम्भ सबसे अधिक महिला संन्यासियों की दीक्षा का इतिहास रच चुका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रयागराज महाकुम्भ में दो हजार से अधिक महिलाओं ने संन्यास की दीक्षा ली।

**नारी सशक्तीकरण का साक्षी बन रहा है महाकुंभ** : इस बार महाकुम्भ में अकेले श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतर्गत सबसे अधिक महिलाओं की संन्यास दीक्षा दी गई। सभी अखाड़ों को अगर शामिल कर लिया जाय तो यह संख्या 2300 का आंकड़ा छू गई है।

**महिला संन्यासियों की खास पहचान** : संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की मंहत दिव्या गिरी बताती हैं, नागा साधुओं के अखाड़ों में महिला संन्यासियों की एक खास पहचान होती है और ये महिला साधु पुरूष नागाओं की तरह नग्न रहने के बजाए एक गेरूआ वस्त्र लपेटकर जीवन यापन करती हैं। महिला नागा संन्यासियों को बिना वस्त्रों के शाही स्नान करना वर्जित रहता है। परंपरा के अनुसार, किसी भी पुरूष या महिला को नागा संन्यासी बनने से पहले उसे साधु का जीवन व्यतीत करना पड़ता है। अखाड़े के साधु-महात्मा महिला के घर और उसके पिछले जीवन के बारे में जांच पड़ताल करते हैं और इन सबके बाद गुरू के इस बात से संतुष्ट होने पर कि अमुक महिला ब्रह्मचर्य का पालन कर सकती है तभी उसे दीक्षा दी जाती है।



**पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न होती है प्रक्रिया** : महंत दिव्या गिरी बताती हैं कि, संन्यास लेने वाली संन्यासिनियों को उनके इच्छा के अनुसार अखाड़ा चुनना होता है और उसी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर उन्हें दीक्षा देते हैं। उन्होंने बताया, पूर्व में संन्यास धारण किये महिलाओं सन्यासियों का पूरे विधि-विधान से अखाड़ों की परंपरा के अनुसार मुंडन कराया गया। इसके बाद उन्हें गोमूत्र, दही, भस्म, गोबर, चंदन और हल्दी दशविधि से स्नान कराया गया। उसके बाद इन सभी लोगों को गंगा में स्नान कराया गया। इस प्रक्रिया के बाद इन नागा संन्यासिनियों के साथ विजया हवन संस्कार हुआ।

**गंगा में 108 बार डुबकी** : महंत दिव्या गिरी बताती हैं कि संन्यासी बनने से पहले यह साधु बनती हैं। इन्हें पंच दीक्षा दी जाती है। पांच महिला गुरु होती हैं। इसमें एक गुरु रुद्राक्ष, दूसरा कपड़ा, तीसरा विभूति, चौथा चोटी काटेगा और पांचवा लंगोटी देती हैं। इस प्रक्रिया के तीन वर्ष के बाद ही इन सबको संन्यासी बनाया जाता है। 24 घंटे तक इन्हें कठिन परीक्षा से गुजरना पड़ता है। परंपरा अनुसार रात्रि में गंगा में 108 बार डुबकी लगाने के बाद अन्य परंपराएं आगे बढ़ती हैं।

**जूना अखाड़े ने मातृ शक्ति को दी नई पहचान** : अखाड़े में नारी शक्ति को पहचान दिलाने में श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा अग्रणी है। महाकुम्भ के पहले जूना अखाड़े की संतो के संगठन माई बाड़ा को नया सम्मानित नाम दिया गया संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना। आधी आबादी के इस प्रस्ताव पर अब मुहर लगा दी गई है। महिला संत दिव्या गिरी बताती हैं कि महिला संतों ने संरक्षक महंत हरि गिरि से इसकी मांग की गई थी। उन्होंने महिला संतों से ही नए नाम का प्रस्ताव देने के लिए कहा था। महंत हरि गिरि ने इसे स्वीकार कर लिया है। इस बार मेला क्षेत्र में इनका शिविर दशनाम संन्यासिनी श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के नाम से ही लगाया गया है।

**उच्च शिक्षिति महिलाओं ने चुनी संन्यास की राह** : सनातन धर्म में वैराग्य या संन्यास के कई कारण बताए गए हैं जिनकी वजह से गृहस्थ या आम इंसान वैराग्य में प्रवेश करता है। परिवार में कोई दुर्घटना, या आकस्मिक सांसारिकता से मोह भंग या फिर अध्यात्म अनुभूति इसके कारण हो सकते हैं। महंत दिव्या गिरी बताती हैं कि, इस बार जिन महिलाओं ने दीक्षा संस्कार लिया है, उसमें हाई क्वालिफाइड नारियों की संख्या अधिक है जो आध्यात्मिक अनुभूति के लिए संस्कार दीक्षित हो संन्यासी बनी हैं।

**महाकुम्भ में 8500 ने चुनी संन्यास की राह** : महाकुम्भ में 28 जनवरी तक कुल 8495 नागा संन्यासी बनाए जा चुके हैं। इसमें जूना अखाड़ा में 4500 संन्यासी, 2150 संन्यासिनी, महानिर्वाणी में 250, निरंजनी में 1100 संन्यासी और 150 संन्यासिनी शामिल हैं। इसके अलावा अटल में 85 संन्यासी, आवाहन में 150, और बड़ा उदासीन में 110 संन्यासी बनाए गए हैं। संन्यास लेने वालों में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और बिहार की महिलाएं और पुरुष शामिल हैं।

## दिल्ली/बिहार/उत्तराखण्ड/पंजाब

# हिन्दू घटा तो देश की पहचान के लिए भी संकट : डॉ. सुरेन्द्र जैन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

महाकुम्भ नगर । विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के केंद्रीय प्रन्यासी मंडल बैठक के द्वितीय सत्र में पारित एक प्रस्ताव में कहा गया है कि हिन्दुओं की घटती जनसंख्या दर, हिन्दू परिवारों के विखंडन, लिव इन संबंध, युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति चिंतनीय है। इसमें देश की युवा पीढ़ी से कहा गया है कि ये समस्याएं हिन्दू समाज के लिए चुनौती बन गई हैं जिनका जवाब उन्हें देना होगा। विहिप के संयुक्त महामंत्री डॉ. सुरेंद्र जैन ने शुक्रवार को प्रयागराज में पत्रकार वार्ता में कहा कि देश के सामने आने वाली हर चुनौती का हिन्दू युवा शक्ति ने हमेशा जवाब दिया है। जनसंख्या असंतुलन हिन्दू समाज के अस्तित्व के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। हिन्दुओं की घटती हुई जनसंख्या बहुआयामी प्रभाव निर्माण करती है। हिन्दू इस देश की पहचान है। अगर हिन्दू घटा तो देश की पहचान और अस्तित्व के लिए भी संकट के बादल छा जाएंगे। इस स्थिति को रोकने के लिए हिन्दू युवाओं को आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा कि देरी से विवाह और उज्जवल भविष्य की भ्रामक अवधारणाओं के मकड़ जाल के कारण भी हिन्दू दंपतियों के बच्चे कम हो रहे हैं। विहिप ने आह्वान किया कि 25 वर्ष की उम्र में विवाह करना आज की आवश्यकता है। डॉ जैन ने बताया कि कई वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह सिद्ध किया है कि यदि बच्चों का संपूर्ण विकास करना है तो प्रत्येक परिवार में दो या तीन बच्चे आवश्यक होने चाहिए। प्रस्ताव में कहा गया है कि आज हिन्दू संस्कारों के अभाव में परिवार संस्था पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

# भारतीय रेलवे की लंबी छलांग, वंदे भारत स्लीपर ट्रेन तैयार, जल्द दौड़ेगी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




नई दिल्ली। आजादी के अमृत महोत्सव की धूम के बीच भारतीय रेलवे ने लंबी छलांग लगाने के लिए कमर कस ली है। लंबी दूरी की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन दौड़ने के लिए तैयार है। यह भारतीय रेलवे के सबसे तेजी से बढ़ते बेड़े का अत्याधुनिक संस्करण है। यह जानकारी भारत सरकार के पत्र एवं सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में दी गई है। पीआईबी की विज्ञप्ति में बताया गया है कि विश्वस्तरीय, हाईस्पीड स्लीपर ट्रेन का सपना अब हकीकत बन चुका है। पहली 16 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने 15 जनवरी को मुंबई-अहमदाबाद खंड में 540 किलोमीटर की दूरी के लिए अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के कठोर परीक्षण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इंटीग्रल कोच फैक्टरी चेन्नई ने पिछले साल 17 दिसंबर को भारत की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का निर्माण पूरा किया। एक पखवाड़े के भीतर ट्रेन को कोटा डिवीजन में लाया गया और पिछले महीने के पहले सप्ताह में लगातार तीन दिन तक 30 से 40 किलोमीटर की छोटी दूरी के लिए सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया। इसने 180 किलोमीटर प्रति घंटे की उच्च गति से आरामदायक यात्रा का अनुभव हासिल किया। वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें आने वाले दिनों में लोगों को रातभर की यात्राओं की नई परिभाषा देने के लिए तैयार हैं। विज्ञप्ति के अनुसार, इस साल अप्रैल से दिसंबर के बीच नौ और वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट का उत्पादन निर्धारित है। ये ट्रेनें लंबी दूरी के यात्रियों के लिए दक्षता और सुविधा के मामले में नए मानक स्थापित करेंगी। इस स्लीपर ट्रेन को पहली बार उपलब्ध कराने के लिए भारतीय रेलवे ने 17 दिसंबर 2024 को 24 डिब्बों की वंदे भारत स्लीपर ट्रेन सेट के 50 रेक के लिए प्रोपल्शन इलेक्ट्रिक्स का एक बड़ा ऑर्डर दिया है। यह ऑर्डर दो प्रमुख भारतीय निर्माताओं को दिया गया है। जिसके दो साल की समय सीमा में तैयार होने की संभावना है। मेसर्स मेधा 33 रेकों के लिए प्रोपल्शन प्रणाली की आपूर्ति करेगी। मेसर्स अलस्टॉम 17 रेकों के लिए प्रोपल्शन प्रणाली की आपूर्ति करेगा। भविष्य की ओर देखते हुए 24 डिब्बों वाली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का पूरे पैमाने पर उत्पादन 2026-27 में शुरू होगा। इससे रेलवे प्रौद्योगिकी में भारत की आत्मनिर्भरता और मजबूत होगी।

पीआईबी के अनुसार, इन वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों को स्वचालित दरवाजों, बेहद आरामदायक बर्थ, ऑन बोर्ड वाई फाई और विमान जैसी सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। भारत में यात्री पहले से ही मध्यम और छोटी दूरी पर देश भर में चलने वाली 136 वंदे भारत ट्रेनों के माध्यम से रिक्लाइनिंग सीटों और विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव का आनंद ले रहे हैं। वंदे भारत स्लीपर के साथ, यात्री विश्वस्तरीय सुविधाओं और उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस एक शांत, सुगम और अधिक आरामदायक यात्रा की उम्मीद कर सकते हैं। मेक इन इंडिया पहल के तहत डिजाइन और निर्मित, यह ट्रेन भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और रेल यात्रा में बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। विज्ञप्ति के अनुसार, ट्रेन में 16 डिब्बे हैं। इन्हें तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है- एसी प्रथम श्रेणी, एसी 2-टियर और एसी 3-टियर। ट्रेन की कुल क्षमता 1,128 यात्रियों की है। क्रैश बफर्स, विरूपण ट्यूब और अग्नि अवरोधक दीवार है। स्वचालित दरवाजे, गद्देदार बर्थ और ऑनबोर्ड वाई फाई है। देश की पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के परिचालन से पहले, अनुसंधान डिजाइन एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) ट्रायल रन का विश्लेषण करने के बाद अंतिम प्रमाणपत्र जारी करेगा। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ट्रेन की अधिकतम गति का मूल्यांकन करेंगे।

# कपूरथला में हथियारों के सार्वजनिक प्रदर्शन पर पूर्ण प्रतिबंध

**फगवाड़ा।** पंजाब में कपूरथला के जिला मजिस्ट्रेट-सह-उपायुक्त अमित कुमार पंचाल ने सार्वजनिक स्थानों पर आग्नेयास्त्रों के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह प्रतिबंध सोशल मीडिया पर भी लागू है। शुक्रवार को जारी आदेश के अनुसार, हथियारों या हिंसा का महिमामंडन करने वाले गानों पर भी पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा, सार्वजनिक समारोहों, धार्मिक स्थलों, शादियों या अन्य कार्यक्रमों में हथियार ले जाना या प्रदर्शित करना सख्त वर्जित है। आदेश में किसी भी समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण पर भी रोक लगाई गई है। इन प्रतिबंधों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) और जिले के सभी उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को इन प्रतिबंधों को लागू करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# मसूरी की पहली महिला नगर पालिका अध्यक्ष बनीं मीरा सकलानी, मंत्री गणेश जोशी ने दी शुभकामनाएं

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




मसूरी। नगर पालिका परिषद मसूरी की नवनिर्वाचित अध्यक्ष मीरा सकलानी और पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह शुक्रवार को मसूरी टाउन हॉल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) अजेय कुमार और राजपुर विधायक खजान दास उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नव निर्वाचित अध्यक्ष मीरा सकलानी को पदभार ग्रहण करने पर भी बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मसूरी के लिए गर्व का क्षण है कि पहली बार कोई महिला नगर पालिका अध्यक्ष बनी हैं। यह उपलब्धि नारी सशक्तिकरण और जन विश्वास की जीत को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह विश्वास डबल इंजन सरकार और पार्टी के प्रति जनता की उम्मीदों को भी दर्शाता है। उन्होंने भाजपा पर भरोसा जताने के लिए मसूरीवासियों का आभार भी व्यक्त किया। मंत्री ने मसूरी के विकास को प्राथमिकता देने का संकल्प लिया और कहा कि हम सभी मिलकर मसूरी को विश्व के मानचित्र पर एक नई पहचान दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि नई नगर पालिका टीम के नेतृत्व में मसूरी विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करेगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मन मोहन सिंह मल्ल, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, मंडल अध्यक्ष राकेश रावत, मोहन पेटवाल, रजत अग्रवाल, ओपी उनियाल एवं नव निर्वाचित सभासदगण सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# बिजली क्षेत्र के कामकाज में हस्तक्षेप और पार्टी फंड की मांग स्वीकार्य नहीं: पीएसईबीईए

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटियाला। पीएसईबी इंजीनियर्स एसोसिएशन के महासचिव अजयपाल सिंह अटवाल ने शुक्रवार को पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिखकर कहा है कि कुछ प्रभावशाली राजनीतिक व्यक्ति अपने प्रभाव का दुरुपयोग करके बिजली निगमों के कामकाज में हस्तक्षेप कर रहे हैं और पार्टी फंड के नाम पर पैसे मांग रहे हैं। अटवाल ने कहा कि जवाबदेही और न्याय सुनिश्चित करने के लिए पार्टी फंड की घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच जाए। उन्होंने कहा कि पंजाब के बिजली क्षेत्र के कामकाज में हस्तक्षेप और राजनेताओं द्वारा पार्टी फंड की मांग स्वीकार्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि चौंकाने वाली और अभूतपूर्व घटना के रूप में होशियारपुर में एक इंजीनियर को तथाकथित पार्टी फंड का भुगतान करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यह भी बताया जा रहा है कि विजिलेंस ब्यूरो ने पीएसपीसीएल के डिप्टी चीफ इंजीनियर होशियारपुर और लाइनमैन को 50,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता ने कहा कि डिप्टी सीई ने पार्टी फंड के नाम पर 50,000 रुपये की रिश्वत मांगी। विजिलेंस विभाग पंजाब इस घटना की जांच कर रहा है। बिजली इंजीनियरों से ''पार्टी फंड'' की यह ज़बरदस्ती मांग एक ख़तरनाक नया निचला स्तर है। इस तरह की ज़बरदस्ती न केवल नैतिक और कानूनी मानदंडों का उल्लंघन करती है, बल्कि एक ख़तरनाक मिसाल भी बनाती है, जहां ईमानदार अधिकारियों को उनकी ईमानदारी के लिए दंडित किया जाता है, वहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जाता है।

# आतंकी गुलदार को वन विभाग ने पकड़ा, लोगों ने ली राहत की सांस


**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



**हरिद्वार।** जनपद के लालढांग क्षेत्र में पिछले कई दिनों से आतंक मचा रहे गुलदार को आखिरकार वन विभाग की टीम ने काबू कर लिया है। वन प्रभाग की टीम ने चमरिया गांव के पास से गुलदार का रेस्क्यू किया। रेस्क्यू करने के बाद गुलदार को चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। बता दें कि पिछले कई दिनों से यह गुलदार लालढांग क्षेत्र की आबादी वाले इलाकों में घुस रहा था, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल था। चरमिया गांव के गन्ने के खेतों में गुलदार का दौड़ते हुए वीडियो कुछ लोगों ने बनाया। जहां-जहां गुलदार भाग रहा था, वहां लोगों के चीखने पुकारने की आवाजें आ रही थी। वीडियो में गुलदार ने लोगों को घंटों दौड़ाया। लेकिन वन विभाग की टीम ने जोर आजमाइश के बाद गुलदार को काबू कर लिया। पहले गुलदार को ट्रेंकुलाइज किया गया। फिर गन्ने के खेत में जाल डालकर पकड़ लिया गया। गुलदार को रेस्क्यू करने के बाद चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटर भेजा गया है। यहां कुछ दिन परीक्षण के बाद उसे फिर से जंगल में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग की टीम को कई दिन पहले गुलदार के होने की शिकायत मिली थी। जिसके बाद उच्च अधिकारियों से स्वीकृति मिलने के बाद गुलदार को घेर लिया। चिड़ियापुर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी हरीश गैरोला का कहना है कि आठ वर्षीय यह नर गुलदार पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बना हुआ था। तीन दिन पूर्व इसके रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एक वन कर्मी भी घायल हुआ था। आज कड़ी मेहनत के बाद इसे काबू कर लिया गया है। वहीं गुलदार के पकड़े की जाने के बाद ग्रामीणों ने वन विभाग का धन्यवाद करते हुए राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि लगातार यह गुलदार क्षेत्र में आतंक मचाए हुए था। आज जब वन विभाग ने इसे पकड़ा है, तो अब क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# शांतिकुंज के रोहित ने राष्ट्रीय खेल में जीता स्वर्ण

हरिद्वार। इन दिनों उत्तराखण्ड में 38वें राष्ट्रीय खेल का आयोजन हो रहा है। इसमें योगासना टीम इवेंट (दशावतार थीम) में शांतिकुंज के रोहित यादव ने स्वर्ण पदक जीतकर हरिद्वार का नाम रोशन किया। रोहित का सपना एशियन गेम्स में भारत के लिए स्वर्ण जीतना है। शांतिकुंज लौटने पर संस्था की अधिष्ठात्री शैलदीदी से रोहित यादव ने भेंटकर आशीर्वाद लिया। शैलदीदी ने रोहित को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रोहित का स्वर्ण पदक जीतना केवल उसकी कड़ी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि शांतिकुंज की प्रेरणा का भी प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें और आगामी खेलों में भी सफलता प्राप्त करें, शांतिकुंज हरिद्वार का नाम रोशन करें। रोहित ने कहा कि डॉ. प्रणव पण्ड्या, शैलदीदी और देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या और मेरे योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से ही सतत अपने सपनों को साकार करने में मदद मिल रही है। रोहित के पिता रविन्द्र यादव (शांतिकुंज कार्यकर्ता) भी योग प्रशिक्षक हैं और शांतिकुंज में योग साधकों को प्रशिक्षण देते हैं। उन्होंने बताया कि रोहित दो वर्ष की आयु से ही योगाभ्यास कर रहा है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063